सूर्योदय 7:13 सूर्यास्त 5:53

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.6 न्यू | 12.0 अधि |
| धर्मशाला | 4.9 न्यू | 18.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76520.38 |
| निफ्टी | 23205.35 |
| सोना 82,090 | चांदी 92,875 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



चार्ली डीन की खूबसूरत अदा

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 24 जनवरी 2025 | 11 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 27, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### फिल्मकार राम गोपाल को तीन महीने की सजा




**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने चेक बाउंस मामले में फिल्मकार राम गोपाल वर्मा को तीन महीने की सजा सुनाई है और उनके खिलाफ एक गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अंधेरी में न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) वाई पी पुजारी ने वर्मा को परक्राम्य लिखत अधिनियम के प्रावधानों के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया।

### सांसद राशिद की याचिका पर एनआईए से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में जम्मू-कश्मीर के सांसद राशिद इंजीनियर की जमानत याचिका पर एनआईए स जवाब मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 30 जनवरी को होगी। सांसद की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एन. हरिहन ने दलील दी कि उनकी जमानत याचिका काफी समय से निचली अदालत में लंबित है और उन्होंने हाईकोर्ट से आग्रह किया कि या तो वह इसका शीघ्र निपटारा करे या मामले पर खुद ही फैसला करे।

### भूकंप से दो बार डोली फिलीपींस की धरती



**मनीला।** फिलीपींस में दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.4 और 5.9 मापी गई। ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान ने बताया कि भूकंप का केंद्र समुद्र तल में 10 किलोमीटर (6 मील) की गहराई पर था और इसका केंद्र लेयटे प्रांत के सैन फ्रांसिस्को शहर के पास था। पुलिस प्रमुख बार्नी कैटिंग ने बताया कि भूकंप के झटके काफी जोरदार थे और देश में काफी नुकसान हुआ है।

### ओला और उबर को नोटिस, मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कैब एग्रिग्रेटर ओला और उबर से एंड्रायड और आईओएस पर एक ही जगह के लिए अलग-अलग किराया दिखाए जाने को लेकर नोटिस जारी किया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने सवारी बुक करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मोबाइल डिवाइस के आधार पर कथित रूप से अलग-अलग मूल्य निर्धारण की रिपोर्ट पर स्पष्टीकरण मांगा है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने यह कार्रवाई रिपोर्टों के बाद की गई है, जिनमें कहा था कि ओला और उबर एक ही जगह के लिए अलग-अलग किराया वसूलते हैं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- राहुल गांधी का बयान देश के खिलाफ जंग का ऐलान: जयराम -पेज 3
- ट्रैक्टर मालिकों ने सरकार, पुलिस प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा -पेज 4
- एक माह में 22 युवाओं की नशे से मौत -पेज 9
- भारत में अब 99.1 करोड़ मतदाता, डाटा जारी -पेज 13
- रणजी ट्रॉफी में भी फ्लॉप टीम इंडिया के धुरंधर बल्लेबाज -पेज 14

# ढगवार मिल्क प्लांट से 5 जिले होंगे लाभान्वित : सीएम

## सुक्खू ने 225 करोड़ की लागत से बनने वाले प्लांट की रखी आधारशीला

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को धर्मशाला के ढगवार में 225 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक मिल्क प्लांट की आधारशीला रखी। उन्होंने कहा कि संयंत्र की प्रारंभिक प्रसंस्करण क्षमता 1.50 एलएलपीडी है, जिसे भविष्य में 3 एलएलपीडी तक बढ़ाया जा सकता है। ढगवार दूध प्रसंस्करण संयंत्र चालू होने के बाद कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, चंबा और ऊना जिलों के किसान लाभान्वित होंगे। इस संयंत्र का 35,000 से अधिक दूध उत्पादकों को लाभ होगा। दूध उत्पादकों की आय बढ़ाने के अलावा यह संयंत्र दूध संग्रह, प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण और वितरण में रोजगार के अवसर पैदा करेगा। इस प्लांट के निर्माण के लिए पूरा धन सरकार की ओर से उपलब्ध करवाया जा रहा है, जो फरवरी 2026 तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रोसेसिंग प्लांट चालू होने के बाद किसानों को प्रतिदिन 40 लाख रुपए का भुगतान प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि दूध की दरों में वृद्धि के बाद मिल्कफेड की दैनिक दूध खरीद 1,40,000 लीटर से बढ़कर 2,10,000 लीटर हो गई है। उन्नत दूध प्रसंस्करण संयंत्र में प्रतिदिन 1.50 लाख लीटर दूध का प्रसंस्करण होगा, जिससे दही, लस्सी, मक्खन, घी, पनीर, फ्लेवर्ड मिल्क, खोया और मोजरेला पनीर सहित विभिन्न प्रकार के डेयरी उत्पाद तैयार होंगे। (अनंत ज्ञान)



ढगवार में मिल्क प्लांट की आधारशीला रखते सीएम सुक्खू।

**संयंत्र का 35,000 से अधिक दूध उत्पादकों को होगा लाभ**

### बोले- हिमाचल को बनाएंगे समृद्ध राज्य

**सुक्खू** ने कहा कि राज्य सरकार पिछले दो साल से हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर और देश के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। पहली बार है कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से उत्पादित 4,000 मीट्रिक टन मक्का 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीदा गया है और अगले सीजन से गेहूं 40 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीदा जाएगा।

### धर्मशाला में आज होगी कैबिनेट बैठक

**मुख्यमंत्री** सुक्खू की अध्यक्षता में शुक्रवार को धर्मशाला में मंत्रिमंडल बैठक होगी। बैठक में होम स्टे पॉलिसी पर मुहर लग सकती है। मंत्रिमंडलीय उप समिति की तरफ से सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं और अब मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलना बाकी है। नई होम स्टे पॉलिसी में प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में चल रहे बैड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी ) का पंजीकरण करवाना अनिवार्य किया जाएगा, क्योंकि प्रदेश सरकार के पास इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है बीएंडबी के लिए केंद्र सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण के बाद संचालक मनमाने तरीके से कमरों का किराया वसूल कर रहे हैं। नए संस्थानों को खोलने के अलावा अन्य घोषणाओं को मंजूरी मिल सकती है। विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने पर भी बैठक में निर्णय लिए जाने की संभावना है।

**होम स्टे पॉलिसी पर लग सकती है मुहर**

# सीयू मसले पर सुक्खू की जनसभा के पास भाजपा ने किया हंगामा

## भवन निर्माण के लिए 30 करोड़ जमा न करवाने पर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**दाड़ी** में मुख्यमंत्री सुक्खू की जनसभा के नजदीक वीरवार को धर्मशाला भाजपा मंडल ने केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू) मसले पर विरोध-प्रदर्शन किया। सुक्खू सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सभी मैदान से मार्ग पर डट गए। धर्मशाला भाजपा मंडल के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सीयू भवन निर्माण को लेकर 30 करोड़ रुपए जल्द जमा करवाने के लिए सीएम को ज्ञापन सौंपना था। मुख्यमंत्री का काफिला जैसे ही सभा स्थल तक पहुंचा, तो सीएम उनसे कन्नी काटते हुए आगे बढ़ गए और पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

मुख्यमंत्री के अनदेखी करने पर भाजपा नेता सभा स्थल के साथ ही विरोध में बैठ गए, साथ ही नेताओं व कार्यकर्ताओं ने वहीं पर लोगों से सीयू भवन निर्माण के लिए चंदा एकत्रित करना शुरू कर दिया। इस दौरान सुक्खू सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं, दुकानों में जाकर व लोगों से चंदा मांगा। पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया को-ऑडिनेटर एवं प्रदेश भाजपा के मीडिया सह प्रभारी विश्व चक्षु, भाजपा नेता सुभम सूद ने कहा कि दो साल बीत जाने के बाद भी प्रदेश की सुक्खू सरकार अभी तक 30 करोड़ रुपए जमा नहीं करवा पाई है।

उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चाहती धर्मशाला में सीयू भवन का निर्माण कार्य शुरू हो। बार-बार मुख्यमंत्री 30 करोड़ जमा करवाने के सवाल को टाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला के लिए प्रदेश की ओर से 30 करोड़ रुपए न देने के कारण केंद्र सरकार से आए हुए 250 करोड़ रुपए अधर में लटके हुए हैं। प्रदेश सरकार ने देहरा की एक विधानसभा क्षेत्र के लिए 300 करोड़ विकास के लिए दे दिए, लेकिन हिमाचल में भी कई जगह करोड़ों रुपए के विकास हो रहे हैं, लेकिन सीयू के लिए 30 करोड़ रुपए न देकर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

**दुकानों में जाकर मांगा चंदा**

### युवाओं के भविष्य को चौपट कर रही सरकार

**भाजपा** मंडल नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के भविष्य को चौपट करने में लगी है। जनता से झूठे वादे करने में मुख्यमंत्री खूब जोर लगा रहे हैं। सरकार युवा पीढ़ी को अंधकार में धकेलने का काम कर रही है, जो बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अब भाजपा जनता से पैसे एकत्रित कर जमा करेगी, ताकि सीयू का निर्माण कार्य शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कांगड़ा की तस्वीर बदलने की बातें कर रहे हैं, जबकि सीयू पर मीडिया के सवालों को टाल रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक में किया ऐलान

# पहली मेड इन इंडिया चिप इस साल होगी लांच

**एजेंसी, दावोस**

**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहले मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर सिलिकॉन चिप इसी साल लांच होगी। यह ऐलान दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच की बैठक में किया। पहले चिप को दिसंबर 2024 में लांच करने की योजना थी, जिसकी घोषणा पिछले साल जनवरी में दावोस सम्मेलन में की गई थी।

वैष्णव ने बताया कि भारत के सेमीकंडक्टर कार्यक्रम को लेकर इंडस्ट्री में बड़ा भरोसा है। उन्होंने कहा कि हमारी पहली 'मेड इन इंडिया' चिप इस साल आएगी। अब हमारा फोकस अगले चरण पर है, जिसमें हम उपकरण निर्माताओं, सामग्री निर्माताओं और डिजाइनरों को भारत में लाना चाहते हैं। सेमीकंडक्टर निर्माण में उपयोग होने वाले मटेरियल्स की शुद्धता को और बढ़ाने की जरूरत है। हमें पार्ट्स पर मिलियन शुद्धता से पार्ट्स पर बिलियन शुद्धता तक पहुंचना होगा। इसके प्रोसेस में बड़े बदलाव की जरूरत है, और इंडस्ट्री इस पर तेजी से काम कर रही है।



### क्या है सेमीकंडक्टर चिप

**सेमीकंडक्टर** चिप सिलिकॉन से बनी होती है और सर्किट में इलेक्ट्रिसिटी कंट्रोल करने के काम आती है। यह चिप एक दिमाग की तरह इन गैजेट्स को ऑपरेट करने में मदद करती है। इसके बिना हर एक इलेक्ट्रॉनिक आइटम अधूरा है। कंप्यूटर, लैपटॉप, कार, वॉशिंग मशीन, एटीएम, स्मार्टफोन तक सेमीकंडक्टर चिप पर ही काम करते हैं।

# हिमाचल की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी

## हिमपात के बाद अटल टनल से वापस भेजे वाहन, प्रदेशभर में चार दिन साफ रहेगा मौसम

**टीम, शिमला/केलांग**

**प्रदेश** में मौसम ने करवट बदल ली है। शिमला जिले के कुफरी, नारकंडा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिले की ऊंचाई वाली चोटियों पर हल्की हल्की बर्फबारी हुई। अटल टनल रोहतांग के दोनों छोर पर भी बर्फ के फाहे गिरे। बर्फबारी से निचले क्षेत्रों में दिनभर ठंडी हवाओं का दौर जारी रहा।

रोहतांग व अटल टनल के दोनों छोर सहित सभी ऊंची चोटियों में दोपहर एक बजे के बाद बर्फबारी का दौर शुरू हो गया। कोकसर, कुठ बिहाल, नार्थ पोर्टल व सिस्सू में सहित मनाली के फातरु, अंजनी महादेव, सोलंगनाला, मढ़ी व रोहतांग में भी बर्फबारी हुई है। अटल टनल के दोनों ओर पर्यटकों ने बर्फबारी का खूब आनंद उठाया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि आज सभी पर्यटक वाहनों को धुंधी व अटल टनल तक भेजा गया। बर्फ के फाहे गिरते देख पर्यटकों को दोपहर बाद मनाली वापस भेज दिया। अटल टनल की ओर पर्यटक वाहनों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी। मौसम विभाग शिमला के अनुसार, 24 से 27 जनवरी तक प्रदेशभर में मौसम साफ रहेगा। कई शहरों का पारा बीते 24 घंटे में ही 9 डिग्री तक बढ़ा है। केलांग का तापमान नॉर्मल से 13.1 डिग्री ज्यादा हो गया है।



**पर्यटकों ने उठाया बर्फबारी का आनंद**

# पत्नी की बॉडी के टुकड़े कर कुकर में उबालकर झील में फेंके

**एजेंसी, हैदराबाद**

**तेलंगाना** में सेना से रिटायर्ड एक शख्स ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद सुबूत मिटाने लाश के छोटे-छोटे टुकड़े किए और प्रेशर कुकर में उबालकर झील में फेंक दिया। दावा किया जा रहा है कि हड्डियों से मांस अलग करने के लिए आरोपी ने उन्हें मूसल से कुचला था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रंगारेड्डी जिले के मीरपेट के डीएसपी नागराजू ने बताया कि 18 जनवरी को सुबम्मा नामक एक महिला ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि उसकी बेटी माधवी (35) की 13 साल पहले गुरुमूर्ति के साथ शादी हुई थी। गुरुमूर्ति सेना का रिटायर्ड कर्मचारी है। फिलहाल वह कंचनबाग में सुरक्षा गार्ड का काम करता है। रंगारेड्डी जिले के डीसीपी एलबी नागर ने बताया कि जिल्लेलागुडा में एक 35 साल की महिला के लापता होने का मामला उसकी मां ने दर्ज कराया था। मामले में पति खुद दावा कर रहा है कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की है। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

**आरोपी सेना से रिटायर्ड**

### फुल ड्रेस रिहर्सल



दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। तीनों सेनाओं के जवानों ने अपने शौर्य के प्रतीक हथियारों और वाहनों के साथ भाग लिया।

### मनाली में युवक की हत्या करने वाला युवक काबू

**कुल्लू।** मनाली में विंटर कार्निवाल के दौरान युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ जारी है। एसपी डॉ. गोकुल चंद्र कार्तिकेयन ने बताया कि बुधवार रात को मनु रंगशाला में दो युवकों के बीच पहले बहस हुई और उसके बाद एक युवक ने किसी तेजधार कांच से दक्ष के गले पर वार किया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। आरोपी हत्या के बाद फरार हो गया, जिसे पुलिस ने थोड़ी देर बाद गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि कि मामले की छानबीन जारी है, इस मामले में किसी और की भी संलिप्तता पाई गई, तो उस पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी।

**पराक्रम दिवस** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुभाष चंद्र बोस को दी श्रद्धांजलि, सेंट्रल हॉल में स्टूडेंट्स से मिले

# मोदी ने बच्चों से पूछा, खाने का डिब्बा लाए हो...

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीरवार को सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम संसद के सेंट्रल हॉल में स्कूल स्टूडेंट्स से मिले और उनसे बातचीत की। मोदी ने बच्चों से पूछा कि खाने का डिब्बा लेकर आए हो या नहीं।

बच्चों के मना करने पर पीएम हंसकर बोले बताओ तो मैं खाऊंगा नहीं। इसके अलावा बच्चों को सूर्योदय योजना के बारे में समझाया और बताया कि यह कैसे क्लाइमेट चेंज के खिलाफ है। उन्होंने बच्चों से 2047 तक का लक्ष्य पूछा। बच्चों ने बताया कि 2047 तक देश को विकसित बनाना है। पीएम ने बच्चों के साथ जय हिंद के नारे भी लगाए। पीएम ने बच्चों से 3:27 मिनट की बातचीत का 'एक्स' पर शेयर किया। बच्चों से बोस, देश के विजन को लेकर सवाल किए। पीएम ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में नेताजी का योगदान अद्वितीय है। वह साहस और धैर्य के प्रतीक हैं। उनका दृष्टिकोण हमें प्रेरित करता है और हम उस भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना की थी।



### 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए एकजुट रहना होगा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने लोगों से 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया और उन्हें देश को कमजोर करने और इसकी एकता को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों से आगाह भी किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर ओडिशा के कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। मोदी ने कहा कि नेताजी का जीवन लोगों के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि नेताजी ने आराम का क्षेत्र छोड़ने का विकल्प चुना और देश की आजादी के लिए संघर्ष करना पसंद किया। नेताजी कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। हमें खुद को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाना है और उत्कृष्टता को चुनना ही है, दक्षता पर ध्यान केंद्रित करना है। नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया और इसमें देश के हर क्षेत्र व हर वर्ग के लोग शामिल थे, जिनकी भाषाएं अलग-अलग थीं, लेकिन भावना एक थी और वह थी देश की आजादी।

# रूस ने यूक्रेन में 'बेतुका युद्ध' समाप्त नहीं किया तो शुल्क और प्रतिबंध लगेंगे : ट्रंप

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन में 'बेतुके युद्ध' को समाप्त करने को कहा है। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि रूस यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को खत्म करे या फिर अत्यधिक शुल्क और आगामी प्रतिबंधों का सामना करने के लिए तैयार रहे।

अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में 20 जनवरी को शपथ लेने वाले ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन का नाम लिया और कहा कि उनके एवं पुतिन के बीच हमेशा अच्छे संबंध रहे हैं, लेकिन अब इस 'बेतुके युद्ध' को खत्म करने का समय आ गया है।' ट्रंप ने कहा कि वह रूस के खिलाफ कुछ कड़े कदम उठाने पर विचार कर रहे हैं और चाहते हैं कि युद्ध में और लोगों की जान नहीं जाए। ट्रंप ने कहा कि आइए इस युद्ध को खत्म करते हैं, जो मेरे राष्ट्रपति रहते कभी शुरू ही नहीं होता। हम इसे आसान या कठिन तरीके से कर सकते हैं और आसान तरीका हमेशा बेहतर होता है। उन्होंने कहा कि अब 'समझौता करने' का समय आ गया है। अब और लोगों की जान नहीं जानी चाहिए।

### ऐलान : एच-1बी वीजा बंद नहीं होगा

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा पर भारतीयों के लिए बड़ी राहत का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि यह वीजा बंद नहीं होंगे। अमेरिका को टैलेंट की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ इंजीनियर ही नहीं चाहिए, अन्य जॉब्स के लिए भी बेस्ट प्रोफेशनल्स आने चाहिए। ये अमेरिकियों को ट्रेनिंग भी देंगे। एच-1बी पर जारी बहस को लेकर पूछे गए सवाल पर ट्रंप ने कहा कि मैं पक्ष-विपक्ष के तर्कों को लेकर सहमत हूं। अभी अमेरिका को जो टैलेंट चाहिए, वह इस वीजा प्रोग्राम से ही मिल सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री होंगे गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर अणू के मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने बताया कि पहले इस समारोह में उद्योग, श्रम एवं रोजगार और संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान के शामिल होने का कार्यक्रम था, लेकिन सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आंशिक रूप से संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब हमीरपुर में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर होंगे। राहुल चौहान ने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के लिए प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल भी आरंभ कर दी गई है।

### 26 से पूर्व करवाएं बिजली बिलों का भुगतान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विद्युत उपमंडल भरेड़ी के अधीन आने वाले सभी उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि 26 जनवरी से पहले बिजली बिलों का भुगतान करें, अन्यथा उनकी बिजली सप्लाई बिना किसी पूर्व सूचना के काट दी जाएगी। जिन उपभोक्ताओं ने अपने बिजली मीटर की ई-केवाईसी नहीं करवाई है, वे सभी 15 फरवरी तक किसी भी कार्य दिवस में आकर इस कार्यालय में ई-केवाईसी करवा सकते हैं। यह जानकारी बिजली उपमंडल भरेड़ी के सहायक अभियंता ई. संजय कुमार ने दी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### नवोदय में खाली सीटों के लिए टेस्ट 8 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा में खाली सीटों को भरने के लिए पार्श्व प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी। विद्यालय के प्राचार्य विक्रम कुमार ने बताया कि नौवीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज और ग्यारहवीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा नवोदय विद्यालय डूंगरी में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के अभ्यर्थियों के रोल नंबर एवं एडमिट कार्ड वेबसाइट सीबीएसई आईटीएमएस. एनआईसी.इन से डाउनलोड किए जा सकते हैं। रोल नंबर एवं एडमिट कार्ड को डाउनलोड करने में अगर कोई दिक्कत हो तो जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### पीएनबी भरेड़ी ने महिला को दी पेंशन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत पीएनबी भरेड़ी ने सपना देवी का 3 लाख रुपए का मृत्यु दावा प्राप्त हुआ है। उनके पति विनोद का एक दुर्घटना में निधन हो गया था। विनोद ने पीएनबी मेटलाइफ द्वारा संचालित सिक्योर सेविंग अकाउंट विद इंश्योरेंस में खाता खुलवाया था। इस योजना के तहत सपना देवी को अगले 10 वर्षों तक 3,300 रुपए की मासिक पेंशन प्राप्त होगी। यह खाता पीएनबी भरारी शाखा (हमीरपुर सर्कल) में स्थित है। मृत्यु दावा प्रक्रिया के तहत शाखा ने सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच और सत्यापन किया। इसके बाद, दावा राशि का चेक शाखा प्रबंधक संदीप कुमार द्वारा सपना देवी को सौंपा गया। यह प्रक्रिया बैंक और बीमा कंपनी की समर्पित सेवाओं का उदाहरण है, जो ग्राहकों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

### शिक्षा खंड बिझड़ी में वार्षिक परीक्षाओं पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जौड़े अंब में शिक्षा खंड बिझड़ के समस्त स्कूलों के मुखियाओं की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। खंड परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने विभाग के निर्देशों व आगामी वार्षिक परीक्षाओं के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा जारी विभिन्न ग्रांटों को खर्च करने वाले निर्देशों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। मासिक समीक्षा बैठक के बाद 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जौड़े अंब के प्रधानाचार्य पृथ्वीराज शर्मा व अजमेर सिंह मुख्याध्यापक राजकीय उच्च विद्यालय वल्ह बिहाल के मुख्य अध्यापक को सम्मानित किया। स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य पीआर शर्मा ने मासिक समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी मुखियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया। समीक्षा बैठक में शिक्षा खंड बिझड़ के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च विद्यालय राजकीय माध्यमिक विद्यालय व राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के सभी मुखियों ने भाग लिया।

### रोपा में लोगों को बताई बैंक की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा कालेअंब ने नाबार्ड के सहयोग से ग्राम पंचायत कालेअंब गांव रोपा में बैंक वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में शाखा प्रबंधक ललित कुमार ने ग्रामीणों को किसान क्रेडिट कार्ड, स्वरोजगार ऋण, वाहन ऋण, गृह निर्माण ऋण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए भी प्रेरित किया, साथ ही बैंक की जमा योजनाओं की जानकारी भी साझा की। उन्होंने कैशलेस बैंकिंग की विभिन्न प्रक्रियाओं से भी अवगत करवाया तथा ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके भी बताए। इस शिविर में लगभग 50 लोगों ने भाग लिया।

### साइबर क्राइम से रहें सावधान : सुनील कुमार

**एसके ठाकुर, बड़सर।** ग्राहक जागरूकता पखवाड़े के दौरान राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण बैंक द्वारा प्रायोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि बैंक उपभोक्ताओं को साइबर क्राइम एवं धोखाधड़ी से बचाया जा सके। वीरवार को राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण बैंक द्वारा प्रायोजित द्वितीय साक्षरता शिविर के दौरान कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक बिझड़ी के सहयोग से बिजली बाजार में ग्राहक जागरूकता शिवर का आयोजन किया गया। इस दौरान शाखा प्रबंधक सुनील कुमार ने बैंक उपभोक्ता को जागृत करते हुए कहा कि आजकल फ्रॉड बहुत ज्यादा हो गया है, अगर कोई व्यक्ति टेलिफोनिक बैंक अकाउंट की जानकारी मांगता है या फिर ओटीपी मांगता है तो ऐसे लोगों को किसी भी जानकारी के बारे में अवगत ना करवाएं, ऐसे लोगों की पुलिस में शिकायत दर्ज करवाएं ताकि ग्रामीण लोगों के साथ किसी प्रकार की धोखाधड़ी न हो सके। उन्होंने बैंक की विभिन्न जमा योजनाओं ऋण योजनाएं कृषि संबंधी योजनाएं तथा एटीएम के बारे में लोगों को अवगत करवाया। इस अवसर पर कुसुम लता, स्मृति, ईशा कुमारी, ज्योति कुमारी, प्रियंका, रजत, रोहित कुमार, शिवानी चौधरी, कनिका ठाकुर, कविता देवी, भारती, नेहा चंदेल आदि उपस्थित रहीं।

### डीएवी में वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम आयोजित




**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में नौनिहालों के लिए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के विद्यार्थियों बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्कूल के प्रिंसीपल सुरजीत कुमार राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

### परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में छात्रों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानमंत्री द्वारा बोर्ड परीक्षा के छात्रों के परीक्षा के तनाव को दूर करने और छात्रों को प्रेरित करने के उद्देश्य से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसका इस वर्ष आठवां संस्करण है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य पर संपूर्ण भारत में लगभग 550 केंद्रीय विद्यालयों में एक साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक नोडल केंद्र पर 100 विद्यार्थी भाग लेंगे। विद्यालय के प्राचार्य सुनील चौहान ने बताया कि यह हमीरपुर और विद्यालय के लिए गर्व का समय है कि यह परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर को भी एक नोडल केंद्र बनाया गया है। नोडल केंद्र हमीरपुर में हमीरपुर जिले की कुल 11 विद्यालयों ने भाग लिया जिनमें पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय हमीरपुर के अलावा हमीरपुर पब्लिक स्कूल हमीरपुर, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हमीरपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लम्बलू, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय( लड़के) हमीरपुर, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नादौन, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर, एस. डी. पब्लिक स्कूल हमीरपुर, सुपर मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोटा, पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन विद्यालयों से कुल 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# महारल स्कूल के अध्यापकों ने असेंबली ग्राउंड को बना दिया पार्किंग का स्थल

## दिशा-निर्देशों की अवहेलना, अभिभावकों की शिकायत के बाद भी नहीं उठाया जा रहा कोई भी कदम

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

बड़सर के ढटवाल क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महारल स्कूल का असेंबली ग्राउंड गाड़ियों की पार्किंग का स्थान बनता जा रहा है। स्कूल में आने वाले अध्यापक लंबे समय से अपनी गाड़ियों को यहीं पार्क कर रहे हैं, जिससे बच्चों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल परिसर के बने इस ग्राउंड का उपयोग पहले बच्चों की शारीरिक गतिविधियों और असेंबली के लिए किया जाता था, लेकिन अब इसे पार्किंग के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

छात्रों और अभिभावकों ने कई बार विद्यालय प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन इसके बावजूद किसी प्रकार का सुधार नहीं हुआ। शिकायतों के बावजूद स्कूल प्रशासन ने इस मुद्दे पर ध्यान नहीं



स्कूल के असेंबली ग्राउंड में पार्क अध्यापकों की गाड़ियां, जिससे बच्चे परेशान हैं।

दिया और स्थिति जस की तस बनी है। कुछ समय पहले भी इस समस्या को उच्च शिक्षा विभाग के उपनिदेशक के ध्यान में भी लाया गया था। उपनिदेशक के स्कूल प्रशासन को इस बारे में दिशा निर्देश दिए थे, लेकिन बावजूद इसके अध्यापकों ने किसी भी प्रकार के बदलाव को लागू करने में कोई रुचि नहीं दिखाई।

इससे यह साफ जाहिर होता है कि विद्यालय प्रशासन द्वारा बच्चों और उनके अधिकारों के प्रति लापरवाही दिखाई जा रही है। इस मुद्दे पर कई बार शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अध्यापक असेंबली ग्राउंड में गाड़ियां पार्क कर स्कूल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शा रहे हैं या अपना अधिकार जमा रहे हैं, इस बारे में अध्यापक ही बता सकते हैं।

जब भी असेंबली ग्राउंड से गाड़ियों हटाने की बात की जाती है तो अध्यापक अपनी असमर्थता व्यक्त करते हैं कि हम अपनी गाड़ियों को कहां पर पार्क करें। अभी भी इस समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है। स्कूल प्रशासन को चाहिए कि वह इस मुद्दे को गंभीरता से ले और असेंबली ग्राउंड को फिर से बच्चों के लिए सुरक्षित और उपयोगी बनाएं। छात्रों की भलाई के लिए यह आवश्यक है कि प्रशासन इस दिशा में जल्द ही ठोस कदम उठाए।

उच्च शिक्षा उपनिदेशक मौही राम ने बताया कि स्कूल में इस तरह की व्यवस्था है और गाड़ियां पार्क की जा रही हैं तो बच्चों के अधिकारों को लेकर स्कूल के मुखिया को दिशा निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यदि फिर भी व्यवस्था में सुधार नहीं आता है तो स्कूल का निरीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# घरठूं लिंक रोड का काम हुआ शुरू, लोगों ने बांटीं मिठाइयां



संपर्क सड़क के निर्माण के लिए पहुंची जेसीबी के साथ गांववासी।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन विधानसभा क्षेत्र की पंचायत बूणी के गांव घरठूं के लिए संपर्क सड़क के निर्माण कार्य वीरवार को शुरू हो गया है, जिसे लेकर लोगों में खुशी का महौल है। इस संपर्क सड़क के निमर्ण से करीब 300 लोगों को सुविधा होगी। इस करीब दो किलोमीटर के बनने वाले लिंक रोड निर्माण के लिए वीरवार को ज्यों ही जेसीबी पहुंची तो लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। गांववासी इकठ्ठे हो गए तथा एक-दूसरे को बधाइयां देने लगे और मिठाई बांटी।

गांव के केवल कृष्ण, दलीप सिंह, जगत राम, गौतम, अशोक कुमार, कमल वर्मा, लाल चंद, जगदीश चंद, संजीव कुमार, करतार चंद, सुंदरी, नीना, सुनीता आदि लोगों ने इस संपर्क सड़क के निमार्ण के लिए राशि उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया है।

लोगों ने बताया कि वे बीते दिनों वे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिले तथा उनसे घरठूं गांव तक संपर्क सड़क के निमार्ण का आग्रह किया। इसके चलते इस सड़क का कार्य शुरू हो गया है। इस बारे में एसडीओ पीडब्ल्यूडी नादौन पंकज कौशल का कहना है कि सरकार ने इस संपर्क सड़क के निमार्ण के लिए पहले फेज में 35 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं, जिससे इस संपर्क सड़क की कटिंग व डंगों आदि का निर्माण किया जाएगा।

# चलने में असमर्थ दिव्यांग मोहन को राजीव राणा ने दी व्हील चेयर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



शहर के साथ लगते बडू में रहने वाले मोहन पुत्र हुकम सिंह, जो कि चलने-फिरने में अक्षम हैं, उसकी मदद के लिए असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) प्रदेश के चेयरमैन राजीव राणा ने आर्थिक मदद के साथ व्हील चेयर दी। यह कार्य कुसुम फाउंडेशन के तत्वावधान से संपन्न हुआ।

राजीव राणा ने कहा मानव धर्म परमो धर्म है। उन्होंने बताया कि राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्र के साथ-साथ हमें मानव धर्म के प्रति आस्थावान होना चाहिए। समाज में बहुत सारे दिव्यांग हैं, जिन्हें सरकार के साथ-साथ हमारी मदद की भी जरूरत है। राजीव राणा ने कहा कि हम प्रयास कर रहे हैं कि इन जरूरतमंद की मदद की जाए। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए कुसुम फाउंडेशन के माध्यम से हमीरपुर गरीब कन्याओं के विवाह, मेडिकल कैंप सुविधा, अनाथ बच्चों और समाज के निम्न वर्ग की मदद, आर्थिक सहायता दी जा रही है और आगे आने वाले समय में कुसुम फाउंडेशन की ओर से एंबुलेंस सुविधा भी दी जाएंगी। इस अवसर पर राजीव राणा के साथ डॉ. विशाल राणा अध्यक्ष कुसुम फाउंडेशन, शमशेर सिंह और बलवीर मौजूद रहे।

# किड बड्स स्कूल बिझड़ी का कल होगा समारोह

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के अंतर्गत पड़ने वाला प्रतिष्ठित निजी शिक्षा संस्थान किड बड्स पब्लिक स्कूल बिझड़ी का वार्षिक पारितोषिक समारोह 25 जनवरी को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षाविद एवं कुलपति केंद्रीय विश्वविद्यालय डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री होंगे। यह वार्षिक पारितोषिक समारोह बिझड़ी के ताल स्टेडियम में मनाया जाएगा।

स्कूल प्रबंधन द्वारा इस समारोह को बड़ी ही धूमधाम से मनाने के लिए स्टेडियम में वाटरप्रूफ पंडाल बनाने की तैयारी भी जोरों से चल रही है। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राएं रंगमंच के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। मुख्य अतिथि स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को पुरुस्कृत करेंगे यह जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव चंदेल ने दी।

# कोठी गांव में अवैध कब्जे से बाधित सड़क का प्रशासन नहीं कर पा रहा समाधान, रोष

## बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जाने में ग्रामीणों को उठानी पड़ रही दिक्कतें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

रोपा पंचायत के गांव कोठी के ग्रामीण अवैध कब्जों से बाधित सड़क को लेकर परेशान हैं। इस सड़क को खुलवाने के लिए जिला प्रशासन से भी आग्रह किया था, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई उचित कार्रवाई न करने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

वीरवार को भी गांववासियों ने एसडीएम हमीरपुर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें शमशानघाट जाने वाली लिंक सड़क बनाने की मांग की गई। स्थानीय निवासी उत्तम चंद ने बताया कि एक माह पहले भी इस समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत कराया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों के अनुसार, 16 दिसंबर 2024 को उन्होंने जिला उपायुक्त और उपमंडल अधिकारी से मिलकर अवैध कब्जे की शिकायत की थी।

**वीरवार को गांववासियों ने एसडीएम हमीरपुर को ज्ञापन सौंप समस्या के हल की लगाई गुहार**

अधिकारियों ने नायब तहसीलदार को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसके तहत 23 दिसंबर 2024 को मौके का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अवैध कब्जे पाए गए और अतिक्रमणकारियों को 15 दिनों के भीतर कब्जा हटाने का आदेश दिया गया, लेकिन अवैध कब्जे नहीं हटाया। 15 दिन बीतने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने 18 जनवरी को फिर से नायब तहसीलदार से मुलाकात की, लेकिन कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। अब तक न तो कब्जाधारियों ने अतिक्रमण हटाया और न ही प्रशासन ने कोई सख्त कदम उठाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की समस्या से शादी समारोह या बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों से एक बार फिर से प्रशासन से अपील की है कि अवैध कब्जे की समस्या का हल किया जाए जिससे गांव के लोगों को सड़क की सुविधा मिले। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस अवैध कब्जे को हटाने और सड़क निर्माण शुरू करने की मांग की है ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# पहचान स्कूल के विशेष बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में दी जानकारी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचे पहचान संस्था के विशेष बच्चों का सम्मान पुलिस अधीक्षक भगत सिंह, एसपी राजेश कुमार, डीएसपी और पुलिस स्टाफ ने बच्चों का फूल देकर किया। पहचान स्कूल के विशेष बच्चे पुलिस अधीक्षक कार्यालय और सदर थाना हमीरपुर में पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी लेने के लिए पहुंचे थे।

इस दौरान एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर व एसपी राजेश कुमार ने बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली और समाज में उसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। खास बात यह रही कि विशेष नाम के एक बच्चे को उन्होंने अपनी कुर्सी पर बिठाया और उसे एसपी की भूमिका समझाते हुए बताया कि पुलिस कैसे जनता की समस्याओं का समाधान करती है। एसपी राजेश कुमार ने बच्चों को कार्यालय के विभिन्न विभागों का दौरा करवाया और वहां होने वाले कार्यों की



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचे पहचान संस्था के विशेष बच्चों का सम्मान किया गया।

जानकारी दी। इसके बाद बच्चों को सदर थाना हमीरपुर ले जाया गया, जहां एएसआई अंदेश कुमार और कांस्टेबल स्वर्ण लता ने उनका स्वागत किया।

उन्होंने बच्चों को थाने का पूरा परिसर दिखाया और समझाया कि पुलिस हर समय नागरिकों की सहायता के लिए तत्पर रहती है। बच्चों को एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया और समस्या समाधान की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। साथ ही, थाने की जेल भी दिखाई गई, जहां अंदेश कुमार ने बच्चों को सदाचारी नागरिक बनने और नियमों का पालन करने की सीख दी। संस्था की संचालिका चेतना शर्मा ने बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए एसपी, एएसपी, डीएसपी और सदर थाना स्टाफ का आभार प्रकट किया।

उन्होंने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य विशेष बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराना और यह सिखाना था कि किसी आपात स्थिति में पुलिस से कैसे मदद ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रेक्टिकल गतिविधियां विशेष बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाती हैं और पहचान संस्था इस प्रकार के कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देती है। (अनंत ज्ञान)

# मासिक धर्म चक्र गर्व का विषय, शर्म का नहीं : सीडीपीओ

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की 'वो दिन' योजना के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टौणी देवी में मासिक धर्म स्वच्छता पर एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि किशोरियों और महिलाओं में मासिक धर्म एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है। इसके लिए उन्हें स्वयं पर गर्व होना चाहिए। यह मासिक धर्म चक्र शर्म का नहीं, बल्कि गर्व का विषय है।

इस अवसर पर डाक विभाग के निरीक्षक संजीव कुमार ने सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में किशोरियों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने विद्यालय में जेंडर सेंसिटिव तथा जेंडर फ्रेंडली व्यवहारों व मासिक धर्म के उपयुक्त प्रबंधन हेतु की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

# 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान बेटियों के प्रति सोच में सकारात्मक बदलाव लाया

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बाल विकास विभाग द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बेटियों को सशक्त बनाने, उन्हें शिक्षित करने और उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि पिछले दस वर्ष में इस अभियान ने समाज में बेटियों के प्रति सोच में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. सचिन धीमान ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, संक्रमण से बचने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप चौहान ने बेटियों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न

**बेटियों को सशक्त बनाने शिक्षित करने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर शिविर आयोजित**

योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। डाक विभाग के इंस्पेक्टर संजीव ने उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बेटियों को सैनिटरी पैड और फल वितरित किए गए जबकि पाठशाला के लिए एक इनसिनरेटर भी दिया गया।

इसके अलावा बाल विकास विभाग ने बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके पारिवारिक माहौल को समझने के लिए एक सर्वेक्षण भी करवाया, जिसके आंकड़ों के आधार पर भविष्य की योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा। शिविर में बेटियों ने पेंटिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। (अनंत ज्ञान)

# संविधान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान 25 तक जारी रहेगा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

संविधान गौरव दिवस के तहत चल रहे 10 दिवसीय अभियान के अंतर्गत वीरवार को सुजानपुर टिहरा मंडल के पार्टी कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने अपने विचार साझा किए और संविधान की महत्ता और उसकी मूल भावना पर विस्तार से चर्चा की।

राणा ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान को लोकतंत्र की आत्मा बताते हुए इसके संरक्षण और सम्मान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संविधान न केवल अधिकारों का प्रतीक है, बल्कि कर्तव्यों की भी शिक्षा देता है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अतीत में कांग्रेस ने संविधान की भावना के साथ बार-बार खिलवाड़ किया है। राजेंद्र राणा ने भारतीय जनता पार्टी की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा ने संविधान के संरक्षण के लिए निरंतर काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संविधान की मूल भावना को बनाए रखते हुए समाज के हर वर्ग को जागरूक करने का काम किया है। कार्यक्रम के दौरान राणा ने संविधान के मूल अधिकारों, कर्तव्यों और इसके महत्व पर चर्चा की।

हमारा संविधान समानता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें और देश के विकास में योगदान दें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संविधान की भावना और उसके महत्व को जन-जन तक पहुंचाना था। यह अभियान 25 जनवरी तक जारी रहेगा, जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से संविधान की रक्षा और जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में सुजानपुर मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता और भाजपा के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सभी ने भारतीय संविधान की गरिमा को बनाए रखने और मजबूत करने के लिए संकल्प लिया।

**आयोजन** — हमीरपुर में सैकड़ों कामगारों को बोर्ड ने बांटे इंडक्शन चूल्हे

# निजी निर्माण कार्यों के मजदूरों को भी देंगे लाभ : कंवर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने वीरवार को यहां टाउन हॉल में कामगारों के लिए जागरूकता एवं आवश्यक सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कामगारों को संबोधित करते हुए नरदेव कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के दृष्टिकोण के साथ कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री की इस सोच को धरातल पर लागू करने के लिए बोर्ड 13 विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कामगारों को लाभान्वित कर रहा है। इसके लिए वह स्वयं प्रदेश के सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं। अभी तक प्रदेश भर में लगभग साढ़े चार लाख कामगारों का पंजीकरण किया जा चुका है तथा इनकी ई-केवाईसी भी आरंभ की गई है।



हमीरपुर ब्लॉक के सैकड़ों कामगारों को इंडक्शन चूल्हे वितरित किए गए।

उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी के दौरान प्रदेश में लगभग 1400 लोग बोर्ड की योजनाओं के लिए अपात्र पाए गए हैं। नरदेव कंवर ने कहा कि मंडी जिले के बाद हमीरपुर में सर्वाधिक 81 हजार कामगारों का पंजीकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने बोर्ड का प्रदेश स्तरीय कार्यालय हमीरपुर में स्थापित करने का निर्णय लिया है। इससे कामगारों को काफी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने विधवा, एकल एवं दिव्यांग महिलाओं और मनरेगा की महिला वर्कर्स के लिए बोर्ड के माध्यम से मकान निर्माण हेतु तीन लाख रुपए की धनराशि का प्रावधान किया है। अगर कोई कामगार किसी निजी भवन या अन्य निर्माण कार्य में मजदूरी करता है तो वह भी बोर्ड में अपना पंजीकरण करवा सकता है।

भवन मालिक और स्थानीय पंचायत सदस्य द्वारा सत्यापन के बाद वह मजदूर भी बोर्ड की योजनाओं का लाभ उठा सकता है। इस अवसर पर विशेष अतिथि सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने कामगार कल्याण बोर्ड सहित सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसी के तहत सभी पात्र कामगारों का बोर्ड में पंजीकरण और ई-केवाईसी सुनिश्चित की जाएगी। इससे एजेंटों का धंधा खत्म होगा और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र कामगारों तक पहुंचेगा। श्रम कल्याण अधिकारी रश्मि ठाकुर ने विशेष अतिथि, कार्यक्रम के अध्यक्ष और सभी कामगारों का स्वागत किया तथा बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में हमीरपुर ब्लॉक के सैकड़ों कामगारों को इंडक्शन चूल्हे भी वितरित किए गए। इस अवसर पर एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, कौशल विकास निगम की जिला समन्वयक निशा कटोच, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नरेश ठाकुर, सहित फ्रंटल संगठनों के अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कामगार भी उपस्थित थे।

न्यूज ब्रीफ

## कुएं में मिला 16 वर्षीय युवती का शव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं पुलिस थाना के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कोटलु ब्राह्मण के गांव कोटलु बिंदडे में वीरवार सुबह एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में एक कुएं में मिला है।



युवती की पहचान रिद्धिमा (16) पुत्री कुलदीप निवासी गांव कोटलू बिंदडे के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना घुमारवीं की एक टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को कुएं से बाहर निकाला। जिसके बाद उसे सिविल अस्पताल घुमारवीं में पहुंचाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवती की मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार युवती बुधवार रात करीब 11 बजे से ही गायब थी। इसके बाद परिजन उसकी लगातार तलाश कर रहे थे, लेकिन सुबह करीब 3 बजे परिजन जब उसे ढूंढते हुए घर के नजदीक ही स्थिति कुएं के पास पहुंचे तो वहां उन्होंने जब कुएं में झांक कर देखा तो कुएं में युवती कुएं में पड़ी थी। रिद्धिमा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठीं में जमा एक की छात्रा थी। घटना की पुष्टि करते हुए डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि वीरवार सुबह पुलिस को घटना की सूचना मिली इसके बाद पुलिस ने युवती को अस्पताल पहुंचाया था, लेकिन तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। युवती के शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लगा सकेगा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की छानबीन जारी है।

## टेम्पो खाई में गिरा, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** उपमंडल गगरेट के सीमावर्ती गांव थप्पलां के समीप भटियांवाला में एक टेम्पो के दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में गिर जाने से टेम्पो सवार एक मजदूर की मौका पर ही मौत हो गई। गगरेट पुलिस ने टेम्पो में सवार एक अन्य मजदूर के बयान के आधार पर लापरवाही से वाहन चलाने के चलते टेम्पो चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। यूपी के बहराइच के गोपचंदपुर के रहने वाले बाबू राम हाल निवासी मिट्ठापुर जालंधर द्वारा पुलिस को दिए गए बयान के अनुसार वह




अपने साथी मजदूर सलीम मोहम्मद पुत्र मोहम्मद अजमत निवासी रामपुर सुपोल बिहार हाल निवासी मिट्ठापुर जालंधर के साथ जालंधर से एक टेम्पो में प्लाईवुड लेकर कलोहा के लिए आ रहे थे कि हिमाचल की सीमा पर पहुंचते ही टेम्पो चालक रजनीश ठाकुर ने टेम्पो वाया पांवड़ा-थप्पलां रोड डाल लिया। अभी टेम्पो भट्ठियांवाला के पास पहुंचा था कि टेम्पो चालक की लापरवाही के चलते टेम्पो सीधा खाई की ओर चला गया। इस दौरान टेम्पो की विंड स्क्रीन निकलने के चलते सलीम मोहम्मद टेम्पो के आगे गिर गया और टेम्पो पलटे खाते हुए उस पर जा चढ़ा। जिसके चलते उसकी मौका पर ही मौत हो गई। वह और टेम्पो चालक बड़ी मुश्किल से टेम्पो से निकल कर सड़क तक पहुंचे और इस दुर्घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। गगरेट पुलिस ने बाबू राम के बयान के आधार पर टेम्पो चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है।

# सुखाश्रय योजना में फीस न जमा करना व्यवस्था परिवर्तन का एक और शर्मनाक चेहरा : जयराम

## कहा-मनाली हत्याकांड में सामने आया सरकार और प्रशासन का संवेदनहीन चेहरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हर दिन सुक्खू सरकार के 'सुख की सरकार' और 'व्यवस्था परिवर्तन' का कोई न कोई बेशर्म चेहरा सामने आ ही जाता है, जिससे साफ हो जाता है कि एक झूठ के बाद दूसरा झूठ और दूसरे झूठ के बाद तीसरा झूठ बोलना ही सरकार की एकमात्र ध्येय है।

समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है कि चंबा में सुखाश्रय योजना के तरह शिक्षा ले रहे छात्रों की फीस संबंधित शैक्षिक संस्थानों को नहीं जमा की गई है। यह सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन का एक मॉडल है जिसके नाम पर सरकार हर दिन मंचों से गला फाड़-फाड़ कर चिल्लाती है। सरकार हर दिन सुखाश्रय को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यही है कि ऐसे बच्चों की फीस भी सरकार जमा नहीं कर रही है।

### सुखाश्रय में पब्लिसिटी में करोड़ों खर्च, लेकिन सुविधा के नाम पर जीरो सीएम की फ्लैगशिप स्कीम का हाल, लाभार्थी और संस्थान बेहाल



जयराम ठाकुर ने कहा कि जब से सुक्खू सरकार सत्ता में आई है तब से हर दिन इस योजना के नाम पर प्रचार प्रसार कर रही है। प्रदेश का ऐसा कोई कोना नहीं होगा जहां पर मुस्कुराते हुए मुख्यमंत्री की एक बहुत बड़ी होर्डिंग सुखाश्रय योजना का प्रचार करती हुई न दिख जाए। अगर सड़कों से गुजरो तो हर दूसरी तीसरी बस पर यही होर्डिंग नजर आती है।

मुख्यमंत्री से अपनी सबसे महत्वाकांक्षी फ्लैगशिप योजना के तौर पर पूरे देश में प्रस्तुत कर रहे हैं। आए दिन समाचार पत्रों में भर-भर के फुल पेज विज्ञापन दिए गए। इस योजना के प्रचार-प्रसार पर हर दो तीन महीनें में करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। सड़कों की होर्डिंग्स और पोस्टर्स लगातार बदले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस योजना का नाम अपने नाम पर रखा है। इसके बाद भी इस योजना के तहत शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की फीस सरकार पढ़ने वाले संस्थानों को नहीं दे रही है।

### मनाली में युवक की हत्या के बीच सामने आई प्रशासन की संवेदनहीनता

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि मनाली में विंटर कार्निवाल के दौरान हजारों के भीड़ के बीच एक युवक की बोतल से गला रेत कर हत्या हो जाती है। यह कानून व्यवस्था की नाकामी है। मनाली पर्यटन नगरी है और इस तरह की कानून-व्यवस्था से पर्यटन को ही नुकसान हुआ है। एक स्थानीय युवक की हजारों लोगों के बीच बर्बरता से हत्या हो जाती है और सांस्कृतिक कार्यक्रम चलता रहा। यह सरकार और प्रशासन की संवेदनहीनता है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। प्रशासन का ऐसा ही चेहरा पहले भी सामने आ चुका है जब तांदी गांव में आग लगी थी और सैकड़ों लोग बेघर हो गए थे उस समय वहां का प्रशासन लोगों को राहत पहुंचाने के बजाय अन्य काम में व्यस्त रहा।

# प्रदेश में 919 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों का होगा कंप्यूटरीकरण




**अनंत ज्ञान, शिमला/हमीरपुर**

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के राज्य क्रेडिट सेमिनार 2025-26 का आयोजन 23 जनवरी को शिमला में किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश के लिए 42,243.83 रुपए करोड़ की क्रेडिट क्षमता का अनावरण किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना द्वारा किया गया, जिसमें नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. विवेक पठानिया, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के उप-महाप्रबंधक पितांबर अग्रवाल और राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक प्रदीप आनंद केसरी जैसे प्रमुख अधिकारी शामिल हुए।

इस अवसर पर पठानिया ने राज्य के आर्थिक विकास में नाबार्ड की भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि कृषि और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए नाबार्ड ने बैंकों और राज्य सरकार को 4,000 करोड़ रुपए का वित्तीय सहयोग दिया है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और कांगड़ा जिले के ढगवार में 1.5 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले दूध प्लांट की स्थापना जैसे नए प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में 919 और समितियों का कंप्यूटरीरण होगा।

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने ग्रामीण विकास में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए अधिक क्रेडिट प्रवाह की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बैंकों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नवाचार और उद्यमिता विकास को वित्तपोषित करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के उप-महाप्रबंधक पितांबर अग्रवाल और राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक प्रदीप आनंद केसरी ने अपने विचार साझा किए।

# प्रदेश को विकासोन्मुखी एवं प्रगति पथ पर ले जाने में कर्मचारियों की अग्रणी भूमिका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

### सरकारी कर्मचारियों की भर्ती एवं सेवा शर्तें विधेयक-2024 पर विचार करवाने के लिए राज्यपाल से मिला प्रतिनिधिमंडल



हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष डॉ. बनीता सकलानी की अध्यक्षता में हाल ही में सरकार द्वारा पारित किए हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की भर्ती एवं सेवा शर्तें विधेयक-2024 पर विचार करवाने के लिए वीरवार को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के समक्ष प्रदेश के एक लाख तीस हजार कर्मचारी जो इस बिल से प्रभावित हुए है, उनकी चिंताएं लिखित रूप में अभिवेदन के माध्यम से प्रस्तुत की। संक्षिप्त चर्चा में राज्यपाल के समक्ष बिल के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से रखा और कहा कि प्रदेश को विकासोन्मुखी एवं प्रगति पथ पर ले जाने में कर्मचारियों की अग्रणी भूमिका रहती है, उस भूमिका का निर्वहन प्रत्येक कर्मचारी कर्तव्य परायणता व तन्मयता के साथ सदैव करता है जो सर्वव्यापी सत्य है, लेकिन उपरोक्त विधेयक प्रदेश के लाखों कर्मचारियों में उद्विग्न की विधा उत्पन्न कर रहा है।

कर्मचारी सरकार का अभिन्न अंग होता है, लेकिन पिछले कुछ समय से कर्मचारी हितों की अनदेखी के चलते मजबूरन उच्च न्यायलय का रुख करना पड़ा है। माननीय उच्च न्यायलय हिमाचल प्रदेश ने अनुबंध सेवाओं से नियमित किए गए कर्मचारियों के पक्ष में कई फैसले सुनाए हैं तथा सरकार को वेतन वृद्धि, वरिष्ठता, पेंशन, पदोन्नति और अन्य परिणामी लाभों के लिए अनुबंध सेवा को भी शामिल करने का निर्देश दिया है। जिसके लिए कर्मचारी माननीय उच्च न्यायलय के प्रति कृतज्ञता प्रेषित करता है। तथापि, उपरोक्त पारित विधेयक में संविदा सेवा अवधि अर्थात अनुबंध सेवा काल को पदोन्नति, वरिष्ठता, पेंशन, प्रोन्नति या अन्य परिणामी लाभों के लिए न गिने जाने बारे में व्याख्या करता है, जो पूर्णतः आपत्तिपूर्ण है।

उपर्युक्त विधेयक के लागू होने से राज्य के लगभग एक लाख तीस हजार कर्मचारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, ये वो कर्मचारी है, जिन्हें अनुबंध सेवाओं से नियमित किया गया है। अनुबंध पर नियुक्तियां हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की सिफारिशों के अनुरूप, विधिवत स्वीकृत पदों के आधारगत भर्ती नियमों के अनुसार की गई हैं, न कि पिछले दरवाजे से। इस विधेयक के परिणामस्वरूप, इन कर्मचारियों का भविष्य क्या होगा? यह चिंतनीय विषय है।

# लोकेंद्र मोहन ने महाकुंभ में भोजन व्यवस्था के लिए राज्यपाल को दिया 50.2 लाख का चेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला के निकट शोघी निवासी और जाने-माने उद्यमी लोकेंद्र मोहन चंदेल ने प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में आयोजित पवित्र महाकुंभ के प्रति श्रद्धाभाव व्यक्त करते हुए तीर्थ यात्रियों के भोजन की व्यवस्था के लिए 50.2 लाख रुपये दान किए हैं। उन्होंने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को चेक भेंट करते हुए इस उद्देश्य के लिए धनराशि जुटाने में सहयोग का आग्रह किया। इसके अलावा, चंदेल ने हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री राहत कोष में 2.05 लाख रुपए और प्रधानमंत्री राहत कोष में भी 2.05 लाख रुपए भेंट किए।

उन्होंने वीरवार को राजभवन में राज्यपाल से एक शिष्टाचार भेंट के दौरान यह चेक सौंपा। शिमला के समाजसेवी दीपक शर्मा और अखिल भारतीय शारश्वत परिषद के उपाध्यक्ष गौरव शर्मा के साथ चंदेल ने 144 वर्ष में एक बार होने वाले इस आध्यात्मिक आयोजन में सार्थक योगदान देने की इच्छा व्यक्त की। राज्यपाल ने चंदेल की उदारता और समर्पण भाव की सराहना की और वैश्विक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम के रूप में महाकुंभ के महत्व पर बल दिया। उन्होंने इस आयोजन को भारत की प्राचीन परंपराओं का प्रतिबिंब, सार्वभौमिक सद्भाव और मानवीय मूल्यों का प्रतीक बताया।

# पीएचसी भोटा में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल करने को लेकर मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, भोटा**



नगर पंचायत भोटा के पूर्व अध्यक्ष शरण प्रसाद की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से धर्मशाला में मिला। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि इस भोटा अस्पताल में रात की सेवाएं बंद करने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। इस अस्पताल में पहले जैसी 24 घंटे सेवाओं को बहाल किया जाए। साथ ही इस पीएचसी का दर्जा बढ़ाकर सीएचसी किया जाए। जिससे क्षेत्र के लोगों को और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि स्वास्थ्य सेवाओं को जल्द ही बहाल कर दिया जाएगा।

# नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों ने पूर्व मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के दोनों मंडलों के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों श्रीपाल शर्मा (शहरी) व जसवीर सिंह (ग्रामीण) ने विधायक सदर आशीष शर्मा की अगुवाई में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से उनके निवास स्थान पर मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर धूमल ने दोनों को उनकी नियुक्ति के लिए बधाई दी।

## पूर्ण राज्यत्व दिवस पर सीएम का संदेश आकाशवाणी शिमला से होगा प्रसारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पूर्ण राज्यत्व दिवस की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी शिमला से 24 जनवरी 2025 को सायं 8:15 बजे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का संदेश प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी शिमला का प्राइमरी चैनल, इसके सभी रिले केंद्रों और एफएम शिमला, हमीरपुर तथा धर्मशाला पर मुख्यमंत्री का यह सन्देश सायं 8.15 बजे एक साथ प्रसारित होगा। मुख्यमंत्री के संदेश को दूरदर्शन केंद्र शिमला से भी 24 जनवरी, 2025 को सायं 7.30 बजे प्रसारित किया जाएगा।

# 108 एंबुलेंस सेवा ने जीवन रक्षक उत्कृष्टता के 3 वर्ष किए पूरे

**अनंत ज्ञान, सोलन**




मेडस्वान फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और हिमाचल प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में संचालित 108 राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा ने गत 15 जनवरी 2025 को सेवा के तीन परिवर्तनकारी वर्ष पूरे कर लिए हैं। राज्य में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा की आधारशिला के रूप में, इस 24×7 निशुल्क सेवा ने अनगिनत लोगों के जीवन को छुआ है। शहरों से लेकर दूरदराज के पहाड़ी गाँवों तक, 108 एंबुलेंस सेवा ने समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान करके अपनी योग्यता साबित की है और यह सेवा हजारों अनमोल मानव जीवन बचाने में सक्षम रही है। मेडस्वान फाउंडेशन द्वारा प्रदेश में संचालित एनएएस-108 के तहत 248 एंबुलेंस और जेएसएसके-102 के तहत 148 एंबुलेंस के माध्यम से यह सेवा बेजोड़ प्रतिबद्धता के साथ आपात स्थितियों का जवाब देती है।

**प्रत्येक 4 मिनट में एक लाभार्थी लाभान्वित**

प्रोजेक्ट मैनेजर अशोक दासन ने बताया कि इन तीन वर्षों में, राज्य भर में 4,01,750 से अधिक आपात स्थितियों को संभाला गया है, जो हर चार मिनट में एक जीवन रक्षक हस्तक्षेप के बराबर है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस सेवा के योगदान की बात की जाये तो, 73,770 से अधिक गर्भावस्था से संबंधित आपात स्थितियों को संभालने ओर 2,873 प्रसवों को सुरक्षित रूप से सहायता प्रदान करने के साथ, एनएएस 108 के प्रशिक्षित कर्मचारियों ने न केवल जीवन बचाया है, बल्कि गर्भवती माताओं के लिए सम्मान और देखभाल भी सुनिश्चित की है।

इसके अलावा इस सेवा ने 25,250 से अधिक पुलिस एवंम 1,790 से अधिक अग्नि संबंधित आपातकालीन स्थिति में समय रहते सहायता प्रदान की है। लगभग 40 प्रतिशत आपातकालीन स्थितियां रेफरल मामले थे, जहां रोगियों को उच्च चिकित्सा सुविधाओं में ले जाने की आवश्यकता थी। सेवा द्वारा त्वरित प्रतिक्रिया तथा इसके कर्मचारियों द्वारा स्नेहपूर्ण देखभाल से हजारों लोगों को राहत मिली है तथा असंख्य परिवारों के चेहरे पर मुस्कान आई है।

प्रत्येक दिन 2,000 से अधिक कॉल का जवाब देने के साथ, यह सेवा न सिर्फ आपातकालीन स्थितियों में मदद करती है, बल्कि निराशा के क्षणों में परिवारों और समुदायों को आश्वस्त भी करती है। 108 एंबुलेंस सेवा ने आपातकालीन स्थिति की प्रकृति की परवाह किए बिना, महत्वपूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। पिछले तीन वर्षों में, सेवा ने 41,000 से अधिक श्वसन संबंधी मामलों, 30,000 से अधिक हृदय संबंधी घटनाओं, 15,500 से अधिक आघात के मामलों और 5,000 से अधिक स्ट्रोक से संबंधित आपात स्थितियों सहित कई आपातकालीन स्थितियों में सफलतापूर्वक काम किया है। ये प्रभावशाली आंकड़े सेवा के असाधारण प्रदर्शन और जीवन बचाने के प्रति समर्पण को रेखांकित करते हैं।

102 एंबुलेंस सेवा ने पिछले 3 वर्षों के दौरान 92,970 से अधिक लाभार्थियों को सफलतापूर्वक ड्रॉप बैंक सेवाएं प्रदान की हैं और हिमाचल प्रदेश राज्य में मातृ स्वास्थ्य देखभाल को मजबूत किया है। भविष्य की ओर देखते हुए, एंबुलेंस सेवा की दक्षता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए मेडस्वान फाउंडेशन, हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से, पुरानी एम्बुलेंसों को चरणबद्ध तरीके से बदलने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे कि आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता को और अधिक सुचारु बनाया जा सके। 108 एंबुलेंस सेवा की सफलता इसके कर्मचारियों के अटूट समर्पण, मेडस्वान फाउंडेशन क परिचालन विशेषज्ञता और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और हिमाचल प्रदेश सरकार के दूरदर्शी मार्गदर्शन का प्रमाण है।

मेडस्वान फाउंडेशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और हिमाचल प्रदेश सरकार के सक्षम मार्गदर्शन के तहत राज्य के लोगों को सर्वोत्तम आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना चाहता है। हम राज्य के नागरिकों से अपील करते हैं कि किसी भ आपातकालीन स्थिति में 108 टोल फ्री नंबर डायल करें।

# लूटपाट करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

### शिमला में पंजाब पुलिस की दबिश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने शिमला, हिमाचल प्रदेश के फ्लोरेंस होटल से पांच अपराधियों को गिरफ्तार करके उनसे दो लाख रुपए बरामद किए हैं। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने बताया कि पुलिस भोगपुर के पास पेट्रोल पंप और एचएमवी कॉलेज के पास हुई लूट की दो घटनाओं की जांच कर रही थी। एक संयुक्त अभियान के दौरान तीन युवकों मनप्रीत सिंह उर्फ मन्नी, नितीश माहे उर्फ नीति और विवेक को शिमला, हिमाचल प्रदेश के फ्लोरेंस होटल से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस ने मामले में शामिल नवाब सिंह और सुरेश बाजपेयी को भी गिरफ्तार कर लिया और चोरी की गई दो लाख रुपए की रकम के साथ ही घटना में इस्तेमाल की गई बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली।

उन्होंने बताया कि उनके पास से एक पिस्तौल, मैगजीन और एक कारतूस बरामद किया गया है। शर्मा ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।

# बौद्ध और हिंदू धर्म की हमारे देश में बड़ी मान्यता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



### पीठासीन अधिकारी सम्मेलन की समाप्ति उपरांत विधानसभा अध्यक्ष पटना से चंडीगढ़ पहुंचे

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 3 दिन के 85वें पीठासीन अधिकारी सम्मेलन की समाप्ति उपरांत बिहार की राजधानी पटना से वायु मार्ग द्वारा चंडीगढ़ पहुंचे। पठानिया दो दिनों तक निजी कार्यक्रमों की वजह से चंडीगढ़ रुके रहेंगे तथा 25 जनवरी को सायं कुल्लू पहुंचेंगे।

पठानिया कुल्लू में 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। गत दिवस पठानिया ने पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के बाद निर्धारित रमणीय एवं धार्मिक स्थलों का अन्य पीठासीन अधिकारियों के साथ दौरा किया। विधानसभा अध्यक्ष ने धार्मिक तीर्थ स्थलों बौध गया, गया जी तथा ऐतिहासिक नालंदा विश्व विद्यालय का दौरा किया। श्रद्धा के सागर इन तीर्थ स्थलों में अपना शीश नवाया तथा कहा कि बौद्ध तथा हिंदू धर्म की हमारे देश में बड़ी मान्यता है। लोग इन स्थलों पर विनती कर बड़ी श्रद्धा भाव से जाते हैं तथा पुण्य कमाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश धर्म निर्पेक्ष है यहां सभी धर्मों को मानने की सभी को मान्यता है। यह एकता, अखंडता था आस्था के प्रतीक हैं। हालांकि, कुछ अतिक्रमणकारियों ने बाहर से आकर हिंदू तथा बौद्ध धर्म को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की थी लेकिन लोगों की अटूट श्रद्धा के आगे सब धराशायी हो गया और धर्म की हमेशा जीत हुई है।

पठानिया ने कहा कि बिहार महात्मा बुद्ध तथा महाबीर की धरती है जिसका इतिहास पौराणिक, अविस्मरणीय तथा अतुल्नीय रहा है। विधानसभा अध्यक्ष ने ऐतिहासिक नालंदा विश्व विद्यालय का भी दौरा किया तथा इसके गरिमापूर्ण, अलौकिक तथा दिलचस्प इतिहास की जानकारी हासिल की। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार तथा विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा भी 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में भाग लेने पटना गए थे।

महाशिवरात्रि

## अगले एक माह तक रोज महादेव अलग-अलग स्वरूपों में देंगे दर्शन

# बाबा भूतनाथ का माखन लेप से होगा श्रृंगार

**अनिल शर्मा, मंडी**


मंडी के अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि पर्व की विधिवत रस्में 27 जनवरी से आरंभ हो जाएंगी। तारा रात्रि को रात 12 बजे बाबा भूतनाथ का माखन लेप से श्रृंगार होगा और अगले एक माह तक हर रोज महादेव अलग-अलग स्वरूपों में दर्शन देंगे।



बाबा भूतनाथ स्वयंभू शिवलिंग पर चढ़ा माखन का दृश्य। फाइल चित्र।

सदियों से चली आ रही अखंड परंपरा महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारियों के बीच छोटी काशी के मालिक बाबा भूतनाथ के श्रृंगार की तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। 27 जनवरी को तारा रात्रि की पावन बेला पर स्वयंभू शिवलिग बाबा भूतनाथ के घृतमंडल श्रृंगार की रस्में होंगी। देर रात 11 बजे अधिष्ठाता बाबा भूतनाथ स्वयंभू शिवलिंग पर अंतिम जलाभिषेक होगा तत्पश्चात माखन चढ़ना शुरू हो जाएगा। पहले श्रृंगार में 21 किलोग्राम माखन से बाबा भूतनाथ का सुंदर श्रृंगार होगा।

बता दें कि एक माह यानी महाशिवरात्रि महोत्सव तक बाबा भूतनाथ का जलाभिषेक नहीं होगा, इस दौरान प्रतिदिन माखन चढ़ता रहेगा और बाबा भूतनाथ अलग अलग स्वरूपों में दर्शन देते रहेंगे। महाशिवरात्रि के दिन बाबा भूतनाथ से माखन कर श्रृंगार हटाकर पुनः जलाभिषेक आरंभ होगा, जो अलगे वर्ष तक जारी रहेगा। (अनंत ज्ञान)



प्राचीन बाबा भूतनाथ मंदिर।

### दर्शन कर आनंदित होंगे श्रद्धालु



**बाबा** भूतनाथ मठ मंदिर के महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि शुद्ध माखन यहां पहुंच रहा है और उस घड़ी का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है, जब सृष्टि के सृजनहार बाबा भूतनाथ का घृतमंडल श्रृंगार शुरू होगा। 28 जनवरी सुबह से श्रद्धालु बाबा भूतनाथ के धृतमंडल श्रृंगार के दर्शन कर आनंदित हो पाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### 10 युवाओं ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के यूथ ने कांग्रेस का दामन थामा है। गुरुवार को 10 युवाओं ने प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस अतिंदर पाल सिंह सिंटू राणा की अगुवाई में डाडासीबा में कामगार कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने उन सभी युवाओं का कांग्रेस ज्वाइन करने पर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इन लोगों ने कांग्रेस की नीतियों के तहत आज कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन किया है। युवाओं में अमन शर्मा गांव काहरू, गौरव शर्मा, राहुल भारद्वाज, नरेश कुमार, राहुल राणा,बलदेव कुमार व अन्य लोगों ने भाजपा का दामन छोड़ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए है।

### रैंखा स्कूल की निरंजनी नृत्य में अव्वल

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** रवींद्रनाथ टैगोर पब्लिक हाई स्कूल रैंखा (सिहोरपांई) की छात्रा निरंजनी कौंडल ने बिलासपुर में आयोजित जूनियर ग्रुप डांस प्रतियोगिता (2025) में पहला स्थान हासिल करके स्कूल और अभिभावकों का नाम रोशन कर दिया ह। निरंजनी कौंडल प्रधानाचार्य संजय कौंडल की पुत्री भी हैं। पिता और गुरु होने के नाते संजय कुमार ने अपनी लाड़ली होनहार बेटी निरंजनी कौंडल के उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवम् हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। संजय कौंडल ने कहा कि हमें बेटी और बेटे के भेदभाव को मिटाकर बेटियों को भी बेटों के बराबर समझना चाहिए। आज के युग में बेटियां डॉक्टर हैं, न्यायधीश हैं, इंजीनियर हैं यानी बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं।

### आवास योजना के तहत नंगल में दोबारा हो रहा सर्वे

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विकास खंड फतेहपुर कि पंचायत नंगल को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक ही मकान स्वीकृत हुआ था। इस बारे में वीरवार को जानकारी देते हुए पंचायत सचिव राजेश कुमार ने बताया पंचायत को उक्त योजना के तहत एक ही मकान मिला था, जबकि 136 मकान रिजेक्ट हो गए थे। अब दोबारा सर्वे किया जा रहा है, जोकि आगामी 20 या 25 दिन में पूरा कर लिया जाएगा।

### फतेहपुर में 35 क्विंटल मक्की का आटा पहुंचा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग खंड फतेहपुर में पहली बार 35 क्विंटल मक्की का आटा पहुंचा है। इस बारे वीरवार को जानकारी देते हुए फतेहपुर स्थित विभागीय गोदाम के इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि 35 क्विंटल आटे में अभी तक 18 क्विंटल ही डीपो होल्डर लेकर गए हैं। उन्होंने बताया कि फतेहपुर में कुल 76 डिपो हैं, जिनमें से अभी तक कई डिपो होल्डर ने मक्की का आटा नहीं उठाया है। गोदाम में अभी तक 17 क्विंटल आटा बचा हुआ है। उन्होंने बताया कि आटा 46 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से दिया जा रहा है। आटा एक व पांच किलोग्राम की पैकिंग में उपलब्ध है।

### टांडा रेंज में 30 व 31 को फायरिंग अभ्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त सुभाष गौतम ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना द्वारा 30 व 31 जनवरी को प्रातः 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न स्वयं जाएं तथा अपने पालतु पशुओं को भी न जाने दें, ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि से बचा जा सके।

### वित्तीय साक्षरता शिविर का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक शाखा चौगान नूरपुर के वैनर तले गांव लेतरी में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन शाखा प्रबंधक अ की अध्यक्षता मे किया गया, जिसमें एटीएम फरौड, नया खाता खोलना ,कृषि कार्ड बनाना,मात्र 20 रुपये मे 2लाख का वीमा करवाना महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूह में सस्ते दरो की अदायगी पर ऋण उपलब्ध करवा कर स्वयं रोजगार अपना कर उन्हें आत्म निर्भर बनाना, सस्ते दरों पर ऋण उपलब्ध करवाने वारे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर रेहन की महिला स्वयं सहायता समूह के साथ स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर मालिकों ने सरकार, पुलिस प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

## कहा, एसडीएम ऑफिस परिसरों में ट्रैक्टर खड़े कर प्रशासन को सौंपेंगे चाबियां

**भूषण शर्मा, नूरपुर**



पुलिस जिला नूरपुर के अधीन पड़ते क्षेत्र जवाली, फतेहपुर व नूरपुर के ट्रैक्टर मालिकों ने एकजुट होकर प्रदेश सरकार, प्रशासन व पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ट्रैक्टर मालिकों ने विधानसभा फतेहपुर के तलाड़ा में अपने ट्रैक्टरों सहित एकत्रित हुए तथा आगामी रणनीति बनाई। ट्रैक्टर मालिकों के आरोप है कि पुलिस-प्रशासन द्वारा धक्काशाही करते हुए हमारे ट्रैक्टरों के सड़कों पर खाली गुजरते हुए भी चालान कर दिए जा रहे हैं। हम अपने ट्रैक्टरों को खाली भी सड़क पर नहीं चला पा रहे हैं। ट्रैक्टर मालिकों ने कहा कि हमने बैंक से लाखों रुपए का कर्ज लेकर ट्रैक्टर खरीदे हैं तथा उन्हीं के माध्यम से बैंक की किश्त भर रहे हैं व परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। अब अगर हमें खड्डों से रेत-बजरी या पत्थर नहीं उठाने देंगे तो हम कर्ज कैसे भर पाएंगे। ट्रैक्टर मालिकों ने कहा कि हमने शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया है तथा अगर शनिवार तक हमारी मांग को नहीं माना गया तो हम मजबूरन सड़कों पर उतरेंगे जिसकी जिम्मेवारी सरकार व प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि हम एसडीएम कार्यालय फतेहपुर के परिसर में अपने ट्रैक्टरों को खड़ा करके प्रशासन को चाबियां सौंप देंगे तथा भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे।

**पुलिस और प्रशासन सड़कों पर खाली गुजर रहे ट्रैक्टरों के कर रहे चालान**

उधर, इस बारे में एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने फोन पर कहा कि इस बारे में कोई ज्ञापन नहीं मिला है। न ही कोई शिकायत आई है अगर शिकायत या ज्ञापन मिलेता है तो इस पर विचार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री चौक-चौराहों पर घूम रहे, जनता उनसे दूर : बिक्रम

**अनंत ज्ञान, देहरा**



बीजेपी विधायक और पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कांगड़ा दौरे को नौटंकी करार दिया है। मीडिया को जारी प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों पर चाय पीकर और सब्जियां खरीदकर जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता। कांगड़ा में मुख्यमंत्री का दौरा यह साबित करता है कि कांग्रेस जनता से पूरी तरह कट चुकी है। लोग अब इस सरकार से उम्मीदें छोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का राजनीतिक कद इतना गिर गया है कि उनके कार्यक्रमों में जनता गायब होती है। वह सड़कों पर घूमकर और चाय पीने की तस्वीरें खिंचवाकर जनता का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री के कांगड़ा दौरे पर बिक्रम ठाकुर ने व्यंग्य करते हुए कहा कि चाय पर चर्चा करने से या सब्जियां खरीदने से लोगों की समस्याएं हल नहीं होतीं।

### जनविरोधी फैसले

**बिक्रम** ने मुख्यमंत्री और उनकी सरकार पर जनविरोधी फैसलों का आरोप लगाते हुए कहा कि 2023 में वैट में की गई वृद्धि ने लोगों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर डाला। डीजल पर 3 रुपए बढ़ोतरी से परिवहन से जुड़े हर क्षेत्र में महंगाई बढ़ी, लेकिन इस सरकार ने जनता की परेशानियों पर कोई ध्यान नहीं दिया।

### प्रदेश में माफिया राज

**बिक्रम** ने कहा कि सरकार के कार्यकाल में 10 लाख से अधिक पेड़ काटे जा चुके हैं। धर्मपुर (मंडी) में लकड़ी का बड़ा जखीरा पकड़ा गया, लेकिन सरकार ने कार्रवाई के बजाय इसे दबाने का प्रयास किया। पर्यावरण के प्रति सरकार की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में हिमाचल को पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए थी, लेकिन सरकार ने इसे पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है।

युवाओं को रोजगार चाहिए, महंगाई से राहत चाहिए, लेकिन मुख्यमंत्री का ध्यान तस्वीरें खिंचवाने और अपनी सरकार का प्रचार करने पर है।

# ज्वालामुखी स्कूल में मनाई सुभाष जयंती



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल ) में सुभाष चंद्र बोस जयंती की 128वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाचार्या मीना कुमारी व स्कूल स्टाफ ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माला अर्पण की। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या ने बच्चों को सुभाष चंद्र बोस की जीवनी और देश का आजादी दिलाने के लिए किए बलिदान के बारे में जागरूक किया तथा उनके बताए गए मार्ग पर चलकर देश सेवा और राष्ट्रवादी बनने के लिए प्रेरित किया। इस मौके प्रवक्ता रेखा पाल, विकास धीमान, सुखदा सूद, रीता अटवाल, दीक्षा जगोतरा, शिव राम,अशोक कुमार, प्रिया गुलेरिया, केवल और सोनू आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा मंडल ने खुंडियां में मनाया संविधान गौरव दिवस

# संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने का लिया प्रण

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

खुंडियां में भाजपा मंडल द्वारा संविधान गौरव दिवस नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष संजय राणा की अध्यक्षता में मनाया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। संगठनात्मक जिला देहरा के अध्यक्ष मुख्य वक्ता अजय खट्टा ने मंच का संचालन किया।

इस अवसर पर संजय राणा पूर्व मंडल अध्यक्ष मान सिंह, जिला महामंत्री विजय मेहता, राम स्वरूप शास्त्री, पंचायत समिति उपाध्यक्ष सुरजीत, शशि राणा, राजेश शर्मा, अग्रवन सिंह, जिला महामंत्री अजय राणा प्रवीण राणा, बिक्रम सिंह,



अनीता राणा, संजीव, बहादुर सिंह, पृथ्वी चंद,कल्याण सिंह, सरला, नरेश, ललिता चौहान सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने संविधान को आम जनमानस तक पहुंचाने का संकल्प लेते हुए बाबा साहेब अंबेडकर के दिखाए हुए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रविंद्र सिंह रवि ने कहा की बाबा साहेब एक महान दार्शनिक और विद्वान थे, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उनका आदर नहीं, बल्कि अपमान ही किया। यही वजह रही कि देश के कानून मंत्री होते हुए भी बाबा साहेब ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। बाबा साहेब समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए चिंतित थे। संविधान निर्माता बाबा साहेब ने समाज के हर एक वर्ग की रक्षा के लिए बराबर मौलिक अधिकार दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान को तोड़-मरोड़ कर हमेशा दलितों का अपमान करके संविधान की धज्जियां ही उड़ाई हैं।

# अयोध्या नगरी में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर लपियाना में मनाया उत्सव

**अनिल छांगू, जवाली**

रामलला प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राम मंदिर लपियाना में पूजा-अर्चना कर यज्ञ कर विशाल रैली का आयोजन किया गया। श्रीराम के जयघोष से समूचे चंगर क्षेत्र में भक्तिमय धारा का संचार हुआ रैली लपियाना से दुराना तक निकाली गई, साथ ही श्रीराम-सीता व लक्ष्मण के सुंदर स्वरूप की झांकी निकाली गई। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

**श्रीराम-सीता व लक्ष्मण की झांकी निकाली**

इस दौरान शाहपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा विशेष रूप में मौजूद रहे। उन्होंने मीडिया से रू-ब-रू होते हुए बताया कि आज एक बार बात फिर से मंदिर कमेटी व स्थानीय लोगों द्वारा उत्सव मनाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया है।

इस मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मनोहर धीमान, अरुण, अध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा, कृपाल संधू, संजीव कुमार गुलेरिया, ओंकार सिंह परमार, प्रवीण धीमान, राजिंदर धीमान, नीरज धीमान, रघुवीर सिंह पंचायत प्रधान लपियाना कीकर सिंह, उपप्रधान कृष्ण, पूर्व प्रधान सकीना शर्मा, विनोद भारती, गिरधारी लाल राणा, सूबेदार बुद्धि सिंह, बलदेव राज, कौशल लंबरदार, बलदेव शर्मा, उधम सिंह, अशोक भारती, सतिंदर शास्त्री, कामेश्वर दत्त सहित मंदिर कमेटी के सदस्य व जनता मौजूद रही। (अनंत ज्ञान)

### बेसिक लाइफ सपोर्ट के बारे में दी जानकारी



शाहपुर। सिविल हॉस्पिटल शाहपुर में वीरवार को रोड सेफ्टी एंड फर्स्ट एड ट्रेनिंग का आयोजन डॉक्टर कल्पना सिविल हॉस्पिटल कांगड़ा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में सिविल हॉस्पिटल शाहपुर के आसपास क्षेत्र से आए हुए लोगों व सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहपुर के छात्रों ने भी इसमें हिस्सा लिया। सिविल हॉस्पिटल शाहपुर के स्वास्थ्य शिक्षक अजमेर ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने बेसिक लाइफ स्पोर्ट के बारे में डेमोंसट्रेशन द्वारा इसको सीखा। इस मौके पर सिविल हॉस्पिटल शाहपुर के एसएमओ डॉक्टर अजय वर्मा हेल्थ सुपरवाइजर वीरेंद्र बलौरिया महिला स्वास्थ्य सुपरवाइजर राणा सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। लोगों ने ट्रेनिंग के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में घायल आदमी को कैसे बेसिक लाइफ सपोर्ट देनी है इसके गुण भी सीखे। (अनंत ज्ञान)

# नरगाला में वाहन की टक्कर से घायल हुए सांभर को उपचार कर जंगल में छोड़ा

**अनंत ज्ञान, जवाली**

एक तरफ जंगलों में अंधाधुंध हो रहा कटान जंगली जानवरों को गांवों की तरफ कूच करने को मजबूर कर रहा है। ऐसा ही मामला वीरवार को नरगाल-मतलाहड़ संपर्स्त्र मार्ग पर नरगाला में देखने को मिला है। नरगाला में जंगली सांभर किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया, जिसको स्थानीय लोगों ने देखा और इसकी सूचना पंचायत प्रधान शिव धीमान को दी। वहीं, प्रधान ने मौके पर जाकर इस बारे पशुपालन विभाग व वन विभाग को सूचना दी।

पशुपालन विभाग की टीम ने मौका पर पहुंचकर घायल सांभर को उपचार दिया तथा वन विभाग के गार्ड मोहित कुमार के हवाले कर दिया। वन विभाग की टीम घायल सांभर



को अपने साथ ले गई है तथा ठीक होने उपरांत उसको जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

### आज मनाया जाएगा बालिका दिवस

**अनंत ज्ञान, हरिपुर**

हर साल 24 जनवरी का दिन भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करके समाज में उन्हें विकास के लिए समान अवसर के साथ सम्मान दिलाने के मकसद से यह दिन मनाया जाता है।

भारत में जैंडर को लेकर भेदभाव नई बात नहीं है, बल्कि सदियों से चली आ रही है। 24 जनवरी, 1966 को इंदिरा गांधी ने महिला प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी इसलिए 24 जनवरी को भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरुआत साल 2008 में महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से की गई थी क्योंकि भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा था कि एक महिला देश की प्रधानमंत्री बन गई थी, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी बदलाव था।

# पोस्टर प्रेजेंटेशन में शिखा और स्माइली प्रथम

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में चल रही तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस का बुधवार को समापन हुआ। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से पधारे प्रोफेसर महावीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने मुख्य अतिथि का विधिवत रूप से शॉल और टोपी पहनकर औपचारिक स्वागत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के साथ उनका भावनात्मक संबंध है और जब भी वह डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा आते हैं तो, परिवार की तरह अनुभूति होती है और जिस तरह डीएवी कांगड़ा ने अकादमिक क्षेत्र में अग्रणी स्थान बरकरार रखा है, उसके लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डा. बलजीत सिंह पटियाल तथा उनका पूरा स्टाफ बधाई का पात्र है और उन्होंने कहा कि उन्हें आशा है कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन इस महाविद्यालय की गरिमा में चार चांद लगाते रहेंगे। इस कान्फ्रेंस की मौखिक अभिव्यक्ति में बेस्ट पेपर प्रेसेंटेशन डाक्टर अरुणदीप शर्मा, डॉक्टर वसुधा वैद और मिस्टर मोहित सोनी का रहा। पोस्टर प्रेजेंटेशन में शिखा और स्माइली ने प्रथम स्थान, नितिशा, अंकिता और यामिनी चौहान ने द्वितीय स्थान तथा वंशिका, सुरभि, साक्षी और अंबिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर बलजीत सिंह पटियाल ने बताया कि इस कान्फ्रेंस की सफलता का श्रेय आमंत्रित वक्ताओं, शोधार्थियों, ऑर्गेनाइजिंग टीम, कर्मठ शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग तथा विद्यार्थियों को जाता है ।

# भौडा युवक मंडल क्लब ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, भवारना**

प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने भौडा में आयोजित महेंद्र सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन किया।

इस टूर्नामेंट में इलाके की लगभग छह टीमों ने भाग लिया। इसमें मेजबान टीम भौडा युवक मंडल क्लब की टीम विजयी रही। विजेता टीम को संजय चौहान ने ट्रॉफी दी और क्लब के उत्थान के लिए आर्थिक सहायता भी दी। संजय सिंह चौहान ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से आपस में भाईचारा बढ़ता है और खिलाड़ियों को अपने जीवन में अनुशासन समझ आती है।

# एडीजीपी ने बॉर्डर जिला पठानकोट की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



पंजाब का तीन राज्यों से सटा पठानकोट जिले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने एडीजीपी जालंधर पीएपी एमएफ फारूकी ने जायजा लिया है। सबसे पहले उन्होंने सेना और पुलिस प्रशासन के सीनियर अधिकारियों के साथ एक मीटिंग की। इसमें 26 जनवरी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम समेत कई तरह की इंटरनेशनल बॉर्डर से तस्करी को रोकने संबंधी बातचीत हुई। उसके बाद वे पुलिस के जवानों से मिले और उन्हें सुरक्षा के लिहाजे से कुछ स्पेशल टिप्स दिए। उपरांत दोपहर 1 बजे के करीब वे पठानकोट के पुलिस स्टेशन डिवीजन नंबर.1 में पहुंचे। जानकारी देते हुए एडीजीपी एमएफ फारूकी ने कहा कि पूरे पंजाब में एडीजीपी रैंक के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सर्च कर रहे हैं। वहीं, आज पठानकोट का निरीक्षण गणतंत्र दिवस के मध्यनजर किया गया है। पिछले कुछ दिनों में हुए पुलिस थानों पर आतंकी हमलों को लेकर उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए पहले से ज्यादा पुलिस स्टेशनों में सुरक्षा के ठोस प्रबंध किए गए है। दूसरा बाहरी राज्यों से आने जाने वाले लोगों की भी गहनता से जांच पड़ताल हो रही है और इंटरस्टेट नाकों पर फोर्स बढाई गई है। सेकंड लाइन ऑफ डिफेंस निकट भी नाकेबंदी सख्त कर दी गई है। उपरांत एडीजीपी बार्डर क्षेत्र का दौरा कर वापस लौट गए। (अनंत ज्ञान)

**समारोह** सीयू के शाहपुर परिसर में राष्ट्रीय गणित दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# पाई अंक स्पर्धा में गरिमा, पोस्टर मेकिंग में रुचिका फर्स्ट

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के गणित, कंप्यूटर और सूचना विज्ञान स्कूल के तहत वैदिक गणित अनुसंधान केंद्र और श्रीनिवास रामानुजन गणित विभाग ने संयुक्त रूप से शाहपुर परिसर में राष्ट्रीय गणित दिवस समारोह के दौरान विभिन्न आमंत्रित व्याख्यान और छात्र उन्मुख पाठ्येतर गतिविधियों के माध्यम से किया गया। समापन समारोह शाहपुर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्यातिथि डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश की कुलपति प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत परिसर निदेशक, प्रोफेसर भाग चंद चौहान द्वारा अतिथियों का औपचारिक स्वागत करते हुए हुई। मुख्यातिथि प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता ने प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय को इस उल्लेखनीय यात्रा के लिए बधाई दी और छात्रों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने नवाचार और समाज में सार्थक योगदान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में विश्वविद्यालय ने शोध के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में जिस तरह से सफलता हासिल की है वह प्रशंसनीय है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल इस आयोजन के मुख्य संरक्षक रहे। विजेता छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाणपत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में



करवाई गई प्रतियोगिता गणितीय रंगोली में समूह ए के प्रतिभागियों आशिमा कपूर, रुचिका राणा, श्यामली दत्त, विशाल चैधरी, दीपशिखा राणा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार समूह सी से रिया, आरती शर्मा, अभिलाषा, पलक भंगालिया, भावना ठाकुर के नाम रहा, जबकि तृतीय पुरस्कार समूह डी से प्रतीक्षा शरवन, सपना भारद्वाज, विकास कौंडल रोहित कौशल और नवीन भामसी ने प्राप्त किया। पाई अंक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार क्रमशः गरिमा ठाकुर, विक्रम सिंह, गौरव धीमान को मिला द्य गणितीय प्रश्नोत्तरी में प्रथम पुरस्कार तरुण कश्यप को मिला। द्वितीय पुरस्कार विशाल चौधरी ने प्राप्त किया, जबकि तृतीय पुरस्कार आरती शर्मा एवं गौरव धीमान के नाम रहा। गणितीय वार्ता में रुचिका राणा ने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, दिव्यांशु शर्मा ने गणित का शुल्व सूत्र दर्शन विषय पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया, नालंदा विवि पर तृतीय पुरस्कार गौरव धीमान एवं हिरदेजीत सिंह को मिला।

गणितीय डंब सराज में प्रथम पुरस्कार गौरव धीमान और भावना ठाकुर, जबकि द्वितीय पुरस्कार अभिलाषा, और पलक भंगालिया के नाम रहा। तृतीय पुरस्कार आकाश शर्मा और अनिकेत सैम के नाम रहा द्य पोस्टर प्रस्तुति में रुचिका राणा को प्रथम पुरस्कार, विशाली को द्वितीय पुरस्कार और आशिमा कपूर और श्यामली दत्त को तृतीय पुरस्कार मिला।


# जब तक कांग्रेस सत्ता में रहेगी, तब तक ओपीएस जारी रहेगी : सुक्खू

## धर्मशाला में 150 करोड़ रुपए की लागत से अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर बनाने की घोषणा की

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला कांगड़ा के धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के दाड़ी मेला ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने तपोवन के पास 150 करोड़ रुपए की लागत से देश का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस कन्वेंशन सेंटर में बड़े स्तर के सेमिनार आयोजित किए जाएंगे, जिससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र योल कैंट के संचालन, आईटी पार्क में पुल के निर्माण के लिए धनराशि, ओबीसी भवन के निर्माण को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित करने और सड़क निर्माण परियोजनाओं की भी घोषणा की। इनमें झीयोल स्कूल से अंजनी माता, परोल से घियाना खुर्द बड़ा खौला, कुफरी से चामुंडा मंदिर, अलखनी से जयुल कंड करड़ियाना, कनेड से झखरेहड़, चेलियां से पासू, टीका से बनी और लुंटा-बगोटू-खबरोट-टिल्लू सड़क निर्माण परियोजनाएं शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल कर अपना चुनावी वायदे को पूरा किया है। जब तक कांग्रेस सरकार राज्य में सत्तासीन है, तब तक कर्मचारियों को ओपीएस जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य की ऋण सीमा में 1600 करोड़ रुपये की



कटौती की है और ओपीएस बहाल करने के राज्य सरकार के निर्णय को देखते हुए राज्य पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाए हैं। उन्होंने कहा कि एनपीएस के तहत लगभग 9000 करोड़ रुपये अभी भी केंद्र सरकार के पास फंसे हुए हैं और केंद्र सरकार यूपीएस को लागू करने के लिए राज्य पर दबाव बना रही है।

प्रदेश सरकार राज्य के लोगों को बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य कर रही है। लोगों को बेहतर और समयबद्ध उपचार सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए शीघ्र ही आईजीएमसी शिमला और टांडा मेडिकल कॉलेज में पीईटी स्कैन मशीनें उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के लिए पानी और बिजली की सब्सिडी जारी रहेगी और घर के निर्माण के लिए सहायता भी दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि समाज के साधन संपन्न परिवारों को स्वेच्छा से सब्सिडी छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, अभी तक 1,500 लोग बिजली सब्सिडी छोड़ चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि जनता के कल्याण के लिए निर्णय लिए हैं। कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र को विशेष अधिमान दे रही है और किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। ताकि खेती छोड़ चुके किसान पुन: कृषि को अपनाएं। उन्होंने प्राकृतिक खेती को पशुधन प्रबंधन के साथ एकीकृत करने के महत्व पर बल देते हुए कहा कि खेतों में जहां बीज तैयार किए जाते हैं वहां बाड़ लगाने, पानी की उपलब्धता के उपाय तथा किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध किए जाने चाहिए। उन्होंने किसानों से नकदी फसलों अपनाने का भी आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री सुक्खू की जनसभा फ्लॉप जनता ने किया किनारा : सुधीर शर्मा

## कहा, सुक्खू सरकार कांगड़ा जिले के साथ कर रही भेदभाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा कि दाड़ी में उनकी जनसभा पूरी तरह से फ्लॉप रही। जो बसें धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से लोगों को लाने के लिए भेजी गई थी, वे खाली वापस पहुंची है। उन्होंने कहा कि आज भी मुख्यमंत्री ने धर्मशाला के लिए कोई भी बड़ी घोषणा नहीं कीं, मात्र भाषण में एक ही मुद्दा रहा सुधीर शर्मा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री अपने भाषण में राज्यसभा चुनाव का रोना रोते रहे, जबकि जो हमने फैसला किया था उस पर धर्मशाला की जनता ने मोहर लगाई और दोबारा चुनकर भेजा। उन्होंने कहा कि आज रैली स्तर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय को लेकर कुछ लोगों द्वारा प्रदर्शन किया और लोग ज्ञापन चाहते थे, लेकिन मुख्यमंत्री रास्ता बदलकर सभा स्थल तक पहुंचे। धर्मशाला में उन्होंने कोई भी बड़ी घोषणा नहीं की केवल धर्मशाला में कन्वेंशन सेंटर खोलने की बात की, जबकि यह पुरानी योजना है और इसका एडीबी का पैसा पहले से आया हुआ है। इसके अलावा स्कोह में रोलिंग स्केटिंग का भी पहले से ही पैसे का प्रावधान किया गया है। सरकार केंद्रीय विश्वविद्यालय का 30 करोड़ रुपए जमा करना है, उसे जमा नहीं कर रहे हैं, केवल राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम मुख्यमंत्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा के हितों के साथ मुख्यमंत्री भेदभाव और खिलवाड़ कर रहे हैं। आज बेरोजगार सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं।



**केवल राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रहे मुख्यमंत्री**

उन्होंने कहा कि 10 गरंटिया सरकार ने दी थी वह तो पूरी हुई नहीं केवल कागज काले करने का काम सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए यह सरकार आपदा बनकर आई है और अब लोग यह सोच रहे हैं कि कब इससे पीछा छूटेगा। प्रदेश की जनता इस सरकार से कितनी नाराज है इसका अंदाजा धर्मशाला में हुई मुख्यमंत्री की जनसभा से लगाया जा सकता है जहां पर धर्मशाला की जनता ने उनकी रैली से पूरी तरह से किनारा किया। सीयू मामले में केवल राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम मुख्यमंत्री कर रहे हैं।

### सीएम के बैजनाथ दौरे को लेकर पुलिस ने बनाया ट्रैफिक प्लान

# चौबीन चौक से मिनी सचिवालय तक सड़क किनारे वाहन पार्क करने पर रोक

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ में पूर्ण राज्य दिवस को लेकर बैजनाथ पुलिस ने भी यातायात को कंट्रोल करने को लेकर एक महत्वपूर्ण प्लान तैयार किया है, जिसके बाद बैजनाथ सीमा से सटे पढियारखर से लेकर अवाही नाग मोड बैजनाथ तक सड़कों के किनारे वाहनों को खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही बैजनाथ के चौबीन चौक पर लगी टैक्सियों व ऑटो चालकों को भी 25 जनवरी के दिन कहीं अन्य जगह पर खड़ा करवाया जाएगा। सीएम दौरे को लेकर बैजनाथ के चौबीन चौक से लेकर मिनी सचिवालय तक कोई भी वाहन सड़क किनारे खड़ा करने पर पाबंदी रहेगी। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों व मीडिया के वाहनों को ही इंदिरा गांधी स्टेडियम के समीप पुलिस थाना, पीडब्लयू डी पार्किंग तक जाने दिया जाएगा। बैजनाथ के डीएसपी अनिल शर्मा ने बताया कि बैजनाथ की ओर से आने वाले वाहनों के लिए मिनी सचिवालय पार्किंग, टी फैक्टरी, बैजनाथ कॉलेज पार्किंग में पार्क करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को बैजनाथ के इंदिरा गांधी स्टेडियम में सीएम को सलामी को लेकर तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं व रोजाना दर्जनों पुलिसकर्मी परेड की रिहर्सल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिव मंदिर बैजनाथ की दोनों पार्किंगों को दो दिनों तक समान्य उपयोग के लिए बंद किया गया है व वहां पर प्रशासनिक व सीएम काफिले के साथ आए वाहनों को पार्क करने की सुविधा रहेगी। इसके साथ ही बैजनाथ अस्पताल मार्ग से मंदिर मार्ग तक सड़क किनारे लगी रेहड़ी-फड़ी धारकों को भी अन्य जगह जाने की हिदायत दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### सीएम ने सुनी जनसमस्याएं



धर्मशाला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को सर्किट हाउस धर्मशाला में लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के लोगों को बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य कर रही है। (अनंत ज्ञान)

## बैजनाथ में मुख्यमंत्री को सम्मानित करेंगे विभागीय अधिकारी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में पूर्ण राज्य दिवस के अवसर पर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दौरे को लेकर जोर-शोर से चल रही प्रशासनिक तैयारियों को अब अंतिम रूप दिए जा रहा है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू बैजनाथ में पहली बार स्टेट हुड डे पर आ रहे हैं। ऐसे में बैजनाथ के कई विभाग सीएम को सम्मानित करने के लिए अपनी-अपनी ओर से स्मृति चिन्ह बनाने में जुटे हुए हैं। कई समाजसेवी संस्थाएं व नपं भी सीएम को सम्मानित कर रही है।

# मंत्री यादविंद्र गोमा ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

25 जनवरी को बैजनाथ के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयुष युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। इस अवसर पर उपायुक्त कांगड़ा, हेमराज बैरवा और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। आयुष मंत्री और उपायुक्त कांगड़ा ने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर की गई सभी तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान इंदिरा गांधी स्टेडियम की गयी तैयारियों का गहनता से अवलोकन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की तैयारियों में कोई कमी न रहे और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं। आयुष मंत्री ने कहा कि पूर्ण राज्यत्व दिवस, हिमाचल प्रदेश के नागरिकों के लिए सम्मान और गौरव का समारोह है। प्रदेशवासियों के लिए गौरवान्वित होने और उत्साह का उत्सव है। उन्होंने कहा कि पूर्ण राज्यत्व दिवस का आयोजन भव्यता के साथ मनाया जाएगा। उपायुक्त कांगड़ा ने अधिकारियों को तैयारियों से संबंधित दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्ण राज्यत्व दिवस परेड के लिए की रिहर्सल



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस के आयोजन को लेकर वीरवार को कमांडेंट सकोह बटालियन खुशहाल शर्मा ने पूर्वभ्यास परेड का निरीक्षण किया तथा जवानों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परेड में जिला कांगड़ा की 12 प्लाटून भाग लेंगी। जिसमें पुलिस, एसएसबी ,होमगार्ड जवान सहित एनसीसी व स्काउट एंड गाइड के वॉलिंटियर्स परेड का हिस्सा होंगे। इस दौरान उनके साथ बैजनाथ के डीएसपी अनिल शर्मा थाना प्रभारी मनीष शर्मा भी साथ उपस्थित रहे। 25 जनवरी को मनाए जाने वाले पूर्ण राज्यत्व दिवस की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। बैजनाथ में पूर्ण राज्य दिवस का कार्यक्रम पहली बार मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर जहां जिला तथा स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रहा है वहीं पर बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल भी अपने कार्यकर्ताओं से बैठक कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं।

### कार्तिक और दिवांश ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के भारोत्तोलक कार्तिक पराशर और दिवांश ठाकुर ने अपने असाधारण प्रदर्शन से संस्थान को गौरवान्वित किया है। दोनों ने कुलपति प्रो. दोनों ने अपनी उपलब्धियों को साझा करने के लिए छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पांडा और डॉ. फरहान भट्ट के साथ कुलपति प्रो. नवीन कुमार से मुलाकात की। छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पांडा ने युवा एथलीटों की सफलता की प्रशंसा करते हुए बताया कि दोनों का चयन उत्तर क्षेत्र भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जालंधर के लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित इस प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दिवांश ठाकुर ने 73 किलोग्राम भार वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि कार्तिक पराशर के प्रदर्शन ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर स्थान दिलाया। कार्तिक पराशर ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा की, जहां उन्होंने सराहनीय 12वां स्थान हासिल किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के कुल पांच छात्रों ने भाग लिया था।

### 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' से किया वर्चुअल संवाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को धर्मशाला से वर्चुअल माध्यम से बिलासपुर जिला के भगेड़ स्थित अपराजिता बाल आश्रम के 17 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' से संवाद किया। यह बच्चे दो दिवसीय शैक्षिक और मनोरंजक भ्रमण पर गए हैं। इन बच्चों ने बीटिंग रिट्रीट समारोह देखने के बाद वाघा बॉर्डर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री से बातचीत की। दो दिवसीय भ्रमण के दौरान यह बच्चे अमृतसर, वाघा बॉर्डर, स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग और साइंस सिटी कपूरथला भी जाएंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आठ वर्षीय अजय से बातचीत की और उसके अनुभव जाने। अजय ने मुख्यमंत्री को बताया कि उसे वाघा बॉर्डर में परेड और संग्रहालय देखने में बहुत आनंद आया। एक अन्य बच्चे कृष कुमार ने बताया कि पहली बार परेड देखकर वह ऊर्जा से सराबोर हो गए और उन्हें बीएसएफ में सेवाएं देने की प्रेरणा मिली। सागर ने बताया कि यह जिंदगी में पहला मौका था जब वह इतनी दूर गए और अपने दोस्तों के साथ इस भ्रमण का भरपूर आनंद लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सभी अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है और उनकी देखभाल, शिक्षा और मनोरंजक गतिविधियों की जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने बच्चों को आश्वासन दिया कि उन्हें अगले साल नए स्थलों के भ्रमण पर भेजा जाएगा ताकि वे सीख सकें और आगे बढ़ सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' उनके लिए परिवार की तरह हैं।

### मलां-मस्सल-रानीताल सड़क का काम जल्द पूरा होगा : बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** मलां मस्सल-सरोत्री-बड़ोह-रानीताल सड़क के राष्ट्रीय हाईवे बन जाने से यहां के हजारों लोगों को इसका लाभ होगा और उनका जीवन पहले से और ज्यादा आसान होगा। ये उद्गार हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने इस सड़क से संबंधित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विकास पुरुष स्वर्गीय जीएस बाली की दूरदर्शी सोच है मलां- बड़ोह-रानीताल राष्ट्रीय हाईवे। उन्होंने कहा कई प्रयत्नों उपरांत जनवरी 2017 को नगरोटा के विकास पुरुष ने अपनी सरकार रहने के दौरान इस सड़क को राष्ट्रीय हाईवे की मंजूरी दिला दी थी। इसके उपरांत इसके प्रथम चरण में एक भाग का कार्य पूर्ण हुआ था। उन्होंने कहा अब सरोत्री- बड़ोह- रानीताल तक इस राष्ट्रीय हाईवे का काम 435 करोड रुपए की राशि से जल्द पूरा किया जाएगा इसके लिए उन्होंने सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने बताया इस सड़क निर्माण में संबंधित विभाग द्वारा जमीन अधिग्रहण संबंधी कार्य अंतिम चरण पर है। इस से पूर्व आरएस बाली का बड़ोह पहुंचने पर अधिकारियों और लोगों ने स्वागत किया।

# दवाई विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री सुक्खू को बताई समस्याएं



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा के दबाई विक्रेता अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिले। उन्होंने कहा कि हिमाचल में नारकोटिक्स दवा के दुरुपयोग को रोकने हेतु सरकार द्वारा जो नियम बनाए हैं। हम सभी दवा विक्रेता उनका स्वागत करते हैं और सभी नियमों को बहुत कड़ाई से अमल कर रहे हैं, इसलिए हमारा आपसे विनम्र निवेदन है कि जो भी अधिकारी हमारी दुकानों पर रूटीन निरीक्षण के लिए आए तो बिना पुलिस के ही आए, क्योंकि जब उनके साथ पुलिस आती है तो उसका गलत असर हमारी दुकानों पर पड़ता है। इस कारण इलाके में उस समय यह अफवाह फैल जाती है कि उस मेडिकल स्टोर में पुलिस का छापा पड़ा है। जिसका खामयाजा हमारी छवि और काम को भुगतना पड़ता है। अत: आपसे गुजारिश है, कि जब भी नारकोटिक्स विभाग रूटीन निरीक्षण को आए तो बिना पुलिस के आए।

उन्होंने कहा कि दवाई विक्रेता अगर किसी कारणवश दुकान दूसरी जगह शिफ्ट करना चाहता हो तो उससे जरूरी कागजात की मांग दोबारा की जाती है, जबकि उस दुकान के सभी जरूरी कागजात पहले से ही ड्रग अथॉरिटी के पास होते हैं। इसलिए उनसे केवल दुकान का नक्शा/ साइट प्लान एंवम बिजली का बिल ही लिया जाए।

### सीएम को बताई कुडन गोसदन की हालत

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से दूरभाष पर आग्रह किया कि पालमपुर के निकट ग्राम पंचायत बडसर के अंतर्गत नवनिर्मित गौसदन को तैयार किए हुए 2 वर्ष हो गए हैं, लेकिन पालमपुर के वर्तमान विधायक आशीष बुटेल की लापरवाही पूर्वक पिछले दो वर्षों में इलाके के बेसहारा पशुओं को गौसदन में ले जाने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस गौसदन के लिए 2 करोड़ 92 लाख का कुल बजट था। इसके अंतर्गत 2 करोड़ 40 लाख रुपए भवन निर्माण व अन्य आवश्यक सुविधाओं पर खर्च किया जा चुका है, 52 लाख पानी की स्थाई रूप से गौसदन को चलाने के लिए, प्रारंभिक रूप में शुरू करवाने के लिए एक सुरक्षित बजट का भी प्रावधान रखा गया था। कपूर ने मुख्यमंत्री सुक्खू को बेसहारा पशुओं के कारण हो रही किसानों की फसल के नुकसान बारे व सड़कों में यातायात की दृष्टि से वाहन दुर्घटना में हो रही जान माल की हो रही क्षक्ति को लेकर भी विस्तार पूर्वक वस्तु स्थिति से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि जब विभाग ने किसानों की फरियाद पर कोई कदम नहीं उठाया तो मजबूरन क्षेत्र की जनता को आंदोलनात्मक रुख अख्तियार करने पर मजबूर होना पड़ा।

# हर भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब का ऋणी : पाधा




**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

भाजपा मंडल लोअर बैजनाथ द्वारा वीरवार को महाकाल में संविधान गौरव अभियान का मंडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को भाजपा के देव समाज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एडवोकेट अभिषेक पाधा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष पर यह पूरा राष्ट्र उत्सव रूपी अभियान के रूप में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है, इस अभियान के माध्यम से संविधान के मूल्य और सिद्धांतों का प्रचार किया जाएगा।

यही नहीं संविधान के शिल्पकार बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने का एक और अवसर प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर उपस्थित बैजनाथ के पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने कहा कि डॉक्टर बी आर अंबेडकर एक सच्चे राष्ट्रवादी थे जिन्होंने संविधान की आत्मा को परिभाषित करने का काम किया।

उन्होंने कहा कि संविधान पूर्ण रूप से किसी भी देश का सर्वोच्च ग्रंथ होता है, यह वह किताब है जिसमें देश की संवैधानिक संरचना टिकी होती है, सरल शब्दों में कहें तो यह वह किताब है जिस पर देश की सामाजिक, राजनीतिक और न्यायिक व्यवस्था का निर्देशन करने के लिए नियम लिखे होते हैं। यही नहीं संविधान यह भी बतलाता है कि समाज को चलाने का अधिकार क्या हो, कैसे देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकार सुरक्षित हों, किसी भी व्यक्ति के अधिकारों का हनन न हो और सबको सम्मान रूप से आगे बढ़ने का मौका मिल सके।

# पल्लिकेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए तीन लोगों ने दिया दान



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

पल्लिकेश्वर मंदिर के जीर्णोंद्धार का कार्य प्रगति पर है और इस पुनीत कार्य के लिए स्थानीय लोगों के साथ प्रदेश से बाहर और विदेशों में रहने वाले भी श्रद्धा और उत्साह से आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। स्थानीय कमेटी के महासचिव अजय राजपूत और स्वामी रामानंद ट्रस्ट संसाल के महासचिव राजेश शर्मा की देखरेख में चल रहे कार्य के लिए पपरोला के व्यापारी रमन नंदा 51000 और दिल्ली निवासी सुनीता बलराज द्वारा 51,000 तथा ऑस्ट्रेलिया में रह रहे ऋषि सूद द्वारा 50,000 की राशि भेंट की गई।

**औषधि** मध्य प्रदेश, यूपी और महाराष्ट्र के 16 सदस्यीय दल ने ली वनस्पति की जानकारी

# हिमाचल में वनौषधियों का अपार भंडार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हर्बल दवा निर्माता औद्योगिक इकाई रबिसन इंडिया इलेक्ट्रोहोम्यो फार्मा में इन दिनों मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों से 16 सदस्यीय दल भ्रमण पर है। इस दल का नेतृत्व रबिसन इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रोहोमोपैथिक एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के उपनिदेशक डॉ. आरपी सिंह कर रहे हैं।

उन्होंने यहां पहुंचने के बाद पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 16 सदस्यीय दल में शामिल देश के वरिष्ठ चिकित्सकों ने पहली बार हिमाचल प्रदेश की खूबसूरत पहाड़ियों में उगने वाली अनमोल वनस्पति पौधों के बारे जानकारी ली, जिनका उपयोग इलेक्ट्रोहोम्योपैथी दवा निर्माण में



किया जाता है। उन्होंने कहा कि चंबा स्थित देश की एकमात्र प्रयोगशाला में ताजे पौधों से अर्क बनाने की विधि के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त की गई। रबिसन इंडिया के चेयरमैन डॉ संजीव शर्मा ने दल के सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि आज चंबा विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में सफल रहा है। डॉ आरपी सिंह ने बताया कि यहां पहुंचने से पूर्व हमने पंजाब के उत्कृष्ट चिकित्सा अनुसंधान संस्थानों का दौरा कर कई महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। धर्मशाला पहुंचने पर सर्वोदय इंस्टीट्यूट की ओर से चिकित्सकों का स्वागत करते हुए निदेशक डॉ सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि भारत का पहला शिक्षण संस्थान है जहां अखिल भारतीय स्तर की परीक्षा आयोजित करने के बाद छात्रों को डिप्लोमा पाठ्यक्रम में दाखिला दिया जाता है। सर्वोदय संस्थान में विश्वविद्यालय स्तरीय शैक्षिक कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है जो उच्च मानकों पर आधारित है। उल्लेखनीय बात यह है कि इलेक्ट्रोहोमोपैथी चिकित्सा पद्धति में शिक्षा-दीक्षा का कार्य स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेशानुसार ही किया गया है जिससे देश में पद्धति को सर्वोच्च सम्मान मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### रिज पर अंगदान जन जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के रिज मैदान पर वीरवार को आरटीओ शिमला की ओर से रक्तदान व अंगदान जागरूकता शिविर लगाया गया। इसमें स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन की ओर से लोगों को अंगदान से संबंधित जानकारी दी गई। सोटो की आईईसी/ मीडिया कंसल्टेंट रामेश्वरी ने बताया कि अंगदान एक महान कार्य है, जो हमें मृत्यु के बाद कई जिंदगियां बचाने का अवसर देता है। एक व्यक्ति जिसकी उम्र कम से कम 18 वर्ष हो वह स्वैच्छिक रूप से अपने करीबी रिश्तेदारों को देश के कानून और नियमों के दायरे में रहकर अंगदान कर सकता है और अंगदान करने की शपथ ले सकता है।

### मानसिक स्वास्थ्य और नशामुक्ति पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जुब्बा (शिमला)।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत जिला स्तरीय बैठक और प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में आरबीएसके टीम के सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिमला डॉ. राकेश प्रताप ने की। सीएमओ ने बताया कि आरबीएसके राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक प्रमुख कार्यक्रम है। बैठक में आरबीएसके टीमों को टीबी को उन्मूलन करने के लिए 100 दिवसीय अभियान में भाग लेने के लिए समुदाय के बीच जागरूकता उत्पन्न की गई ताकि बच्चों और समुदाय को मानसिक स्वास्थ्य और नशामुक्ति के मुद्दों के बारे में अधिक जागरूक करने के लिए भी संवेदनशील बनाया गया जोकि युवा पीढ़ी के बीच तेजी से बढ़ रहे हैं।

### सड़क सुरक्षा नियमों के विषय में निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वती नगर में प्राचार्य डॉ. पीपी चौहान के मार्गदर्शन में सडक व सेफ्टी क्लब के संयोजक प्रो. पवन कुमार व सदस्यों द्वारा सड़क सुरक्षा पर एक प्लेज (प्रतिज्ञा) रैली का आयोजन किया गया, जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवियों व महाविद्यालय के अन्य छात्रों ने भाग लिया। सड़क सुरक्षा नियमों पर सावड़ा के स्थानीय बाजार तक एक जागरूकता रैली निकाली गई, जहां पर छात्रों ने सड़क सुरक्षा के बारे में व प्रमुख यातायात नियमों और जिम्मेदार ड्राइविंग के नियमों का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

### आईटीआई सुन्नी को मिला प्री ग्रामीण ऊष्मायन केंद्र

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुन्नी में जिला शिमला का पहला प्री ग्रामीण ऊष्मायन केंद्र स्थापित किया गया। इस केंद्र का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को कौशल विकास व स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस केंद्र का विशेष रूप से उन युवाओं को प्रशिक्षित करना है जो लघु व सूक्ष्म उद्योगों की शुरुआत करने के इच्छुक हे। साथ ही तकनीकी और व्यावसायिक कौशल में सुधार के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना है। जिला स्तरीय कार्यशाला समारोह में तहसीलदार सुन्नी चंद्र मोहन ठाकुर, नायब तहसीलदार सुन्नी सलीम मोहम्मद, प्रधानाचार्य आईटीआई सुन्नी गुलाब सिंह ठाकुर, द प्लांट एजुकेशन सोसायटी हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार शर्मा वअसिस्टेंट मैनेजर हर्ष कुमार, एक्सटेंशन ऑफिसर स्मृति,उद्योग विभाग, एसडीपीओ हरदीप धीमान बसंतपुर, ग्रुप इंस्ट्रक्टर आईटीआई सुन्नी राजेंद्र मेहता तथा आईटीआई के समस्त स्टाफ मेंबर सहित लगभग 250 प्रशिक्षणार्थियो ने इस कार्यक्रम में अपनी भागता सुनिश्चित की।

### तत्तापानी सुन्नी किन्नौर समिति का कार्यक्रम 5 फरवरी को

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** तत्तापानी सुन्नी किन्नौर कल्याण समिति द्वारा तोशीम कार्यक्रम का आयोजन आगामी 5 फरवरी को मेला ग्राउंड पर तत्तापानी में आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष सुनील नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी तोशीम कार्यक्रम धूम धाम से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में एनजीओ फेडरेशन किन्नौर के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश नेगी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और फेडरेशन के अध्यक्ष रजित कुमार नेगी बतौर विशेष अथिति शिरकत करेंगे तथा हिमाचल शिक्षक संघ किन्नौर के अध्यक्ष अनिल कुमार नेगी, पुण्य सिंह तथा सत्यवान कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए किन्नौर के गायक कलाकार फुर्बू चुकसा, मिकू नेगी, मुकेश नेगी और संगीतकार रामु नेगी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान किन्नौर के पारंपरिक बाध्य यंत्रों की भी प्रस्तुति पेश की की जाएगी।

### वन मित्र भर्ती : 10 बीटों का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं वन परिक्षेत्र के अंतर्गत वन मित्र एंगेजमेंट प्रक्रिया का 10 बीटों का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में रेंज फॉरेस्ट अधिकारी हंस राज भारद्वाज ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत 593 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 453 उम्मीदवारों ने शारीरिक परीक्षा में भाग लिया। शारीरिक परीक्षा के बाद कुल 313 उम्मीदवारों ने इसे सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के उपरांत 10 वन मित्रों का चयन किया गया है। टकरेडा से स्नोर टिककरी की मोनिका, सडयार से मोहिं के सौरव, घुमारवीं से सोई की बनिता कुमारी, पनोल से टिककर के दीपांशु शर्मा, मेहरी काथला से घ्याणा की बबिता कुमारी, पनियाला से जोल पलाखी की नेहा चंदेल, तन्था से घुराही के आंचल कुमार, डांगू से जबलयाना की प्रियंका कुमारी, हरलोग से घरवासरा के रोहित कुमार और मल्यावर से अमरसिंघपुरा की कुसुम लता का चयन हुआ है। रेंज फॉरेस्ट अधिकारी ने बताया कि चयनित वन मित्रों को प्रतिमाह 10,000 रुपये का वेतन दिया जाएगा। उन्होंने सभी उम्मीदवारों को सूचित किया है कि वे अपना परिणाम घुमारवीं वन परिक्षेत्र कार्यालय, बिलासपुर में आकर देख सकते हैं।

### प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ओयल पंचायत में कृषि विभाग (आत्मा परियोजना) ने प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्राकृतिक खेती की विधियां, इसके लाभ और कृषि में बदलाव के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ के बारे में जागरूक करना था, जिससे वे अपनी कृषि पद्धतियों को बदल कर अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यशाला का संचालन विभाग के सहायक तकनीकी प्रबंधक शुभम चड्ढा ने किया। उन्होंने किसानों को जीरो बजट प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जीरो बजट खेती का उद्देश्य खेती की लागत को न्यूनतम करना है, जिससे किसानों को फसलें बिना किसी अतिरिक्त खर्च के उगाने का अवसर मिलता है। जीरो बजट खेती का मुख्य सिद्धांत यह है कि किसान खेत में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का ही उपयोग करें। बाजार से किसी भी प्रकार की खाद, कीटनाशक या अन्य सामग्रियां न खरीदें।

### विवेक कुमार ने बजौरा में सुनी लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत नखलेहड़ा के गांव बजौरा में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन लोगों को दिया। लोगों ने उनके समक्ष खासकर सड़क की समस्या रखी। विवेक कुमार ने कहा कि जल्द ही लोगों की इस समस्या का समाधान भी कर दिया जाएगा। इस दौरान झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने कहा कि सरकार की ओर से आम जनता के लिए जो योजनाएं चलाई हैं, उनका लोगों को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र के लोगों की सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उनकी प्राथमिकता है कि क्षेत्र का विकास हो। साथ ही लोगों की समस्याएं भी सुलझें। इसके लिए वह लगातार प्रयास कर रहे हैं। विवेक कुमार ने कहा कि सरकार ने भी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है। जिसका लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी भविष्य में भी लोगों की सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

### उपमंडलीय अधिकारी ने झंडूता बाजार का किया निरीक्षण

**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के तहत झंडूता बाजार में दुकानों के बाहर सामान आदि रखकर किए गए कब्जे, और रेहड़ी वाले बाजार में बेतरतीब ढंग से खड़े किए जा रहे वाहनों को लेकर पुलिस, लोकनिर्माण विभाग व प्रशासनिक अधिकारी कुणिका अर्ष ने व्यापार मंडल और टैक्सी यूनियन के साथ झंडूता बाजार में यातायात व अन्य समस्याओं को लेकर निरीक्षण किया। इसमें बाजार की समस्याओं के बारे में प्रशासन ने व्यापार मंडल और टैक्सी यूनियन की राय ली और यातायात को कैसे ठीक किया जा सकता है इसके बारे में चर्चा की। उपमंडलीय अधिकारी कुणिका अर्ष ने बताया कि झंडूता बाजार में हमने एक ज्वाइंट इंस्पेक्शन विभागों के साथ किया। इसमें पुलिस, लोकनिर्माण विभाग और अन्य विभागों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इसमें कुछ समस्याएं थीं जो झंडूता बाजार में देखी जा रही थी। हमने उनका जायजा लिया। यहां पर यही डिस्कस किया गया। कि कैसे इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। हम कैसे यातायात में आने वाली समस्याओं का हल कर सकते हैं। इस पर व्यापार मंडल के प्रधान प्रशांत शर्मा ने बताया कि प्रशासन ने झंडूता बाजार का दौरा किया। जिसमें एसडीएम झंडूता, आरटीओ बिलासपुर, लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी व तमाम अधिकारियों ने झंडूता बाजार का दौरा किया। इसमें व्यापार मंडल का यही कहना है कि जो बाजार में अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहन होते हैं। हमारा लोकनिर्माण विभाग और प्रशासन से आग्रह है कि यहां पर बराबर लाइनिंग की जाए, ताकि लोगों को खरीददारी के लिए दोनों तरफ जगह मिल सके। (अनंत ज्ञान)

# रिज मैदान पर मनाया जाएगा शहीदी दिवस समारोह : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में 30 जनवरी को आयोजित किए जाने वाले शहीदी दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। शहीदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन रिज मैदान पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास प्रात: 10:30 बजे से किया जाएगा। इस दौरान विशिष्ट एवं गणमान्य व्यक्ति महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकार रामधुन और भजनों की प्रस्तुति देंगे।

उन्होंने कहा कि शहीदी दिवस एक गरिमापूर्ण दिवस है और उसकी पवित्रता को बनाए रखने के उचित कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। भव्य आयोजन के लिए विभिन्न विभागों की सहभागिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।



### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

**उपायुक्त** अनुपम कश्यप व पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी ने ऐतिहासिक रिज मैदान पर चल रही राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को 11 बजे आरंभ होगा और इसमें लोगों को भव्य परेड, विभिन्न विभागों की ज्ञानवर्धक झांकियाँ और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने को मिलेंगे। उन्होंने अधिकारियों को समय रहते सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये ताकि समारोह का बेहतर तरीक़े से सफल आयोजन हो सके। उन्होंने आयोजन स्थल पर अधिकारियों से चर्चा की।

### रक्तदान से नहीं होती कोई हानि : अनुपम

**उपायुक्त** अनुपम कश्यप ने सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा ऐतिहासिक रिज मैदान में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जो एक सरहानीय पहल है। सड़क दुर्घटना के समय घायल व्यक्ति को रक्त की अत्यंत आवश्यकता रहती है और ऐसी स्थिति में ब्लड बैंक में रक्त का होना जरूरी है ताकि घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सके। इसके साथ रक्तदान शिविर के माध्यम से संदेश प्रेषित किया जा रहा है कि रक्तदान से व्यक्ति को कोई हानि नहीं होती है।

### रजत यंग अचीवर ऑफ हिमाचल अवॉर्ड से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** सनबीम इंटरनैशनल स्कूल जुब्बल के संस्थापक व चेयरमैन रजत चौहान को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए यंग अचीवर ऑफ हिमाचल प्रदेश के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।



उन्होंने शहरी स्कूलों के समान ग्रामीण लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उनके मार्गदर्शन ने विद्यार्थियों को सदैव अच्छा परिणाम देने के लिए प्रेरित किया गया और शिक्षकों की दिन-रात की कड़ी मेहनत ने विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने आगे भी इस तरह के उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

रजत चौहान को वर्ष 2023 में भी हिमाचल आइकन के खिताब से तत्कालीन शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज द्वारा सम्मानित किया गया था। सनबीम इंटरनेशनल स्कूल जुब्बल के दसवीं कक्षा के पहले बैच ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन किया।

# विक्रमादित्य सिंह ने थाची-रेहाना सड़क पर पुल का किया शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार हर गांव को सड़क सुविधा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है।

अब नई सड़क निर्माण के लिए राजस्व दस्तावेज लोक निर्माण विभाग के नाम करने की जिम्मेवारी पंचायत प्रतिनिधियों की होगी। विक्रमादित्य सिंह थाची पंचायत में थाची-रेहाना सड़क पर 1.13 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किए गए पुल, 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत सामुदायिक भवन थाची, 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक केंद्र शालीघाट तथा 13 लाख रुपए की लागत से निर्मित शाहली से नलाओं एंबुलेंस सड़क का शुभारंभ करने के उपरांत थाची में जनसभा को संबोधित करते हुए जानकारी दे रहे थे।

### 350 करोड़ विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्वीकृत

विक्रमादित्य ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से इन दो वर्षों के दौरान शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 350 करोड से अधिक राशि विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण के लिए स्वीकृत की गई है जिनमें से विकास योजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। दाढ़गी जॉन में लगभग 40 करोड़ रुपए के विकास कार्यो के निर्माण जारी हैं जिसमें 5.50 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित शिमला-मढ़ेड़घाट सड़क की अपग्रेडेशन का कार्य जारी है। इसी तरह माँदरी देलग सड़क, बघार रुगनाला सड़क तथा धामी से थाची सड़क की अपग्रेडेशन शामिल है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के अंतर्गत प्रदेश में 1500 किलोमीटर अतिरिक्त सड़कों का निर्माण आदि शामिल है।

# संजीवनी सहारा समिति ने बीमार लोगों को दी आर्थिक सहायता



आर्थिक सहायता देने के दौरान गणमान्य।

**दशमी रावत, रोहड़ू**

संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू एक सामाजिक संस्था है, जिसका उद्देश्य सदैव ही गरीब, असहाय, जरूरतमंद व बीमार लोंगों की सहायता करना है। संजीवनी परिवार ने वीरवार को रोहड़ू के शरोग पंचायत की 6 साल की बच्ची के इलाज के लिए 5000 रुपए की आर्थिक सहायता की। वहीं समिति ने ढाकगांव पंचायत के खरोट गांव के जरूरतमंद परिवार की 5 हजार रुपए से आर्थिक मदद की।

संजीवनी सहारा समिति लगभग पचास लाख रुपए से ऊपर की आर्थिक मदद कर चुकी है। समिति में लगभग 270 से अधिक सदस्य हो गए है जिनके सहयोग से ये सभी जन सेवा के कार्य निरंतर चल रहे है। (अनंत ज्ञान)

### वनिता की कलाकृतियां बढ़ा रही ड्राइंग रूम की शोभा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** आदिवासी मजदूर माता-पिता की एक बेटी कला के क्षेत्र में पेंटिंग एवं अन्य कलाकृतियां अमीर लोगों के ड्राइंगरूम की शोभा बढ़ा रही हैं।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, ब्यूलिया से उसने 12वीं की परीक्षा पास की। इस परिवार ने उसकी कला की प्रतिभा को पहचान और प्रोत्साहन देना शुरू किया। फुर्सत मिलने के बाद वनिता पेंटिंग बनाती है। उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव का कहना है कि उनकी संस्था वनिता को अपनी कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाने में सहयोग करेगी।

# विकसित भारत में दिल्ली की अहम भूमिका : सुरेश



**अनंत ज्ञान, शिमला**

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा प्रबोधिनी के आईआईडीएल से प्रशिक्षण को लेकर शिक्षा और अनुभव को समृद्ध करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजधानी के वार्षिक अध्ययन टूर में भाग ले रहे सभी छात्र-छात्राओं एवं अधिकारीगण का आज उनके निवास पर आना हुआ। दिल्ली चुनाव में प्रचार के दौरान सुरेश कश्यप ने कहा की जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं तो इसमें विकसित दिल्ली की अहम भूमिका है और विकसित दिल्ली संकल्प पत्र-2025 का आज दूसरा भाग पेश किया जा रहा है। भाजपा का संकल्प दिल्ली को विकसित बनाने का है और संकल्प से सिद्धि की यह यात्रा आने वाले वर्षों में पूरी की जाएगी।

केन्द्र सरकार ने राज्यों के सहयोग से नागरिकों की समस्याओं का समाधान भी किया है और उन्हें सुविधाएं भी दी हैं।

### 'हिमाचलो री शान' राज्य पुरस्कार समारोह 25 को

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राष्ट्रीय संस्था हिमाचल एकता मंच फाउंडेशन द्वारा बेटियां फाउंडेशन के सहयोग हिमाचलो री शान राज्य पुरस्कार समारोह का आयोजन मेला ग्राउंड सुन्नी में आयोजित किया जाएगा।

संस्था के अध्यक्ष दीप लाल भारद्वाज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुषमा गायत्री ने बताया की 25 जनवरी को पूर्ण राज्यत्व दिवस के उपलक्ष्य पर शिमला के सुन्नी में राज्य पुरस्कार समारोह आयोजन किया जा रहा हैं। इस दौरान हिमाचल सहित सुन्नी क्षेत्र के समाजसेवक, समाजसेवी संस्था, स्वयं सहायता समूह, शिक्षा ,खेल जगत, स्वास्थ्य, मॉडल, गायक, म्यूजिक डायरेक्टर, मार्शल आर्ट आदि को सम्मानित किया जाएगा।

# घुमारवीं में स्थायी टैक्सी स्टैंड का काम शुरू

## क्षेत्रवासियों की ओर से 20 साल से उठाई जा रही मांग को अब किया जा रहा पूरा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

इस वर्ष मार्च महीने तक घुमारवीं शहर को एक स्थाई टैक्सी स्टैंड की सुविधा उपलब्ध जाएगी।इसके लिए नगर परिषद द्वारा जगह चिन्हित कर काम शुरू कर दिया गया है।नगर परिषद की माने तो इस वर्ष होने वाले ग्रीष्मोत्सव से पहले यानी मार्च महीने तक इस का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है और कोशिश की जा रही है कि इस मार्च से पहले ही पूरा कर लिया जाए। इस टैक्सी स्टैंड का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग 103 पर स्थित सीर खड्ड पुल के बाई तरफ किया जा रहा है। इस टैक्सी स्टैंड के बनने से जहां टैक्सी चालकों की वर्षों की एक स्थायी टैक्सी स्टैंड की मांग पूरी हो जाएगी, वहीं दूसरी तरफ शहर की यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा। क्योंकि पिछले 20 वर्षों से घुमारवीं के टैक्सी चालक अपने लिए एक स्थाई टैक्सी स्टैंड की मांग करते आ रहे हैं ।लेकिन उन्हें अभी तक यह सुविधा नहीं मिल पा रही थी, जिससे टैक्सी चालक गाड़ियों को राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे या फिर इधर-उधर खड़ा करने के लिए मजबूर थे।



इससे स्थानीय दुकानदारों तथा लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो वाहन चालकों को भी दिक्कतों से जूझना पड़ता है। शहर में टैक्सी स्टैंड ना होने के कारण व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाती है जबकि भारी भरकम टैक्स अदा करने वाले टैक्सी ऑपरेटर अपनी गाड़ियां खड़ी करने के लिए दिन भर देते हैं परेशान होते हैं। बताते चले की घुमारवीं में लगभग 90 गाड़ियां टैक्सी के रूप में दिन-रात लोगों को सुविधा उपलब्ध करवाती हैं। लेकिन प्रशासन इन्हें अभी तक कोई भी स्थाई जगह मुहैया नहीं करवा पाया था।इसके बाद दिन-रात टैक्सी चालकों को आ रही परेशानियों के चलते पिछले दिनों घुमारवीं में कार्यरत शिव टैक्सी यूनियन के पदाधिकारीयों द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष, एसडीएम घुमारवीं,तथा डीएसपी घुमारवीं को लिखित ज्ञापन देखकर स्थाई टैक्सी स्टैंड की मांग की गई थी । जिसके बाद अब नगर परिषद द्वारा चालकों के लिए स्थाई टैक्सी स्टैंड की व्यवस्था की जा रही है।

नगर परिषद घुमारवीं के कार्यकारी अधिकारी खेमचंद वर्मा ने बताया कि काफी समय से टैक्सी चालक स्थाई टैक्सी स्टैंड की मांग कर रहे थे, जिसके तहत नगर परिषद ने सीरखड्डु पुल के बाई तरफ स्थाई टैक्सी स्टैंड की व्यवस्था शुरू की है। इसका कार्य शुरू कर दिया गया तथा इसको मार्च महीने तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि कोशिश की जा रही है कि मार्च महीने से पहले ही इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाए। (अनंत ज्ञान)

# स्कूली छात्रा की पिटाई मामले में घुमारवीं थाने में मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राजकीय उच्च पाठशाला कल्लर में एक अध्यापक द्वारा सातवीं कक्षा की छात्रा की पिटाई के मामले में पुलिस थाना घुमारवीं में अध्यापक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बुधवार को छात्रा के पिता विजय कुमार निवासी गांव कोटलु बिंदडया ने बेटी के साथ थाने पहुंचकर अध्यापक पर बेटी की पिटाई करने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस को दी अपनी शिकायत बताया कि उनकी बेटी राजकीय उच्च पाठशाला कल्लर में सातवीं कक्षा में पढ़ती है।

सोमवार को स्कूल में कार्यरत छात्रा के सामाजिक शास्त्र के अध्यापक राकेश चौधरी ने उसकी बेटी की बिना कारण पिटाई कर दी। इस दौरान अध्यापक ने छात्रा के मुंह पर लगातार करीब 15 थप्पड़ मारे। जिससे उसके कान में सूजन आ गई। पिता का कहना था कि मामले की जानकारी मिलने के बाद वह बच्ची को लेकर उसकी जांच करवाने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरठीं में ले गए, जहां डॉक्टर से उसकी जांच करवाई तो डॉक्टर ने कान में सूजन की पुष्टि की। हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन की एक टीम ने भी स्कूल का दौरा कर बच्ची और उसके परिवार से बातचीत की थी तथा उन्होंने अध्यापक के बयान भी दर्ज किए थे। वहीं, दूसरी तरफ स्कूल प्रबंधन में दोनों पक्षों के बीच समझौता करवाने का प्रयास किया था। लेकिन बच्चों के माता-पिता इसके लिए तैयार नहीं थे। उनका आरोप था कि उक्त अध्यापक पर इससे पहले भी बच्चों की पिटाई करने के आरोप लग चुके हैं और इन सभी मामलों की शिकायत स्कूल के रजिस्टर में दर्ज है। लेकिन किसी भी मामले हिंदी अध्यापक पर कोई कार्रवाई नहीं दी गई है।

इस बार भी मामले पर किसी तरह की कोई कार्रवाई न होने पर छात्र के पिता बुधवार को पुलिस थाना घुमारवीं पहुंचे जहां पर उन्होंने उक्त अध्यापक के खिलाफ मामला दर्ज करवरकर मामले की जांच की मांग की है। मामले की पुष्टि डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने की है।

### चैत्र मेलों में शाहतलाई आने वाले श्रद्धालु होंगे परेशान

# बरठीं को 3 जिलों से जोड़ने वाली घुमारवीं-शाहतलाई सड़क खस्ताहाल

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र की सबसे बड़ी सड़क, जो तीन जिलों को आपस में जोड़ती है, इसकी स्थिति बहुत ही दयनीय है। यह सड़क घुमारवीं से बरड़, बरठीं होते हुए उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ शाहतलाई जाती है। यह सड़क बिलासपुर के बरठीं, झंडूता, घुमारवीं को हमीरपुर और ऊना जिले से जोड़ती है। इस सड़क से झंडूता ,घुमारवी बरठीं के हजारों लोग ऊना, बड़सर हर दिन सफर करते हैं। लाखों श्रादालु बाबा बालकनाथ मंदिर शाहतलाई दर्शन के लिए जाते हैं, वे भी इसी मुख्य मार्ग का इस्तेमाल करते हैं।

आपको बता दें कि दो महीने बाद बाबा बालकनाथ मंदिर शाहतलाई में चैत्र मेलों की शुरुआत हो जाएगी। इसमें लाखों लोग बाबा बालक नाथ जी के दर्शन एक महीने तक करेगें। लेकिन सड़क की स्थिति बहुत ही दयनीय है। जिससे देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों में राजकुमार का कहना है कि लगभग 40 सालों से इस सड़क की स्थिति ऐसी ही बनी हुई है। मैं प्रशासन से यही प्रार्थना करता हूं कि इस सड़क की मरम्मत करवाना बहुत ही आवश्यक है। इस सड़क से हजारों वाहन रात दिन गुजरते हैं। इस सड़क पर आप ध्यान दें। अमरनाथ धीमान संस्थापक कोटधार नलवाड़ मेला का कहना है कि सड़क बहुत ही पुरानी सड़क है। यह कोटधार क्षेत्र को भी बरठीं के मलारी में जोड़ती है। इस सड़क की स्थिति बहुत ही दयनीय है। इस सड़क पर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। और विभाग को इसके जिर्णोद्धार के लिए कोई कदम उठाना चाहिए, ताकि लोगों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े।



# सुन्हाणी के बलडा में जेवर व नकदी लेकर चोर फरार

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत सुन्हाणी के बलडा गांव में बीती रात एक चोरी की घटना समाने आई है। रीना देवी पत्नी विकास कुमार ने बताया कि उनके पति आजकल झंडूता अस्पताल में नौकरी करते हैं, जो कुछ दिन से कुल्लू में हैं। पति के कुल्लू जाने के बाद यह भी बच्चों सहित प्रथम मंजिल में ही रात को सोती है। सुबह करीब 6 बजे उनका नौकर रोज की तरह पशुशाला में पशुओं को देखने गया जो कुछ ही समय में वापस आ गया और कहने लगा कि पशुशाला के बाहर एक ट्रंक पड़ा है। चोर ने उस संदूक में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर लिया था। इस बाबत पुलिस थाना तलाई में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# बाल-बाल टला बड़ा सड़क हादसा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** किरतपुर-नेरचौक सड़क मार्ग पर वीरवार सुबह 9 बजे एक बड़ा सड़क हादसा होने से बाल-बाल टल गया। घटना में दो एक्सयूवी गाड़ियां और एक तेल टैंकर आपस में टकरा गए। हादसा उस समय हुआ जब दोनों एक्सयूवी गाड़ियां किरतपुर की ओर जा रही थीं और एक तेल टैंकर को दोनों तरफ से ओवरटेक करने का प्रयास कर रही थीं। दोनों एक्सयूवी गाड़ियां आपस में टकरा गईं। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

**भ्रमण** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना किए 16 बच्चे

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के अंतर्गत जिला बिलासपुर में 16 बच्चों को शैक्षिक और मनोरंजक दौरे पर भेजा गया। तकनीकी शिक्षा, नगर नियोजन, आवास, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने इन बच्चों के समूह की बस को भगेड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

योजना के तहत निराश्रित बच्चों को अमृतसर और जालंधर की दो दिवसीय विजिट पर ले जाया जाएगा। इस दौरान बच्चे वाघा बॉर्डर, हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) और जलियांवाला बाग जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों पर जाकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न पहलुओं और देश की गौरवशाली संस्कृति से परिचित होंगे। इसके अतिरिक्त बच्चों को कपूरथला स्थित एके गुजराल साइंस सिटी का भी दौरा कराया जाएगा, जहां वे विज्ञान और आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना न केवल अनाथ और निराश्रित बच्चों को शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती है, बल्कि उनके आत्मनिर्भर भविष्य की नींव भी रखती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने अनाथ बच्चों के कल्याण के लिए विशेष कानून बनाया है।



## न्यूज ब्रीफ

### प्रदर्शन प्लॉट देखने पहुंचे बिलासपुर के किसान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** विकास खंड सुंदरनगर के कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा के अधिकारियों द्वारा जिला बिलासपुर के विकास खंड नयना देवी के लगभग 30 किसानों को प्रदर्शन प्लॉट भ्रमण करवाया गया तथा शुन्य लागत जहर मुक्त प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। यह प्रदर्शन प्लॉट सुंदरनगर की ग्राम पंचायत कलोहड़ के शिकारी गांव तथा जड़ोल में लगाए गए हैं, जिनमें प्राकृतिक खेती द्वारा तैयार मिश्रित खेती की जा रही है। सुंदरनगर और बिलासपुर के किसानों ने प्राकृतिक खेती के बारे आपस में चर्चा की। कृषि विकास खंड के खंड तकनीकी प्रबंधक लेखराज ने बताया कि किसानों को मिश्रित खेती के बारे में दी।

### बल्ह में दराट से किया हमला, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में दराट से हमला करने और जान से मारने की धमकियां देने का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार हरि सिंह पुत्र तुलसीराम गांव सकरोहा ने शिकायत दर्ज करवाई कि देवी सिंह व उसके परिवार ने हरि सिंह को रोक कर गाली गलौज करके डंडों से मारपीट की। चिल्लाने पर इसका बेटा व पत्नी आए, तो देवी सिंह ने उन पर दराट से हमला किया व जान से मारने की धमकियां दी।

### स्वास्थ्य विभाग में भरे जाएंगे स्टाफ नर्सों के 16 पद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हिमाचल प्रदेश में बैच आधार पर भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित वर्ग से स्टाफ नर्स के 16 पदों को भरा जाना है। इन पदों को भरने के लिए निदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने रोजगार कार्यालयों को निर्धारित बैच के आधार पर मांग पत्र जारी किया है। प्रभारी उप रोजगार कार्यालय जोगिंद्रनगर सुमित ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित श्रेणी से स्टाफ नर्स के बैचवाइज आधार पर 16 पद भरे जाने हैं, जिनमें सामान्य श्रेणी लिए बैच दिसंबर 2014, अनुसूचित जाति के लिए बैच दिसंबर 2015, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए बैच दिसंबर 2015 तथा अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए बैच दिसम्बर 2019 तक के भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित उम्मीदवार पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि स्टाफ नर्स के इन पदों के लिए पात्र आवेदक आगामी 29 जनवरी 2025 से पहले अपना नाम ऑनलाइन माध्यम से रोजगार कार्यालय में पंजीकृत करवाना सुनिश्चित करें, ताकि उनका नाम निदेशक, स्वास्थ्य एवं कल्याण विभाग शिमला को समय रहते भेजा जा सके।

### जल्द हो लंबित जेबीटी से एचटी की प्रमोशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्राथमिक शिक्षक संघ के संरक्षक राम सिंह राव की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल जिला मंडी उपनिदेशक से मिला व जिला मंडी की समस्याओं से उपनिदेशक को अवगत करवाया। इस दौरान संघ के संरक्षक राम सिंह राव ने कहा कि जिला में लंबित जेबीटी से एचटी प्रमोशन को जल्द किया जाए और एचटी से सीएचटी पदोन्नति जो काफी समय से नहीं हो पाई है उसे 15 दिन के अंदर किया जाए। उन्होंने कहा कि जो अध्यापक कंफर्मेशन के शर्तें पूरी करते हैं उन्हें जल्द कंफर्म किया जाए व सीनियरिटी लिस्ट को तुरंत अपडेट करके शिक्षकों से साझा किया जाए। उन्होंने कहा कि पाठशाला के बिजली बिल का भुगतान विभाग स्तर पर हो और मिड डे मील के बिलों का भुगतान मास दर मास हो। प्राथमिक शिक्षा के लिए अलग निदेशालय की स्थापना का प्रस्ताव जिला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उच्च अधिकारियों को भेजा गया है।

### चौधरी मार्केट डडौर से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में बाइक को चोरी करने का मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार विनोद चंदेल पुत्र नंदलाल गांव खांदला डाकघर कुम्मी तहसील बल्ह मंडी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बाइक नंबर एचपी82-1862 को चौधरी मार्केट डडौर से बाइक चोरी हो गई है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस जांच कर रही है।

### प्रवासी कामगारों को पंजीकरण करवाना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जिला में आ रहे प्रवासी कामगारों के लिए अपने समीप के पुलिस स्टेशन में पंजीकरण करवाना जरूरी है। इस संदर्भ में जिला दंडाधिकारी, मंडी अपूर्व देवगन ने आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार जिला पुलिस की ओर से सूचित किया गया है कि मंडी जिला में प्रवासी कामगार, शॉल-कंबल विक्रेता सहित रेहड़ी-फहड़ी लगाने के लिए बाहर से बड़ी संख्या में कामगार पहुंच रहे हैं। इनमें से कई पुलिस को सूचित किए बिना ही यहां रहने लगते हैं। इसे देखते हुए जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत प्रवासी कामगारों के सत्यापन किया जा रहा है। आदेशों के मुताबिक किसी भी इन्वेस्टर, ठेकेदार, व्यक्ति के लिए ये भी अनिवार्य होगा कि वह राज्य के बाहर से किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करते समय ऐसे श्रमिकों का पूरा विवरण उनकी फोटो सहित समीप के पुलिस थाना में उपलब्ध कराएं। इसके अतिरिक्त नियमित आजीविका कमाने के उद्देश्य से मंडी जिले के भीतर किसी भी स्थान पर अस्थायी निवास करने वाले सभी रेहड़ी-फड़ी और फेरीवाले और ठेकेदार के पास काम करने वाले मजदूर स्थानीय पुलिस स्टेशन में अपना पंजीकरण अवश्य करवाएंगे।

### भाजपा ने संविधान गौरव अभियान का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा संजौली मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष संजीव चौहान की अध्यक्षता में संविधान गौरव अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्यार सिंह कंवर रहे उनके साथ भाजपा के पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, कोषाध्यक्ष कमलजीत सूद, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, प्रत्याशी संजय सूद, जिला अध्यक्ष केशव चौहान, किसान मोर्चा के अध्यक्ष संजीव दृष्टा उपस्थित रहे। प्यार सिंह कंवर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कांग्रेस पार्टी, जिसने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का हमेशा अपमान किया, उनका मजाक उड़ाया और उन्हें लज्जित किया, आज वही पार्टी उनके नाम पर हक मांगने का ढोंग कर रही है। कांग्रेस की सोच हमेशा अंबेडकर विरोधी रही है। इस दूरदर्शी नेता के जीवन और आदर्शों का उत्सव मनाने के लिए पराक्रम दिवस स्थापित किया है।

## डलहौजी में विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं और प्रशासन ने जयंती पर सुभाष चंद्र किए याद

# आजादी के महानायक की कुर्बानियां की याद

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती के पावन अवसर पर यादगार सभा पंचकूला, हिमोतकरष जन कल्याण परिषद डलहौजी एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी के सुभाष चौक में सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस आयोजन में तहसीलदार रमेश कुमार चौहान ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

उन्होंने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की तो वहीं आजादी के महानायक की कुर्बानी को भी याद किया।

इस आयोजन में यादगार सभा के महासचिव वीरेंद्र कुमार द्वारा सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तो वहीं हिम्मत कर्ज जनकल्याण परिषद की महासचिव डिंपल अरोड़ा ने भी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की इस आयोजन में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के आए हुए पदाधिकारी ने आजादी के महानायक को फूलमालाओं तथा पुष्पांजलि अर्पित की गई। आयोजन में देशभक्ति के गीतों ने भी चौक में एकत्रित लोगों का देशभक्तिमय करते हुए देशभक्ति के जज्बे से भर दिया। आज का यह दिन जहां पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है तो वहीं इस दिन को शहीदी दिवस के रूप में भी याद किया जाता है क्योंकि आज ही के दिन भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव को फांसी पर भी लटकाया गया था।



## सुभाष चंद्र बोस को अर्पित किए श्रद्धासुमन



**भारत** देश के अमर स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य पर राजकीय उच्च पाठशाला बैली के समस्त स्टाफ, बच्चों तथा एसएमसी द्वारा पराक्रम दिवस मनाया गया तथा उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। शारीरिक अध्यापक श्री सुरेंद्र पठानिया ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके जीवन मूल्यों, उनके बलिदान को याद किया गया। पाठशाला के बच्चों द्वारा भी उनकी तस्वीर पर सुमन अर्पित किए सभी बच्चों द्वारा तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा तथा जय हिन्द के अमर नारों का उच्चारण करके उन्हें जीवंत किया गया स्कूल के सभी सदनों द्वारा सुभाष चंद्र बोस को सलामी दी गई। इस अवसर पर कार्यवाहक मुख्याध्यापक ओम आजाद ने बताया कि बोस का जीवन हम सभी भारतवासियों के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है देश के लिए किस तरह सर्वस्व लुटाया जाता है,उनके जीवन से सीखने को मिलता है। आज़ाद ने बताया कि उनके जीवन मूल्यों को अपनाकर हम सभी को प्रगति पथ पर आगे बढ़ते हुए देश हित के लिए समर्पित रहना चाहिए। इस अवसर पर सुरेंद्र राठौर, निशा थापा, सुरेंद्र पठानिया, लक्ष्मी देवी, कौशल्या देवी, नीरज भारद्वाज,हंस राज, अंबिका, आदित्य, सानिया उपस्थित रहे।

# कार और एचआरटीसी बस में टक्कर, चालक घायल



हादसाग्रस्त वाहन।



**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

आज एनएच 154 ए बनीखेत पेट्रोल पंप शिव मंदिर के पास एक मारुति अल्टो कार तथा हिमाचल पत्र परिवहन निगम की बस भिड़ंत का मामला प्रकाश में आया है।

जानकारी के अनुसार हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस एचपी 68 6716 पठानकोट की तरफ जा रही थी तो वहीं मारुति अल्टो कार एचपी 47बी 1022 बनीखेत की तरफ आ रही थी जैसे ही पेट्रोल पंप बनीखेत शिव मंदिर के पास कार पहुंची वैसे ही मोड पर कुत्तों के झुंड को बचाने के चक्कर में कार सामने से आ रही बस से जा टकराई जिससे कार तथा बस दोनों का ही नुकसान हुआ है तो वहीं चालक को भी हल्की चोटें आई हैं, जिन्हें सिविल अस्पताल डलहौजी में प्राथमिक की देने के उपरांत घर भेज दिया गया। इस सारे मामले में एचआरटीसी बस के चालक तथा कार चालक के बीच हुए नुकसान को लेकर आपसी सहमति बन गई जिससे पुलिस द्वारा मामला नहीं हो पाया।

**कुत्तों के झुंड को बचाने के चक्कर में कार सामने से आ रही बस से जा टकराई**

वहीं प्रत्यक्षदर्शीयों ने बताया कि अगर कुत्तों का झुंड सामने नहीं आता तो शायद यह दुर्घटना ही नहीं होती कहीं ना कहीं क्षेत्र में कुत्तों की तादाद ही ज्यादातर दुर्घटनाओं का कारण बन रही है जो की एक गंभीर चिंता का विषय है।

# बच्चों को नहीं लेना चाहिए परीक्षा का दबाव

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करने के दौरान गणमान्य।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में 'पराक्रम दिवस' के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती और परीक्षा पे चर्चा 2025 के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को परीक्षा के तनाव से मुक्त होकर इसे एक उत्सव की तरह मनाने के लिए प्रेरित करना था।

इस प्रतियोगिता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह, केंद्रीय विद्यालय चमेरा 1 और 2, जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नागली, राजकीय माध्यमिक विद्यालय बैल्ली और सकरेरा के अलावा चंबा मिलेनियम स्कूल और गुरु नानक पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 से 12 तक के कुल 100 छात्रों ने भाग लिया। विद्यालय प्राचार्या करमजीत कौर ने सभी बच्चों और शिक्षक-शिक्षिकाओं का इस कार्यक्रम के लिए विद्यालय में स्वागत किया। प्राचार्या महोदया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा का दबाव नहीं लेना हैं बल्कि हमें इन शेष दिनों का सही से उपयोग करके उन्हें परीक्षा की दृष्टि से विशेष बनाना हैं।

इसके बाद छात्रों ने इस श्रृंखला पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया।

# राज्य स्तरीय शास्त्रीय स्पर्धा में 17 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**लक्की, करसोग**

श्रीअरविंद संस्कृत महाविद्यालय करसोग के छात्राओं ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर द्वारा राज्य स्तरीय शास्त्रीय स्पर्धा में भाग लेते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया महाविद्यालय के प्राचार्य आचार्य कुशाल शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय से कुल 17 छात्रों ने शास्त्रीय स्पर्धा में भाग लिया, जिसमें 11 छात्राएं और 6 छात्रों ने भाग लिया। शास्त्रीय स्पर्धा में महाविद्यालय की 3 छात्राएं प्रथम स्थान प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।



राज्य स्तरीय शास्त्रीय स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

# घणाहट्टी में 60 महिलाओं को बांटी सिलाई मशीन

**अनंत ज्ञान, घणाहट्टी**

एक सराहनीय पहल में टाटा पावर लिमिटेड, ऊषा इंटरनैशनल और हेल्पिंगहैंड संस्था द्वारा आयोजित सिलाई प्रशिक्षण में 160 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा हैं जिसका समापन 19 फरवरी 2025 को होगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 दिसम्बर 2024 से शुरू हुआ हैं।

इस प्रशिक्षण में 6 बैच में 160 महिलाओं को प्रशिक्षण के साथ साथ उन्हे आत्मनिर्भर बनने के लिए सिलाई मशीन भी दी जा रही हैं जिस से यह महिलाएं घर पर बैठ कर सिलाई को अपना आजीविका का स्त्रोत बनाएगी। इस प्रशिक्षण में लगभग टूटू ब्लाक के सभी गांव को कवर किया गया।

इसी क्रम में आज पहले 2 बैच की 60 महिलाओं को सिलाई मशीन बांटी गई हैं । प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं ने इस कार्यक्रम के लिए आयोजकों और प्रयोजकों का आभार व्यक्त किया।





महिलाओं को विभिन्न संस्थाओं के सदस्य सिलाई मशीन बांटते हुए।

उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण उनके लिए एक नई शुरुआत है और वे अब अपने परिवार का पालन-पोषण करने में सक्षम होंगी। हेल्पिंगहैंड संस्था ने टाटा पावर तथा ऊषा का तह दिल से धन्यवाद किया और कहा संस्था का उदेश्य महिलाओं को आजीविका से जोड़ना और उनको आत्मनिर्भर बनाना हैं कार्यक्रम में उपस्थित सभी मास्टर ट्रैनर का संस्था ने धन्यवाद किया ।

# निशुल्क टीबी स्क्रीनिंग पर लगाया शिविर

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

टीबी उन्मूलन अभियान के तहत वीरवार को बट्ट नर्सिंग कॉलेज एवं आईटीआई बोंखरी मोड़ में नि:शुल्क टीबी स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर दौरान डॉ. देवेश शर्मा की अगुवाई में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक राहुल देवगन, वरिष्ठ रेडियोग्राफर रविंद्र सिंह, एक्स-रे तकनीशियन सचिन सिंह, आशा वर्कर समंवयक कुलदीप चंद, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक वकील चंद, सीएचओ प्रियंका व मंजुला तथा वर्कर रानो देवी व बबली देवी ने अपनी सेवाएं दी।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा इस मौके पर लगभग 115 रेजिडेंशियल प्रशिक्षुओं की अत्याधुनिक हैंडल्ड एक्स-रे मशीन के द्वारा जांच की गई, जिनमें से कि 25 प्रशिक्षुओं के सैंपल जांच हेतु लिए गए। डॉ. देवेश शर्मा व वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक राहुल देवगन ने बताया कि खंड स्वास्थ्य अधिकारी समोट शाम लाल शर्मा के दिशा निर्देशों पर स्वास्थ्य खंड समोट में विभिन्न स्थानों पर टीबी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तहत बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं आईटीआई बोंखरी मोड़ में आयोजित शिविर दौरान 115 प्रशिक्षुओं की स्क्रीनिंग किए जाने के साथ 25 प्रशिक्षुओं के सैंपल जांच हेतु लिए गए हैं।

**115 प्रशिक्षुओं की स्क्रीनिंग किए जाने के साथ 25 के लिए सैंपल**

उन्होंने बताया कि जांच दौरान यदि किसी प्रशिक्षु में टीबी के लक्षण पाए गए तो उस प्रशिक्षु का तुरंत निशुल्क उपचार शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य खंड समोट के तहत अबतक रुल्यानी, बलेरा, स्वामी हरिगिरी नर्सिंग संस्थान ककीरा में भी निश्शुल्क स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। वहीं शुक्रवार को बंगाली कॉलोनी द्रम्मन में नि:शुल्क स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया जाएगा।

बट्ट नर्सिंग कॉलेज एवं आईटीआई बोंखरी मोड़ में एक और शिविर आयोजित किया जाएगा। उधर बट्ट ग्रुप आफ इंस्टिट्यूटस के चेयरमैन परवेज अली ने शिविर के आयोजन हेतु स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार जताया। इस मौके पर बट्ट नर्सिंग कॉलेज व आईटीआई के स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

| सूडोकु | 0053 | | | | | सरल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0052 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

# जल बहाव सिंचाई योजना सिंया री कूहल किसानों को समर्पित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण परियोजना द्वितीय चरण के अंतर्गत सुनिश्चित सिंचाई प्रदान करने के लिए खंड परियोजना प्रबंधक मंडी द्वारा बहाव सिंचाई योजना सिंया री कूहल का कार्य निर्माण पूर्ण होने पर यह परियोजना संबंधित कृषक विकास समूह को हस्तांतरित की गई। इस परियोजना के अंतर्गत 32 मीटर लंबे हेड वियर की मरम्मत करवाई गई और लगभग 600 मीटर लंबी मुख्य कूहल के साथ-साथ सिंचाई के लिए 900 मीटर जल वितरण कूहलों का निर्माण किया गया। खेतों की जुताई के लिए कृषि उपकरण ले जाने के लिए ट्रैक्टर क्रॉसिंग व पाथ क्रासिंग का भी निर्माण करवाया गया। इस परियोजना में 25.39 हैक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान की गई तथा इससे 70 किसान परिवार लाभान्वित होंगे।

इस उप परियोजना के निर्माण के लिए 51 लाख खर्च किए गए। हस्तांतरण के दौरान कृषक विकास समूह के प्रधान कर्म सिंह, स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान दीक्षित नारंग, प्रबंधक समिति के सदस्य तथा अन्य लाभार्थी उपस्थित थे। जिला परियोजना प्रबंधक मंडी डॉ. हेमराज वर्मा ने कूहल के रखरखाव के बारे में जानकारी दी तथा किसानों को नकदी फसलें उगाने के लिए जागरूक किया।

उन्होंने कृषि संबंधित उन्नत तकनीकों के बारें में और केवीए समूह को सूदृढ़ करने व इसका सुचारू रूप से संचालन एवं रख रखाव पर कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। खंड परियोजना प्रबंधक मंडी डॉ. राजेश जसवाल ने कृषक समूह को नकदी फसलों के उत्पादन एवं विपणन के बारे में जानकारी दी।

# महापौर को सौंपे 2 स्वच्छता वाहन

**अनंत ज्ञान, मंडी**



दो स्वच्छता वाहन उपहार के रूप में सौंपते हुए।

आईसीआईसी बैंक मंडी द्वारा कम्युनिटी सोशल रिस्पांसबिलिटी के अंतर्गत नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा को 2 स्वच्छता वाहन उपहार के स्वरूप में सौंपे। इस अवसर पर महापौर ने सभी बड़ी व्यापारिक संस्थाओं, बैंकरों राष्ट्रीय व राजकीय संस्थाएं से अनुरोध किया है कि इस प्रकार के पुनीत कार्यों के लिए बढ़.चढ़कर अपनी भागीदारी दें, जिससे स्थानीय जनता प्रत्यक्ष रूप से नगर निगम द्वारा लाभान्वित होगी तथा नगर निगम की सेवाओं में तत्परता होगी। इस अवसर पर डीकेएस प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर दिनेश शर्मा द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए 15 लाख की धनराशि नगर निगम कार्यालय को प्रदान किए।

**अनंत ज्ञान**

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

24 जनवरी, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत पौष, **तिथि** दशमी (07:27): **नक्षत्र** अनुराधा (07:08), **पक्ष :** कृष्ण, **योग :** वृद्धि (05:07) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12.11-12.54), **राहुकाल** (11:13 -12.33)।

**विशेष दिन**

- 24 जनवरी : राष्ट्रीय बालिका दिवस आज।
- 25 जनवरी: ब्रह्म समाज का दिन कल।

**मेष:** आज भाग्य आपके पक्ष में होगा। ऐसे मजबूत संकेत हैं, कि आप एक नए उद्यम में प्रवेश करेंगें। विदेशी संबंधों से बहुत लाभ प्राप्त होगा।

**वृषभ:** आपका रचनात्मक कौशल आज चरम पर होगा और आप इसका उपयोग अपने सभी कामों में करेंगे।

**मिथुन:** आज आपको बेहतरीन वित्तीय परिणाम मिलेंगे। प्रभावशाली लोगों के साथ संबंध स्थापित करने के लिए अच्छा समय है।

**कर्क:** व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन अत्यधिक शुभ है और आप काफी प्रगति करेंगे। आय की वृद्धि के लिए स्थिति विकसित होगी।

**सिंह :** आज आपकी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। व्यावसायिक संदर्भ में महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की जा सकती हैं। आपकी कामयाबी में वृद्धि होगी, संपर्क स्थापित होंगे।

**कन्या :** आप अपने आत्मविश्वास को फिर से हासिल करेंगे और पूरे समर्पण के साथ काम में जुटेंगे, जो सकारात्मक विकास को जन्म देगा।

**तुला:** नौकरी और व्यवसाय के लिए एक अच्छा समय है। आपको आपकी उपलब्धियों के लिए उचित परितोष प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज आपको मिश्रित परिणाम मिलेंगे। चल रहे काम में आपको कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु :** आपकी इच्छाशक्ति बढ़ेगी और आप उत्साहपूर्वक अपने कार्यों को अंजाम देंगे। भाग्य के साथ होने से रुकी हुई परियोजनाएं प्रगति करेंगी।

**मकर :** यदि परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश है, तो चीजें आपके पक्ष में होंगी। नौकरी में रहने वाले खुद को सफलता की सीढ़ी पर पाएंगे ।

**कुंभ:** खेल प्रेमियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलेंगे। नौकरी करने वाले और व्यवसायी कुछ नई योजनाओं या प्रोजेक्ट में शामिल होंगे।

**मीन :** जल्दबाजी में निर्णय न लें और जोखिम भरे उपक्रमों से बचें। आपका स्वास्थ्य या आपका कोई करीबी आपको थोड़ा परेशान कर सकता है।

# हिमाचल में साजिश के तहत हो रही चिट्टे की तस्करी : अजय

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एव अधिवक्ता अजय चौहान ने धर्मपुर विधानसभा के विधायक चंद्रशेखर ठाकुर के उस बयान पर हमला करते हुए कहा जिसमें उन्होंने कहा था की पड़ोसी राज्य पंजाब से सोची समझी साजिश के तहत चिट्टे की तस्करी हिमाचल प्रदेश में हो रही है।

अजय चौहान ने धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर ठाकुर को घेरते हुए कहा कि वह बताएं कि हिमाचल प्रदेश के अंदर किसकी सरकार है और चिट्टा तथा अन्य नशा तस्करों को किसका संरक्षण है। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश में नशीले पदार्थों की समस्या तेजी से बढ़ रही है, जिसमें चिट्टे का जाल गहराता जा रहा है। चिट्टे की लत ने युवाओं को अपने चपेट में ले लिया है, जिससे न केवल उनका स्वास्थ्य बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्थिति भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। नशे की लत से जुड़ी अपराध दर में भी वृद्धि हो रही है।

उन्होंने कहा कि विधायक सरकार के साथ नशा तस्करों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने के लिए काम करे प्रदेश की सीमाओं पर इसके ऊपर पैनी नजर रखे।

# भाजपा ने अंबेडकर के योगदान को किया याद

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**

भाजपा नेरचौक मंडल बल्ह के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर की अध्यक्षता में संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के अमूल्य योगदान के कारण ही हमारा संविधान बना और आज तक इसका लोक कल्याण का स्वरूप बरकरार रहा है। जबकि कांग्रेस ने सदैव बाबा साहेब के योगदान को दबाकर रखा और उनको कभी भी उचित सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस ने केवल राजनीति के लिए बाबा साहेब के नाम का इस्तेमाल किया।



कार्यक्रम में भाग लेते हुये विधायक इंद्र सिंह गांधी।

भाजपा ने बाबा साहेब को भारत रत्न से नवाजा और उनके निवास, अध्ययन स्थल और उनके जीवन से जुड़े स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया ताकि लोगों को प्रेरणा मिल सके। विधायक ने कांग्रेस के संविधान बदलने के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि आरक्षण प्रस्तावना की मूल व्यवस्था है और मूल व्यवस्था से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता। हम तो इसके बारे में सोच भी नहीं सकते। क्योंकि भारत का संविधान देश की आत्मा है, यह कोई पुस्तक नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने बाबा साहेब के खिलाफ कई षड्यंत्र रचे थे और उनके नाम पर संविधान बचाने की बात कहकर राजनीति कर रहे हैं।

**जीवन** एक फूल के समान है, इसे पूरी ताकत के साथ खिलाओ। –**अटल बिहारी वाजपेयी**

## संपादकीय

# नारी जीवन की धुरी

यह सर्वविदित है कि नारी के बिना संसार की कल्पना करना असंभव है, क्योंकि नारी ही संसार की रीढ़ होती है, जो परिवार को चलाती है। साथ ही समाज और देश को मजबूती भी प्रदान करती है। वह मां, बहन, पत्नी और बेटी के रूप में जीवन को सार्थक बनाती है। नारी के बिना जीवन अधूरा होगा और संसार की सुंदरता और आनंद कम हो जाएगा। हालांकि, नारी की भूमिका सिर्फ परिवार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वह देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान करती है। आज की नारी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश हित में दिन-रात जुटी हुई है। वह शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है। नारी के बिना संसार की कल्पना करने से हमें यह एहसास होता है कि वह वास्तव में जीवन की धुरी है। वह हमारे जीवन को सार्थक बनाती है।

इसलिए, हमें नारी का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि वह अपने जीवन को पूरी तरह से जी सके। बीते दस साल में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर देश ने लंबी यात्रा की है जो संपूर्णता में महिलाओं को मुख्यधारा में लेकर आई है। यह वास्तव में बहुत बड़ा अभियान है, जो लोगों की जुबान पर चढ़ गया है और सही मायनों में लोग इस नारे का अर्थ भी समझ गए हैं। उन्हें यह पता चल गया है कि नारी ही नारायणी है। बेटियों के प्रति नकारात्मक सोच रखने वालों को इस तथ्य पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है कि ये बेटियां हमारे देश को आगे ले जाने में सक्षम हैं। उन्हें पुरुषों की तुलना में कमतर नहीं आंकना चाहिए। यह बड़े हर्ष की बात है कि पुरानी रूढ़ीवादी सोच को त्यागकर आज हम बेटियों को बचाने की बात करते हैं।

महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर देते हैं। खुशी इस बात की भी है कि पिछले दस साल में भारत का लिंगानुपात 918 से बढ़कर 933 तक जा पहुंचा है। लिंगानुपात बढ़ने का मतलब है कि सरकार समाज में महिला सशक्तिकरण पर जोर दे रही है और इसके सुखद नतीजे भी सामने आ रहे हैं। देश में फिलहाल प्रति एक हजार लड़कों पर 950 से 960 लड़कियां हैं। प्राकृतिक लिंगानुपात देखें तो यह प्रति एक हजार लड़कों पर 950 से 960 लड़कियों का रहा है, जिसके काफी नजदीक भारत पहुंचा है। बीते 12 साल में महिलाओं की संख्या तीन गुना बढ़ी है। 2013 तक 84,400 महिला जवान पुलिस बल में थीं, जिनकी संख्या 2023 में 2.63 लाख से ज्यादा पहुंची है। अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं की प्रसूति भी काफी बढ़ी है। 10 वर्ष पहले तक करीब 61 फीसदी महिलाओं की प्रसूति अस्पतालों में होती थी, आज 97 प्रतिशत से ज्यादा प्रसूति अस्पतालों में हो रही है। इससे माताओं के जीवन जोखिम में काफी सुधार आया है।

देश के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। इसी तरह, महिला कल्याण का बजट 200 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 3.10 लाख करोड़ पहुंच गया है। हालांकि, प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस केंद्र सरकार के इस तर्क से संतुष्ट नहीं है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पहल पर सवालिया निशान लगाए हैं। इस अभियान के दस साल पूरा होने पर कांग्रेस केंद्र सरकार पर सवाल दाग रही है। कांग्रेस ने भाजपा पर पाखंड करने तक के आरोप लगा दिए हैं और वह पूछ रही है कि सत्तारूढ़ पार्टी ने बेटियों को बचाने के बजाय अपराधियों को बचाने की नीति क्यों अपनाई? अब इस सवाल का जवाब तो केंद्र सरकार के मंत्री ही दे पाएंगे कि आखिर कांग्रेस ऐसी बात कहने पर विवश क्यों हुई? क्या यह प्रोपेगंडा है या फिर वाकई हकीकत, इस बात की भी तह तक खोज होनी चाहिए। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य लिंग अनुपात में सुधार करना है, जो कि भारत में एक बड़ी समस्या है।

इस अभियान के माध्यम से बेटियों की शिक्षा में वृद्धि हुई है, जिससे वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकती हैं। यही नहीं, इस अभियान ने बेटियों के प्रति जागरूकता में वृद्धि की है, जिससे लोगों में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ है। बेटियों के अधिकारों की रक्षा हम सबका ध्येय होना चाहिए। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने समाज में परिवर्तन लाने में मदद की है। बेटियों के प्रति दृष्टिकोण में परिवर्तन और उनके अधिकारों की रक्षा में वृद्धि से यह साफ झलकता है कि हम वाकई देश की प्रगति की ओर अग्रसर हो रहे हैं। बेटियों को शिक्षा और स्वास्थ्य में और ज्यादा सुधार लाया जाना चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी फिल्मों के ख्यातिप्राप्त निर्माता-निर्देशक

**सुभाष** घई हिंदी फिल्मों के ख्यातिप्राप्त निर्माता-निर्देशक हैं। बॉलीवुड में सुभाष घई को एक ऐसे फिल्मकार के तौर पर शुमार किया जाता है, जिन्होंने अपनी फिल्मों के जरिए राज कपूर के बाद दूसरे शोमैन के रूप में दर्शकों के दिलों पर खास पहचान बनाई है। हिंदी फिल्में 'कालीचरण', 'विश्वनाथ', 'कर्ज', 'विधाता', 'कर्मा', 'हीरो', 'सौदागर', 'राम-लखन', 'ताल', आदि अपनी सफलता की कहानी स्वयं कहती हैं। सुभाष घई ने साल 1970 में मुक्ता घई से विवाह किया। उनकी दो बेटियां हैं। इनमें से एक बेटी मेघना को उन्होंने गोद लिया था। बॉलीवुड को नए ऐक्टर्स देने के लिए सुभाष घई ने एक ऐक्टिंग स्कूल की स्थापना भी की है। इसे दुनिया के टॉप-10 ऐक्टिंग स्कूलों में गिना जाता है। इसके बाद सुभाष घई ने वर्ष 1993 में संजय दत्त को लेकर 'खलनायक', वर्ष 1997 में शाहरुख खान को लेकर 'परदेस' जैसी फिल्मों का निर्माण किया। 2000 का दशक सुभाष घई के करियर के लिए अच्छा साबित नहीं हुआ। इस दौरान बतौर निर्देशक उनकी 'यादें', 'किसना' और 'युवराज' जैसी फिल्में प्रदर्शित हुईं, जो टिकट खिड़की पर बेअसर साबित हुईं। उन्होंने पिछले वर्ष प्रदर्शित फिल्म 'कांची' के जरिए बतौर निर्देशक वापसी की। ■


सुभाष घई
**जन्म :** 24 जनवरी, 1945

## कविता
### पल प्रतिपल


वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन

*मैं था कभी बहुत कुछ करते थे लोग पूजा मेरी*
*हिम-सी गलती अंधेरी सावन का महीना*
*पड़ते थे जब झूले झूला झूलती सी सखियां*
*एक-दूसरे को भूल उन्मुक्त बालाएं, जिनकी*
*हंसी सुनकर हंसता था आकाश*
*हंसती थी घटा और था प्रकाश*
*अब व्यथित है मन मेरा*
*धूमिल नजर, छाया है अंधेरा*
*निहारती वही पंथ, रोमानी बेला*
*पर मैं निपट अकेला कहां गईं वे हमजोलियां*
*जिनसे न था , मैं कभी उदास*
*बहुत सघन त्रास आज छाया है*
*मिट चला फिर प्रकाश और मैं*
*अनंत गहराइयों में भोग रहा हूं*
*अनंत, अचिंत्य वनवास पल प्रतिपल उदास*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# कैसे वाजिब है 70-90 घंटे काम करना ?



लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यन ने हाल ही में सुझाव दिया था कि प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए कर्मचारियों को रविवार सहित प्रति सप्ताह 90 घंटे तक काम करना चाहिए। 'लालची नौकरियां' उन भूमिकाओं को संदर्भित करती हैं जो समय, ऊर्जा और प्रतिबद्धता के अनुपातहीन रूप से उच्च स्तर की मांग करती हैं, अक्सर उत्पादकता या परिणामों के बजाय लंबे समय तक काम करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत करती हैं। 'लालची नौकरियों' का लिंग समानता और कार्य-जीवन संतुलन पर प्रभाव के साथ करियर विकास पर प्रभाव पड़ता है।


लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि,स्वतंत्र पत्रकार

महिलाएं मुख्य रूप से घरेलू जिम्मेदारियां संभालती हैं, इसलिए वे लालची नौकरियों की मांग के अनुसार लंबे समय तक काम करने, देर रात तक मीटिंग करने और यात्रा करने में असमर्थ होती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि नेतृत्व की भूमिकाएं निभाने वाली महिलाओं की संख्या कम होती है, जिससे कार्यस्थल पर असमानताएं बढ़ती हैं। महिला श्रम शक्ति भागीदारी में वृद्धि के बावजूद, कार्यबल में हर 10 पुरुषों के लिए केवल 4 महिलाएं हैं। यह महिलाओं द्वारा असमान रूप से उठाए जाने वाले अवैतनिक घरेलू कार्यभार से जुड़ा है, जो उनकी आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रणालीगत बाधाएं पैदा करता है। लंबे समय तक काम करने वाले कर्मचारियों, पुरुषों और महिलाओं दोनों को ही आराम करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता है, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं। यह व्यक्तियों और संगठनों के लिए दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ नहीं है। लालची नौकरियां परिवार के साथ बातचीत और देखभाल में भागीदारी को कम करती हैं, जिससे महिलाओं पर बोझ बढ़ता है।

घरेलू कामों में पुरुषों का सीमित योगदान इस असंतुलन को बढ़ाता है। नोबेल पुरस्कार विजेता क्लाउडिया गोल्डिन 'लालची' नौकरियों की पहचान उन भूमिकाओं के रूप में करती हैं, जिनमें पर्याप्त वेतन मिलता है, लेकिन लंबे समय तक काम करना पड़ता है, व्यापक नेटवर्किंग, देर रात तक बैठकें करनी पड़ती हैं और लगातार यात्रा करनी पड़ती है। ये भूमिकाएं अक्सर व्यक्तियों को व्यक्तिगत और पारिवारिक जिम्मेदारियों से अलग कर देती हैं, तथा अन्य सभी चीजों से ऊपर पेशेवर प्रतिबद्धताओं को प्राथमिकता देती हैं। दोनों काम करने वाले परिवारों के लिए चुनौतियां जिन परिवारों में दो कामकाजी माता-पिता होते हैं, उनमें बच्चों के पालन-पोषण की मांग के कारण आमतौर पर केवल एक ही 'लालची' नौकरी कर सकता है। दूसरे माता-पिता को द्वितीयक भूमिका में रखा जाता है, जिसे अक्सर 'मम्मी ट्रैक' के रूप में संदर्भित किया जाता है, जहां वे घरेलू और बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारियों का प्रबंधन करते हैं, जैसे स्कूल की गतिविधियां, चिकित्सा आवश्यकताएं और पाठ्येतर गतिविधियां। जबकि 'मम्मी ट्रैक' की भूमिका माता-पिता में से किसी एक द्वारा निभाई जा सकती है, सामाजिक मानदंड और अपेक्षाएं अक्सर यह बोझ महिलाओं पर डालती हैं। परिणामस्वरूप, महिलाएं अक्सर पारिवारिक जिम्मेदारियों के लिए करियर में उन्नति और उच्च वेतन को छोड़ देती हैं।

महिलाओं का करियर पथ प्रायः अवरुद्ध रहता है, जिससे नेतृत्वकारी भूमिकाएं और करियर विकास के उनके अवसर सीमित हो जाते हैं। 'लालची' नौकरियों और 'मम्मी ट्रैक' के बीच का विभाजन वेतन अंतर को बढ़ाता है, यहां तक कि उच्च शिक्षित व्यक्तियों के बीच भी, क्योंकि पुरुष उच्च वेतन वाली, मांग वाली भूमिकाओं पर हावी हैं। यह गतिशीलता कार्यस्थल और समाज में प्रणालीगत लैंगिक असमानता को कायम रखती है। परिणाम-आधारित प्रदर्शन मीट्रिक पेश करें, जो कार्यालय में बिताए गए समय के बजाय परिणामों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे लंबे समय तक काम करने के घंटों का महिमामंडन कम होता है।

साझा देखभाल जिम्मेदारियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरुषों और महिलाओं के लिए माता-पिता की छुट्टी तक समान पहुंच प्रदान करें। करियर विकास या मुआवजे के मामले में कर्मचारियों को दंडित किए बिना अंशकालिक या लचीली कार्य व्यवस्था को बढ़ावा दें। ऐसी नीतियों को लागू करें जो कार्यालय के घंटों के बाद काम से अलग होने के कर्मचारियों के अधिकार का सम्मान करती हैं। कर्मचारियों के पास आराम और व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं के लिए पर्याप्त समय सुनिश्चित करने के लिए साप्ताहिक कार्य घंटों (जैसे, 48 घंटे की सीमा) पर सख्त सीमाएं लगाएं। प्रबंधकीय पुरस्कारों को संगठनात्मक उत्पादकता और निष्पक्षता से जोड़कर पारिश्रमिक में असमानताओं को कम करें, सभी कर्मचारियों के लिए समान वेतन सुनिश्चित करें। घरेलू बोझ को कम करने के लिए साइट पर चाइल्डकेअर सुविधाओं और देखभाल सेवाओं का समर्थन करें। कार्यस्थल की संस्कृति को बढ़ावा दें जो कल्याण को महत्व देती है और परिवार के अनुकूल प्रथाओं को प्राथमिकता देती है।

उन रूढ़ियों को चुनौती देने के लिए नियमित प्रशिक्षण आयोजित करें, जो केवल महिलाओं के साथ देखभाल को जोड़ती हैं। एक संपन्न कार्यबल व्यक्तिगत कल्याण और पारिवारिक जीवन के महत्व को स्वीकार करता है तथा इन मूल्यों को कार्यस्थल संस्कृति में एकीकृत करता है। इसका लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहां पुरुष और महिलाएं स्वास्थ्य, परिवार या व्यक्तिगत समय से समझौता किए बिना व्यावसायिक सफलता प्राप्त करें तथा एक समतापूर्ण और समृद्ध भविष्य के लिए सभी श्रमिकों की पूरी क्षमता का उपयोग करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया
# व्यक्ति को व्यक्तित्व प्रदान करती है शिक्षा

अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस सभी के लिए न्यायसंगत और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु परिवर्तनकारी कार्यों का समर्थन करने के लिए हर वर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है। कहा जाता है कि शिक्षा एक मानव अधिकार, एक सार्वजनिक वस्तु और एक सार्वजनिक जिम्मेदारी है। शांति और विकास के लिए शिक्षा की भूमिका और महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिवस को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। अगर कोई देश लैंगिक समानता हासिल करना चाहता है और गरीबी के चक्र को तोड़ना चाहता है, तो यह समान गुणवत्ता वाली शिक्षा और सभी के लिए आजीवन अवसरों के साथ संभव है। यूनेस्को के अनुसार, लगभग 258 मिलियन बच्चे और युवा अभी भी स्कूल नहीं जाते हैं और 617 मिलियन बच्चे और किशोर पढ़ नहीं सकते हैं या बुनियादी गणित नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा, उपसहारा अफ्रीका में 40 प्रतिशत से कम लड़कियां निम्न माध्यमिक विद्यालय पूरा करती हैं और लगभग 4 मिलियन बच्चे और युवा शरणार्थी स्कूल से बाहर हैं।


लेखक : दिनेश दमाथीआ
स्वतंत्र लेखक

शिक्षा के उनके अधिकार का उल्लंघन किया जा रहा है। शिक्षा एक मौलिक मानव अधिकार है। यह समाजों, अर्थव्यवस्थाओं और हर व्यक्ति की क्षमता का आधार है, लेकिन पर्याप्त निवेश के बिना यह क्षमता खत्म हो जाएगी। सरकारी नीतियों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग साधनों में शिक्षा को बहुत कम प्राथमिकता दी गई है। पिछले साल के ट्रांसफॉर्मिंग

अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस



एजुकेशसमिट ने शिक्षा प्रणालियों की पुनर्कल्पना करने के लिए दुनिया को एक साथ इकट्ठा किया ताकि हर शिक्षार्थी को सफल होने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त हो सके।

अब समय आ गया है कि सभी भेदभावपूर्ण कानूनों और प्रथाओं को समाप्त किया जाए जो शिक्षा तक पहुंच में बाधा डालते हैं। यूनेस्को इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय दिवस को अफगानिस्तान में लड़कियों और महिलाओं को समर्पित कर रहा है, जिन्हें शिक्षा के अधिकार से वंचित रखा गया है। यह शिक्षा तक उनकी पहुंच को प्रतिबंधित करने वाले प्रतिबंध को तत्काल हटाने का आह्वान कर रहा है। 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वैश्विक शांति और विकास में शिक्षा के महत्व को चिह्नित करने के लिए 24 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया। यह दिन इस बात पर प्रकाश डालता है कि शिक्षा को सार्वजनिक प्रयास और आम भलाई के रूप में कैसे मजबूत किया जाए।

डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ा कर शिक्षकों का समर्थन कैसे किया जाए। शिक्षा व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने का एक हथियार है। यह किसी के जीवन को बदलने का एक महत्वपूर्ण साधन है। शिक्षा व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता निर्धारित करती है। यह ज्ञान और कौशल को बेहतर बनाने में मदद करती है और व्यक्तित्व और दृष्टिकोण को विकसित करती है। रोजगार के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है। यह एक सभ्य जीवन जीने का अवसर प्रदान करती है।

शिक्षा व्यक्ति को प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग करने में सक्षम बनाती है। शिक्षा की मदद से व्यक्ति अधिक परिपक्व बनता है। संयुक्त राष्ट्र गरीबी उन्मूलन की दिशा में काम कर रहा है और शिक्षा के माध्यम से प्रभावों को कम करने के अवसर पैदा करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है, क्योंकि यह ऐसा करने वाली प्रमुख शक्तियों में से एक है। अधिक न्यायसंगत और समावेशी शिक्षा प्रणाली बनाने के लिए परिवर्तनों के आवश्यक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करता है। छात्रों को उन बदलावों और नवाचारों के बारे में बताया जाए, जो वे अपनी शिक्षा को उद्देश्य के लिए उपयुक्त बनाने के लिए देखना चाहते हैं। साथ ही शिक्षकों को भी अभ्यास में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करना, शिक्षण को उन्मुख करना और नए कौशल सीखना भी जरूरी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**आज** के इस जमाने में पूरी युवा पीढ़ी ही मानसिक व्याधि से विचलित है, इनमें विशेषत यह है कि छात्र विचलन गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। हमारे देश में प्रति 100 में 10 से अधिक छात्र आत्महत्या से प्रभावित हो रहे हैं। वे अवसाद, चिंता और आत्मघात से पीड़ित पाए जा रहे हैं। बड़ी ही कठिन प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई-लिखाई में अनुशासन आदि को लेकर तनाव बढ़ रहा है। उससे न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों, बल्कि पूरे समाज की चिंता बढ़ती गई है। पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। अभिभावकों के सपनों की उड़ान न भर पाने वाले, परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले बच्चों को घर पर पीटना पड़ता है। परीक्षा और नतीजों के दबाव में छात्रों की आत्महत्याएं अब आम घटनाएं बनती जा रही हैं। **अभिषेक,धर्मशाला**

# राजनीति में धार्मिक स्थल और प्रयागराज का महाकुंभ आकर समाहित है

भारत का हर पर्व आस्थाओं से भरा रहता है। वह छोटा पर्व हो या बड़ा। सावन का महीना हो तो कांवड़ियों का आस्था महादेव को गंगा जल चढ़ाने के लिए सड़क पर पैदल जल लेकर चलना केवल भारत में ही देखने को मिलता है। रास्ते में जगह-जगह ठहराव भोजन की व्यवस्था लोगों द्वारा। साथ में कांवड़ की सरकारी सुरक्षा सुलभ मार्ग तमाम व्यवस्था सरकार और धर्म में आस्था रखने वाले करते हैं। नवरात्रि का पर्व या दशहरा का पर्व। हर में आस्था का सैलाब देखने को मिलता ही है। पर दशहरा के पर्व पर राजनीति देखने को मिलती है सत्ता का रावण और विपक्ष का रावण अलग-अलग हो जाता है। जैसे रावण अलग राजनीति में होता जाता है वैसे-वैसे राम भी अलग अलग होते जा रहे हैं। दशहरा में राजनीति और राजनीति में दशहरा भी फंसा हुआ भारत में है।


लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक,

यह पार्टी के नेताओं का रावण दहन भी अलग-अलग होता है और अब रावण के चेहरे भी अलग-अलग बनते हैं यह भारत के धर्म व श्रद्धा का उभार कहे या गिरावट कहे समझ में नहीं आता है। राजनीति में धर्म आकर मिल गया है या धर्म में राजनीति समाज गई है या राजनीति हो रही है। यह भी कहना बहुत मुश्किल है कैसे समझें क्या सच है। रक्षा बंधन, दिवाली और होली भी अब सत्ता पक्ष और विपक्ष में बंटता जा रहा है। धर्म में राजनीति का उदाहरण तो भारत की जनता देख रही है। पहला काशी विश्वनाथ कोरिडोर में बहुत राजनीति हुआ सौ पुराने मंदिर तोड़े गए, कुछ पुजारी और दुकानदार भी विस्थापित हो गए। जो मंदिर हटाएंगे उनकी प्रतिमा को लेकर राजनीति होती रही आज भी हो रही है वह तोड़ी गई या हटाएं गए।

मंदिरों की प्रतिमा मूर्ति और शिवलिंग का क्या हुआ पता नहीं। आज तक सत्ता पक्ष कहता है हमने सभी मूर्तियों को स्थापित कर दिया है और विपक्ष कहते सब फेंक दिया गया राजनीति हो रही है। अब कोरिडोर बना गया है लोग जाते हैं दर्शन पूजा के लिए पर तीन सौ में और मुफ्त करे दो तरह का दर्शन-पूजन होता है। पर इस दर्शन पूजन से वंचित हुआ तो बनारस के मूल निवासी जो हर रोज गंगा स्नान सुबह करके जल चढ़ाते थे वह पूर्ण



रूप से वंचित हैं। कुछ लोगों की दिनचर्या ही बाबा विश्वनाथ के दर्शन पूजन से शुरू होता था बंद है। इस पर आज भी राजनीति चल रही है मांग है कि बनारस के मूल स्थानीय लोगों के लिए अलग से रास्ता हो दर्शन पूजन के लिए जहां पुलिस की रोक-टोक न हो पर मांग नहीं मानी गई और व्यवस्था नहीं बदला राजनीति में फंसा है स्थानीय बनारस का आम नागरिक। हां कोरिडोर बनने से मंदिर की आय के साथ बनारस में हर तरह से व्यापार बढ़ रहा है। बनारस अब आस्था धर्म के साथ पर्यटन का केंद्र बन गया है भीड़ इतनी की स्थानीय लोगों को भी चलने में परेशानी हो रही है। विश्वनाथ मंदिर जाने के रास्ते संकरे और बाजारों से होकर जाता है तो समस्या यातायात की बढ़ गई है। काशी विश्वनाथ कोरिडोर पर राजनीति बंद नहीं होगी कारण है कि बाबा के धाम में होटल बना है वह भी राजनीति के केंद्र में है क्यों धाम के अंदर बना है।

साथ में ज्ञानवापी मंदिर कहे या मस्जिद कहे वह भी राजनीति में है राजनीति में मस्जिद या मस्जिद में राजनीति हो रही है यह धर्म की राजनीति वोट को भी प्रभावित कर रही है। राम मंदिर अयोध्या में तो पांच सौ साल से लड़ाई चली जन्मभूमि है राम की। फैसला हो गया मंदिर बनना शुरू हुआ तो वहां अयोध्या कोरिडोर में जमीन का खेल ऐसा हुआ की राम मंदिर ट्रस्ट ट्रस्टी भी देश के साथ विदेश में पहचान बनाए। जमीन के खेल में कुछ लोग धन भी लिए। यहां तक कि सेना के लिए आरक्षित जमीन भी कुछ विशिष्ट लोगों को बेच दिया गया है पर जमीन की राजनीति बंद नहीं हुई है वह चल ही रहा आज भी। पर रामलला भी हमारे राजनीति में आ गए है यही दुखद पहलू धर्म और आस्था का है।

रामलला को चुनाव के दगल में सत्ता ने लाकर खड़ा कर दिया और राम की आस्था श्रद्धा ही वोट बैंक बनने लगा। यही धर्म में राजनीति होने लगी और राम के नाम पर शिव के नाम पर राजनीति ही धर्म में चली गई है। रामलला का भव्य मंदिर तो बन रहा है पर पूर्ण नहीं हुआ और चुनावी लाभ के लिए अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा भी है गया। इस धार्मिक समारोह में देश के शंकराचार्यों के विरोध के बावजूद देश के सर्वमान्य पीएम साहब ने मंदिर का उद्घाटन कर दिया। यहां न धर्म न आस्था बस चुनाव ही केंद्र में था, जनवरी में कर दिया मार्च 2024 में लोकसभा के चुनाव में रामलला जी नारों में बहुत गूंजे। यह कुंभ दिल्ली के चुनाव में अपनी उपस्थिति किस प्रकार दर्ज करता है परिणाम बताएगा कि हमारा धर्म कितना चुनाव को प्रभावित करता है और राजनीति से संचालित होता है या फिर धर्म अलग और राजनीति अलग है। वैसे अयोध्या में संसद के चुनाव में जनता ने बताया कि हम धर्म को राजनीति की बैसाखी नहीं बनने देंगे भाजपा चुनाव हार गई। अब यहां देखना है धर्म की राजनीति या राजनीति में धर्म।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# राजनीतिक दल, विज्ञापन और मुफ्त की रेवड़ियां

ऐसा होना अनिवार्य है कि भारत देश के कुछ राजनीतिक दलों और सभी सरकारों द्वारा भारतीय नागरिकों व सभी करदाताओं को सब कुछ पूर्ण पारदर्शिता तथा ईमानदारी से स्पष्ट किया जाए। देश के लोगों को केवल मात्र शिक्षा, आवास और स्वास्थ्य की सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाना ही जन कल्याण का कार्य समझा जा सकता है। बाकी सब कुछ तो चुनावों के समय में बांटी जाने वाली मुफ्त की रेवड़ियां ही हैं। कोई भी राजनीतिक दल अपना पूजा-पाठ करने-करवाने वाले किसी भी धर्म / संप्रदाय के लोगों को वेतन 6 तथाकथित सम्मान राशि 8 देने या उपलब्ध करवाने का दावा कैसे कर सकता है? साथ ही किसी नेता द्वारा मुफ्त में तीर्थयात्रा करवाने का भ्रामक वायदा करने को कैसे तर्कयुक्त या स्वतंत्र माना जाना चाहिए।


लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
मतियारा , मसरूंड , चंबा

धर्म और अध्यात्म तो किसी भी धर्म को मानने वाले का सर्वथा व्यक्तिगत मामला है, इसलिए हिंदुस्तानी करदाता का पैसा बर्बाद करने की अनुमति कभी भी नहीं दी जा सकती। सामाजिक व आर्थिक सुधारों के



लिए चुनाव आयोग, न्यायपालिका, कार्यपालिका और अन्य सरकारी प्राधिकार के ऊपर निर्भर नहीं रहा जा सकता। हमारी निरंतर सतर्कता ही समाज, देश की उन्नति व समृद्धि का सबसे बड़ा कारक है। राजनीतिक दलों और सरकारों से यह हिसाब-किताब लेना भी अनिवार्य है कि वे प्रतिदिन कितने करोड़ों रुपए विज्ञापन में खर्च रहे हैं और हर रोज जनता व देश कल्याण के लिए कितनी धनराशि का ईमानदारी और सक्षम तरीके से प्रयोग कर रहे हैं? कथित 'लोक कल्याण' के नाम पर करोड़ों-अरबों रुपए की लुटाई जा रही धनराशि किसी राजनीतिक पार्टी के खाते या किसी नेता की जेब से नहीं आती।

ऐसे अवांछित और अस्वीकार्य क्रिया-क्लापों के कारण भारत देश के ऊपर जो अरबों-खरबों रुपए का जो ऋण चढ़ रहा है, यह सभी भारत के ही सभी नागरिकों को चुकाना पड़ेगा, चुकाना पड़ रहा है। इसी तरह की मुफ्त की बांटी जा रही रेवड़ियों के कारण आने वाले समय में हम सभी भारतीय नागरिकों व करदाताओं द्वारा ही तीन-चार सौ रुपए प्रतिकिलो नमक खरीदना पड़ सकता है और अन्य वस्तुओं व उत्पाद के दाम / मूल्य तो हमारी कल्पना से भी परे हो सकते हैं। जम्मू-कश्मीर हो या तमिलनाडु, आसाम हो कि गुजरात, भारत का कोई भी राज्य हो, मुफ्त की रेवड़ियों में बर्बाद किया जाने वाला सारा धन सामूहिक समुचित रूप से आखिर हमारे राष्ट्र का ही है।धर्म और अध्यात्म तो किसी भी धर्म को मानने वाले का सर्वथा व्यक्तिगत मामला है, इसलिए हिंदुस्तानी करदाता का पैसा बर्बाद करने की अनुमति कभी भी नहीं दी जा सकती। देश के किसी भी भू-भाग में कोई राजनीतिक दल या नेता भारत के धन को बर्बाद करते हुए हमारे महान राष्ट्र को आर्थिक तबाही की ओर कैसे धकेल सकते हैं?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## भाखड़ा नहर में धक्का देकर ली निशा की जान

# मृतका की बहन ने आरोपी को फांसी की सजा देने की उठाई मांग

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पुलिस हिरासत में है आरोपी

एयर होस्टेस बनने का सपना देख रही जोगिंद्रनगर की निशा को उसके ही प्रेमी ने मौत के घाट उतार दिया। 20 जनवरी को आरोपी युवराज ने निशा को चंडीगढ़ से रोपड़ ले जाकर भाखड़ा नहर में धक्का दे दिया। इसके बाद निशा का शव पटियाला के पास बरामद हुआ।

घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवराज पंजाब पुलिस में तैनात था और उसका परिवार फतेहगढ़ साहिब में रहता है। आरोपी पहले से ही शादीशुदा था और उसका एक बेटा भी है, लेकिन निशा इन सब बातों से अंजान थी। आरोपी झूठ बोलकर उसे ब्लैकमेल कर रहा था। 5 महीने पहले ही दोनों की मुलाकात हुई थी। निशा की बहन रितु ने बताया कि घटना वाले दिन युवराज ने निशा को मिलने बुलाया, जिसके बाद वो उसे गाड़ी में बिठाकर सुनसान जगह ले गया। जहां उसने निशा का मर्डर कर नहर में फेंक दिया। उसने निशा का फोन तोड़कर सबूत मिटाने की भी कोशिश की। पिता हंस राज ने कहा कि साजिश के तहत उनकी बेटी को मारा गया है।

आरोपी को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। वीरवार को जोगिंद्रनगर में शव का अंतिम संस्कार किया गया। बड़ी बहन के बेटे चिराग ने निशा को मुखाग्नि दी।

### आरोपी पांच दिन के पुलिस रिमांड पर

**चंडीगढ़** से लापता हुई 22 वर्षीय युवती का शव भाखड़ा नहर में मिलने के बाद रोपड़ पुलिस ने उसके पुलिसकर्मी दोस्त युवराज के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की बहन के बयान पर यह कार्रवाई की गई। उसने आरोप लगाया कि युवराज उसकी बहन को ब्लैकमेल कर रहा था। पुलिस ने युवराज को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

## जिले में बढ़ रहा नशे का प्रकोप, परिवार और रिश्ते नशे के कारण हो रहे तार-तार

# एक माह में 22 युवाओं की नशे से मौत

**रितेश, सरकाघाट**

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मंडी साक्षरता एवं जनविकास समिति, हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति और जिला बाल संरक्षण कार्यालय द्वारा गुरुवार को सजाओपीपलु में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता खंड अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय एथलीक्स कोच भूपिंदर भूप्पी और क्षेत्रीय अध्यक्ष रणताज ने की।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर, साक्षरता समिति की सचिव सुनीता विष्ट कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, रणताज राणा, प्राचार्य भोलादत कश्यप, प्रवीण उपाध्याय ने बतौर स्रोत व्यक्ति भाग लिया। मुख्य स्रोत व्यक्ति एनआर ठाकुर ने कहा कि नशे के कारण आज परिवार टूट रहे हैं और सामाजिक रिश्ते टूट रहे हैं और नशेड़ियों द्वारा ही असमाजिक गतिविधियां व दुराचार किए जा रही हैं, जिनमें छोटी-छोटी बचियां भी शिकार हो रही हैं। आज की युवा पीढ़ी जहां एक तरफ नशे के दलदल में फंसती जा रही, वहीं मोबाइल के नशे के कारण परिवार व समाज से कटती जा रही है और उसमें जो गलत सूचनाएं और सामग्री शेयर की जा रही है।

उन्होंने कहा कि मंडी जिला में पिछले एक महीने में 28 साल से कम उम्र के 22 युवाओं की मौत हुई है और एक साल में ये संख्या सैकड़ों में है जो बहुत ही चिंताजनक होती जा रहा है।( अनंत ज्ञान)

**गंभीर होंगे परिणाम**

**साक्षरता** समिति की सचिव सुनीता बिष्ट ने कहा कि नशे के कारण आज हर रोज युवाओं की मौतें हो रही है। समिति ने इसलिए इस अभियान का मुख्य नारा युवा बचाओ भविष्य बचाओ दिया है और यदि आज समाज का हर व्यक्ति नशे की रोकथाम के लिए आगे नहीं आता है तो कल स्थिति और गंभीर रूप ले लेगी।

### विदेशी ताकतें देश को कर रही कमजोर

**कुछ** विदेशी ताकतें हमारे देश को कमजोर करने के लिए भी नशे को हमारे देश के खिलाफ इस्तेमाल कर रहे हैं। युवा पीढ़ी आज निरंतर नशे के दलदल में फंसती जा रही है। समाज के हर व्यक्ति और समाज को नशा मुक्ति अभियान में सहयोग करने की जरूरत है। शादी विवाह, समारोहों इत्यादि में नशा परोशने की प्रथा पर रोक लगानी होगी और उसमें महिला मंडल व अन्य संस्थाओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी और अभियान चलाना होगा।



### सरकार व प्रशासन को कठोर कदम उठाने की जरूरत

**भूपेंद्र** सिंह ने कहा कि सरकार व प्रशासन को इसकी रोकथाम के लिए जनता को शामिल करते हुए कमेटियां गठित करनी होंगी। अंतरराष्ट्रीय एथेलीक्स कोच भुपिंदर भूप्पी ने कहा कि हमें बच्चों और युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने के काम को प्राथमिकता देनी होगी। इस अवसर पर हरिचंद, कृष्ण देव, मोहनलाल, जुल्मी देवी, सोमा देवी, कमला देवी, सुमना, रीता, पुष्पलता, रसीमा सहित दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया।



# बालीचौकी में बिजली गुल रहने से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**



उपमंडल मुख्यालय बालीचौकी में इन दिनों बार-बार बिजली गुल होने से उपभोक्ता परेशान हैं। लोगों का कहना है कि भारी भरकम बिलों के बावजूद बिजली कई बार गुल रहती है। स्थानीय उपभोक्ता एवं पंचायत समिति सदस्य संजीव शर्मा का कहना है कि शायद ही कोई दिन ऐसा होगा जब आधा दर्जन बार बिजली गुल न हुई हो।

व्यापार मंडल बालीचौकी के अध्यक्ष यशवंत शर्मा ने भी विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर रोष जाहिर किया है। बालीचौकी में इन दिनों राजस्व विभाग जमीनों की ई केवाईसी और श्रम कल्याण विभाग कामगारों की ईकेवाईसी करवा रहे हैं, जिसके लिए काफी संख्या में लोग गांव से आ रहे हैं और बिजली बाधित होने के कारण वे लगातार परेशान हो रहे हैं।

वहीं पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं कांग्रेस नेता संतराम का कहना है कि बालीचौकी उपमंडल में विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ता भुगत रहे हैं और इस विषय पर शीघ्र ही प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर इसके बावजूद भी स्थिति नहीं सुधरी तो विभाग के अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। वीरवार को भी उपमंडल मुख्यालय में लगातार 2 घंटे बिजली गुल रही। वहीं विद्युत विभाग के बालीचौकी स्थित एसडीओ विशाल का कहना है कि कई बार बजौरा स्थित स्टेशन से बिजली बाधित रहती है, बावजूद इसके विभाग इस बारे संज्ञान लेगा। ( अनंत ज्ञान)

### बिजली का बार-बार जाना उचित नहीं

**बालीचौकी** में बिजली अव्यवस्था को लेकर एसडीएम बालीचौकी देवी राम ने भी विद्युत विभाग के एसडीओ विशाल कुमार से बुधवार को एक बैठक में सवाल पूछा और कहा कि इन दिनों बिजली का बार बार जाना उचित नहीं है। इस बैठक में स्थानीय लोगों ने भी बिजली गुल रहने पर नाराजगी जताई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम मंडी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर ने उपमंडल के सभी विभागाध्यक्षों के साथ एक बैठक आयोजित कर विभाग से संबंधित विकास कार्यों, मंडी शहर की समस्याओं तथा सड़क सुरक्षा माह-2025 की समीक्षा की गई। उन्होंने मनरेगा के तहत क्रियान्वित किए जा रहे कार्यों में प्रगति लाने तथा सरकारी योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने को खंड विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा माह-2025 के सही क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए पुलिस विभाग को शहर में चयनित सभी जेब्रा क्रॉसिंग चिन्हित स्थानों को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर हाइलाइट करने को कहा। उन्होंने पथ परिवहन विभाग को स्कूल बस निरीक्षण के दौरान किसी अधिकारी को मौजूद रहने के भी निर्देश दिए। एसडीएम ने जल शक्ति विभाग को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्कर व खंड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर 31 जनवरी से पहले प्राकृतिक जल स्रोतों तथा पेयजल योजनाओं की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए कहा।

### विद्युत उपभोक्ता 15 फरवरी तक करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सरकाघाट राज सिंह पराशर ने बताया कि विद्युत उपमंडल में विद्युत उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि यदि किसी उपभोक्ता ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाया है, तो वह 15 फरवरी तक सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सरकाघाट के कार्यालय में ई-केवाईसी करवा लें। इसके लिए उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिल की कॉपी और आधार कार्ड साथ लाना होगा। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी ई-केवाईसी की अंतिम तिथि है तथा इसके बाद यह प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी।

### श्रम अधिकारी ने स्कीमों के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा गुरुवार को अंबेडकर भवन सजाओपीपलु में जागरूकता शिविर का आयोजन किया और चार दर्जन मजदूरों की ई-केवाईसी भी की, जिसमें राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के जिला श्रम कल्याण अधिकारी मंडी अनिल ठाकुर, बोर्ड के गैर सरकारी सदस्य भूपेंद्र सिंह व सरकाघाट सब ऑफिस के प्रभारी सुरेश ने मजदूरों को बोर्ड की स्कीमों की जानकारी प्रदान की। श्रम कल्याण अधिकारी ने बताया कि बोर्ड ने एकल नारियों, विधवाओं, दिव्यांग पंजीकृत मजदूरों को घर बनाने के लिए चार लाख रुपए वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना शुरू की है। बोर्ड से मिलने वाली पेंशन की राशी बढ़ाकर 1700 रुपए मासिक कर दी गई है। बोर्ड से मिलने वाली वित्तिय सहायता के लिए ई केवाईसी करवाना जरूरी कर दिया गया है, सभी मजदूर 31 मार्च तक ईकेवाईसी करवा लें।

### चच्योट निधि में रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार 27 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी मंडी अक्षय कुमार ने सूचित किया है कि चच्योट निधि लिमिटेड चेलचौक द्वारा कलेक्शन ऑफिसर, लिपिक, फील्ड ऑफिसर तथा सहायक प्रबंधक के पदों को भरा जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि कलेक्शन ऑफिसर के लिए उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता दस जमा दो उर्तीण होना चाहिए, जबकि लिपिक के पद के लिए दस जमा दो सहित कंप्यूटर की बेसिक जानकारी होना जरूरी है। फील्ड ऑफिसर के लिए उम्मीदवार स्नातक पास होना चाहिए, जबकि सहायक प्रबंधक के लिए उम्मीदवार बीए, बीकॉम होना चाहिए। आयु सीमा 18-45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इन पदों के लिए साक्षात्कार 27 जनवरी को सुबह 10 बजे से क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय खलियार मंडी में होंगे।

### टिक्कन में 70 प्रतिशत जमीन मालिकों ने करवाई ई-केवाईसी

**रूपी ठाकुर, बरोट।** जमीन मालिकों की जमीन की ई केवाईसी का कार्य प्रदेश की तहसील तथा उपतहसील के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक पटवार सर्कलों में विभाग के पटवारियों द्वारा किया जा रहा है। जिला की चौहार घाटी की बात की जाए, तो उपतहसील टिक्कन के अंतर्गत आने वाले सभी 13 पटवार सर्कलों में जमीन मालिकों की जमीन की ई केवाइसी का कार्य पूरे जोरों पर चला हुआ है। उपतहसील टिक्कन के के अंतर्गत आने वाले 13 पटवार सर्किलों के पटवारी पटवार सर्किलों के दफ्तरों में जमीन के मालिकों की जमीन को उनके आधार कार्ड से लिंक कर रहे हैं। जमीन मालिकों की ई केवाईसी करने की 26 जनवरी तक अंतिम तारीख निर्धारित की गई है तथा उपतहसील टिक्कन के अंतर्गत आने वाले सभी सभी पटवार सर्किलों में 23 जनवरी तक 70 प्रतिशत जमीन मालिकों की स्थानीय पटवारियों द्वारा ईकेवाईसी करवा के उनके आधारकार्ड से लिंक कर दी गई है।

# अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव को आकर्षक बनाने की तैयारियां शुरू

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां आरंभ कर दी है। इस कड़ी में महोत्सव की वित्तीय व्यवस्था संबंधी प्रबंधन के लिए गठित वित्तीय उप-समिति की बैठक को अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि 27 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव को भव्य स्वरूप और अधिक आकर्षक बऽनाए जाने के दृष्टिगत तैयारियां की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि महोत्सव के लिए पड्डल मैदान आवंटन, स्मारिका विज्ञापन व शिवरात्रि योगदान टिकट इत्यादि से सहयोग राशि एकत्र की जाती है। शिवरात्रि योगदान टिकट भी धनराशि एकत्र करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। शिवरात्रि योगदान टिकट जिला राजस्व अधिकारी के माध्यम से जिला के सभी विभागों को वितरित की जा चुकी हैं। उन्होंने पुलिस, नगर निगम, आबकारी एवं कराधान, उद्योग व खनन विभाग, अन्य गैर-सरकारी संस्थानों व व्यापार मंडलों से भी वित्तीय संसाधन जुटाने में सहयोग का आह्वान किया।

उन्होंने दानी-सज्जनों से अपील की है कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सक्रियता से भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार भी मौजूद थे।

# जोनल अस्पताल में याद किए सुभाष चंद्र बोस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**





नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए।

जोनल अस्पताल मंडी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के उपलक्ष्य पर स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी महासंघ मंडी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर धर्म चंद वर्मा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश की आजादी में अपनी अहम भूमिका निभाई है तथा आज के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर अपने देश के प्रति सच्ची भावना से कार्य कर करना चाहिए।

नेताजी की कुर्बानियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष अमरजीत शर्मा ने नेताजी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज देश का युवा ऐसे महान नेता को भूलता जा रहा है, जिनकी बदौलत हम स्वतंत्र भारत में रह रहे हैं। नेताजी सिविल सर्विसेज की पढ़ाई को छोड़कर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े।

उन्होंने कहा कि नेताजी की कुर्बानियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जोनल अस्पताल मंडी का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर है जो सभी मंडी वासियों के लिए गर्व की बात है।

इस उपलक्ष्य पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरिंदम राय, डॉ. दुष्यंत ठाकुर, नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट नीलम शर्मा, मेटरन अरुणा लूथरा, भुवनेश्वरी शर्मा, स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी महासंघ मंडी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### माहिन वैद्य ने जीता बेस्ट एक्टर का अवार्ड

**अनंत ज्ञान, मंडी।** माहिन वैद्य को पंजाब यूनिवर्सिटी कलर से नवाजा गया है। एसडी कॉलेज चंडीगढ़ के कॉमर्स ऑनर्स के छात्र माहिन मंडी के रंगकर्मी पारस वैद्य के बेटे हैं। जो पढ़ाई के साथ-साथ रंगमंच पर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखा रहा है।



हाल ही में उसने यूनिवर्सिटी इंटर जोनल प्रतियोगिता में नार्थ जोन के लिए बेस्ट एक्टर का खिताब जीता और उसका वन एक्ट प्ले विनसेंट थीओ वान गाग प्रथम स्थान पर रहा है। माहिन के पितारंगकर्मी पारस वैद्य ने बताया कि माहिन पढ़ाई के साथ-साथ रंगकर्म को भी प्राथमिकता दे रहा है।

# योगा चैंपियन यशोवर्धन अत्री सम्मानित

**रितेश, सरकाघाट**



योगा चैंपियन यशोवर्धन अत्री को सम्मानित करते हुए।

यशोवर्धन अत्री ने योगासन में जिला स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक एक के बाद एक उपलब्धि अर्जित कर मात्र 15 वर्ष की आयु में न केवल अपने क्षेत्र, जिला व प्रदेश बल्कि पूरे राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। यह बात सामाजिक संस्था ज्योति कलश टिहरा के अध्यक्ष ई सूरम सिंह ने यशोवर्धन अत्री को हाल ही में 10वीं एशियन योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप, सिंगापुर में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने पर संस्था की ओर से आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में कहीं। सामाजिक संस्था ज्योति कलश ने यशोवर्धन अत्री जो कि संस्था के स्थाई सदस्य भी हैं, उन्हें 25000 रुपए की पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया।

इस दौरान उनके साथ संस्था के संगठन सचिव राजेंद्र सिंह, सचिव पृथी पाल शर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश चंद, महासचिव सुषमा ठाकुर, इंद्र सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। अध्यक्ष सूरम सिंह ने कहा कि हमारे तरूणों व युवाओं कि इस तरह की उपलब्धियां से हमें अपने राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल नजर आता है। इस मौके पर यशोवर्धन अत्री ने सामाजिक संस्था ज्योति कलश का इस प्रोत्साहन एवं सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया एवं जीवन में कड़ी मेहनत के साथ लक्ष्य प्राप्ति के प्रण को दोहराया।( अनंत ज्ञान)

### एसडीएम ने किया निजी स्कूल बसों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर ने परिवहन विभाग द्वारा गठित कमेटी के साथ मंडी के समीप स्थित एक निजी स्कूल की बसों का निरीक्षण किया।

उन्होंने सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के दृष्टिगत निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दुरूस्त करने तथा स्कूल प्रबंधन को परिवहन नियमों का सही तरीके से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।

इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य निजी स्कूलों को भी सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों का सही पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भारती ने फर्स्ट रैंक में पास की लेक्चरर केमिस्ट्री की परीक्षा

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



भारती सकलानी ने लेक्चरर (स्कूल न्यू) केमिस्ट्री की परीक्षा को फर्स्ट रैंक में पास किया है। भारती ने 21 जुलाई 2024 को लेक्चरर केमिस्ट्री की परीक्षा दी थी जिसका अभी 20 जनवरी 2025 को परिणाम घोषित हुआ है।

भारती ने एचपी सैट की परीक्षा को भी पास करने में सफलता हासिल की है। भारती ने बताया कि उसने अपनी नर्सरी से जमा दो तक की पढ़ाई शहर के दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर से 2015 में पूरी की है उसके बाद राजीव गांधी कालेज जोगिंद्रनगर से बीएससी की पढ़ाई वर्ष 2018, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से एमएससी केमिस्ट्री की पढ़ाई वर्ष 2020 में पूरी की। वहीं राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला से 2023 में बीएड की पढ़ाई पूरी करने के बाद लेक्चरर की परीक्षा की तैयारी कर परीक्षा को पास किया। भारती के पिता मोहन स्कूल में इकोनोमिक्स के लेक्चरर हैं वहीं माता रजनी सकलानी गृहणी हैं। (अनंत ज्ञान)

# एसपीयू मंडी में नेताजी के पराक्रम को किया नमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास सोसायटी, इतिहास विभाग द्वारा पराक्रम दिवस के अवसर पर एक दिवसीय आभासीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी द्वारा किया गया, जिन्होंने नेताजी की विचारधारा और देशभक्ति पर प्रकाश डाला।

नेताजी का जीवन और उनके विचार आज भी सभी भारतीयों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। मुख्य वक्ता आचार्य संजय कुमार प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सतपुली उत्तराखंड ने नेताजी के नेतृत्व और आजाद हिंद फौज के महत्व पर गहन चर्चा की।

कार्यक्रम अध्यक्षा करते आचार्य अनुपमा सिंह ने कहा कि नेताजी ने अपने जीवन और संघर्ष से यह संदेश दिया कि दृढ़ संकल्प और बलिदान से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# भाजपा ने मनाया 'संविधान गौरव अभियान' कार्यक्रम

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**



संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम के दौरान मौजूद कार्यकर्ता।

सराज विधानसभा के बालीचौकी मंडल में वीरवार को 'संविधान गौरव अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए बालीचौकी मंडल भाजपा अध्यक्ष मुकेश मेडी ने भारतीय संविधान की महत्ता और उसके सम्मान की अभिव्यक्ति को लेकर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में अपने संबोधन में मुकेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में सरकार ने भारतीय संविधान की प्रतिष्ठा को नए आयाम देकर उसे और अधिक दृढ़ता एवं गौरव प्रदान किया है।

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष भागीरथ शर्मा, जोगिंद्र शर्मा ओबीसी मोर्चा सराज के पूर्व अध्यक्ष बीर सिंह भारद्वाज व शक्ति केंद्र बाली चौकी मंडल के सभी अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।( अनंत ज्ञान)

### फोरलेन प्रभावितों को शीघ्र राहत देने के आदेश

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष सीताराम वर्मा और राज्य महासचिव रोशन लाल शर्मा ने उच्च न्यायालय के उसे आदेश का स्वागत किया है जिसमें फोरलेन परियोजना के प्रभावितों को पुनर्वास एवं मुआवजे को 15 दिनों के भीतर अधिसूचित करने का प्रावधान किया गया है।

भू अधिग्रहण अधिकारियों से आग्रह किया है कि प्रभावित परिवारों व संस्थाओं के पुनर्वास और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया को प्रभावितों को राहत प्रदान करने के लिए शीघ्र पूरा किया जाए।

**इतिहास** कभी देशभर में अपनी अलग पहचान रखता था जोगिंद्रनगर का गुम्मा नमक

# पानी के रूप में लोग आज भी चख रहे गुम्मा नमक का स्वाद

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के जोगिंद्रनगर कस्बे से मंडी-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर लगभग 9 किलोमीटर की दूरी पर गुम्मा गांव स्थित है। गुम्मा गांव कभी गुम्मा (चट्टानी) नमक के कारण पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में भी प्रसिद्ध रहा है।

हिमाचल की बात करें तो केवल मंडी जिले के गुम्मा व द्रंग ऐसे दो स्थान हैं जहां पर चट्टानी नमक पाया जाता है। प्राचीन समय से ही लोग इसे 'गुम्मा नमक' के नाम से जानते हैं। अगर इतिहास की बात करें तो मंडी जिला का गुम्मा क्षेत्र इस चट्टानी नमक के कारण रियासतकालीन राजाओं के मध्य एक संघर्ष का कारण भी रहा है। समय-समय पर विभिन्न रियासतों ने इस प्राकृतिक खनिज संपदा को अपने अधीन करने के लिए कई युद्ध भी लड़े, लेकिन इतिहास के पन्ने बताते हैं कि गुम्मा व द्रंग नमक की यह खदानें अधिकतर समय मंडी रियासत के अधीन ही रही हैं।

वर्तमान में गुम्मा में चट्टानी नमक तो नहीं निकाला जाता है, लेकिन यहां से लगभग 35 किलोमीटर दूर द्रंग खदान से आज भी यह नमक निकाला जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



गुम्मा नमक खदान के नमकीन पानी को बोतलों में भरकर ले जाते स्थानीय लोग एवं पर्यटक।

### रासायनिक विश्लेषणों में उत्तम पाया गया गुम्मा नमक

जोगिंद्रनगर व मंडी के मध्य गुम्मा व द्रंग में नमक के पहाड़ हैं तथा यहां पर प्राचीन समय से ही नमक निकाला जाता रहा है। इस संदर्भ में ग्रेड और भंडार का आकलन करने को विस्तृत भू-वैज्ञानिक कार्य व ड्रिलिंग भी की गई है। पोटेशियम व मैग्नीशियम की मात्रा भी इसमें पाई जाती है तथा अघुलनशील अशुद्धियां केवल 21 प्रतिशत हैं। इस तरह प्रदेश का गुम्मा नमक रासायनिक विश्लेषणों में भी उत्तम पाया गया है।

### पशुओं को भी खिलाते हैं यह नमक

**लोग** बताते हैं कि प्राचीन समय से ही गद्दी समुदाय के लोग भेड़ बकरियों के साथ गुम्मा से गुजरते थे तथा पूरे वर्षभर के लिए नमक यहां से लेकर जाते थे। इस नमक को न केवल वे स्वयं इस्तेमाल करते थे, बल्कि मवेशियों को भी खिलाया जाता था। प्रदेश के दूसरे स्थानों से भी लोग गुम्मा नमक लेने के लिए यहां पहुंचते थे, जिसका जिक्र आज भी प्रदेश की लोक कथाओं, संस्कृति व संगीत में सुनने को मिलता है। गुम्मा नमक आज पानी के तौर पर आज भी गुम्मा नमक उपलब्ध है।

# एसपीएस स्कूल के बच्चों ने मनाई पिकनिक





माता नयना देवी के दरबार में एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी शीश नवाने के उपरांत अध्यापकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट स्थित एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल के दूसरी से छठी कक्षा के 45 छात्र-छात्राओं ने वीरवार को रिवालसर के लिए शैक्षणिक भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान छात्रों ने रिवालसर के वन्य प्राणी विहार का दौरा किया और माता नयना देवी के दरबार में शीश नवाते हुए खेलों और प्रकृति के सुंदर नजारों का आनंद लिया। स्कूल अधीक्षक नेकराम ने बच्चों का नेतृत्व करते हुए उन्हें रिवालसर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व से परिचित कराया। टूर मैनेजर ललिता शर्मा और स्कूल प्रबंधक सुरेंद्र कुमार राणा, अध्यापकों में पूजा पटियाल, मोनिका, कौशल्या देवी, मीना कुमारी, पूनम ठाकुर, प्रीति देवी और विशाल कुमार ने छात्रों के साथ सहभागिता की। नयना माता के ऊंचे पहाड़ों के बीच समय बिताते हुए बच्चे मंत्रमुग्ध हो गए।

## न्यूज ब्रीफ

### डिप्टी डायरेक्टर ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** वीरवार को मुबारिकपुर पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला का शिक्षा डिप्टी डायरेक्टर क्वालिटी कंट्रोल नीलम कुमारी ने अपनी टीम सहित औचक निरीक्षण किया। प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा ने बताया कि शिक्षा उप-निदेशक क्वालिटी कंट्रोल नीलम कुमारी, प्रधानाचार्य (निरीक्षण) अतुल सूद तथा खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी (निरीक्षण) जोगिंदर पॉल की टीम ने मुबारिकपुर स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इसमें स्कूल से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया और सारी व्यवस्थाएं सुचारु पाई गईं। इस दौरान टीम द्वारा कुछ मूल्यवान सुझाव भी स्कूल प्रशासन को दिए।

### स्कूलों को जारी होगी घोषित राशि

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बंगाणा क्षेत्र के 75 स्कूलों को वार्षिक समारोह के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए घोषित हुई राशि जारी की जाएगी। यह राशि वार्षिक समारोह के दौरान स्थानीय विधायक विवेक शर्मा की ओर से घोषित की गई थी। इसके वितरण को लेकर अब 25 जनवरी को थानाकलां स्कूल में कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें सभी 75 स्कूलों के प्रमुखों को हाजिर होने के निर्देश दिए गए हैं।

### लड़कियों को गुड और बेड टच की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत समेकित बाल विकास परियोजना ऊना ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठारकलां में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान और मासिक धर्म स्वच्छता पर खंड स्तरीय जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर की अध्यक्षता पर्यवेक्षक वृत्त फतेहपुर नानकी देवी ने की। पर्यवेक्षक नानकी देवी ने बताया कि सुदृढ़ नींव के लिए उचित पोषण आवश्यक होता है। कुपोषण मुक्त भारत की परिकल्पना साकार करने के लिए सभी तक उचित पोषण पहुंचाना आवश्यक है। पोषण अभियान का मूल उद्देश्य किशोर, किशोरी, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को निर्धारित पोषण के विषय में जागरूक बनाना तथा उन्हें उचित पोषण उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बच्चों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ायो अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा लड़कियों को अच्छा स्पर्श और बुरा स्पर्श के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों की सफलता के लिए जहां जन जन का सहयोग आवश्यक है, वहीं जनप्रतिनिधियों, स्कूल प्रबंधन समितियों, सरकारी विभागों, सामाजिक संगठनों तथा समस्त सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की समावेशी भागीदारी अपेक्षित है। इस जागरूकता शिविर में आयुर्वेदिक विभाग से डॉ. पल्लवी शर्मा ने बच्चों को मासिक धर्म स्वच्छता और अनीमिया के बारे मे जानकारी दी। इसके अलावा बच्चियों को उनके खाने-पीने तथा माहवारी के दिनों में किस चीज का ध्यान रखना चाहिएख उसके बारे में अवगत करवाया। उन्होंने पोषण के ऊपर जोर देते हुए बच्चों को समझाया कि अगर हमारा खानपान सही रहेगा तो बच्चों में एनीमिया की कमी दूर होगी। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य रमन बिज, प्रधान अनु वाला, पर्यवेक्षक कंचन देवी, आशा देवी, कुलबीर कौर सहित समस्त स्कूली स्टाफ उपस्थित रहा।

### बच्चियों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बताया

**हीना पठानिया, बड़ूही।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत समेकित बाल विकास परियोजना ऊना के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैंसरी में मासिक धर्म स्वच्छता तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत खंड स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी शिव सिंह वर्मा ने की। शिविर में आयुर्वेदिक विभाग से डॉ. अनुपम शर्मा ने बच्चों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे मे जानकारी दी तथा बच्चियों को उनके खाने-पीने तथा महामारी के दिनों में किस चीज का ध्यान रखना चाहिए, उसके बारे में अवगत करवाया। उन्होंने पोषण के ऊपर जोर देते हुए बच्चों को समझाया कि अगर हमारा खानपान सही रहेगा तो बच्चों में एनीमिया की कमी दूर होगी। बाल विकास परियोजना अधिकारी शिव सिंह वर्मा ने कहा कि सुदृढ़ नींव के लिए उचित पोषण आवश्यक होता है। कुपोषण मुक्त भारत की परिकल्पना साकार करने के लिए सभी तक उचित पोषण पहुंचाना आवश्यक है । इस दिशा में महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका अहम है। पोषण अभियान का मूल उद्देश्य किशोर, किशोरी, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को निर्धारित पोषण के विषय में जागरूक बनाना तथा उन्हें उचित पोषण उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बच्चों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ायो अभियान के बारे में जानकारी दी तथा लड़कियों को अच्छा स्पर्श और बुरा स्पर्श के बारे में जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने बताया कि जागरूकता शिविर में बच्चों के लिए नारा लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपप्रधान दलजीत सिंह, पर्यवेक्षक कुलबीर कौर, नानकी देवी, नरेश कुमारी, गुरमुख सिंह, अध्यापक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# अधिकारियों ने ऊना बल्क ड्रग पार्क में साइट का दौरा कर जांचीं व्यवस्थाएं

## डॉ. यूनुस ने अधिकारियों से स्थानीय लोगों को प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी देने पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश बल्क ड्रग पार्क इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एचपीबीडीपीआईएल) के प्रबंध निदेशक-सह-सीईओ, डॉ. यूनुस, आईएएस की अध्यक्षता में अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को ऊना जिले के हरोली के पंजुआना में हिमाचल प्रदेश बल्क ड्रग पार्क में साइट का दौरा किया गया।


अधिकारियों के साथ डॉक्टर युनुस जानकारी लेते हुए।

इस दौरे में तिलक राज शर्मा अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सह-समन्वयक एचपीबीडीपीआईएल, नरेश धीमान अधीक्षण अभियंता जलशक्ति विभाग, हरीश पुरी अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, बलराज संगर कार्यकारी अभियंता एचपीएसईबीएल और राजेश मन्हास कार्यकारी अभियंता एचपीएसआईडीसी लिमिटेड तथा अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि शामिल थे। साइट के दौरे के दौरान डॉ. यूनुस ने पर्यावरण मंजूरी प्रक्रिया पर एक अद्यतन जानकारी प्रदान की, जो अब पूरी होने वाली है।

उन्होंने उपस्थित लोगों को सूचित किया कि उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने साइट विकास, सड़कों, सीमा दीवार/बाड़ लगाने, पुल और जल निकासी नेटवर्क सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के कार्यों के लिए 471.59 करोड़ की निविदाओं को मंजूरी दे दी है।

डॉक्टर युनुस ने बताया कि इस अवसर पर जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी), बॉयलर स्टीम जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट जैसे प्रमुख घटकों पर प्रगति पर चर्चा की गई। ये निविदाएं मेसर्स वॉयंट्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के परामर्श से संरचना के अंतिम चरण में हैं। अंतिम रूप दिए गए प्रस्तावों को अनुमोदन के लिए आगामी उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा।

डॉ. यूनुस ने अधिकारियों से स्थानीय लोगों के हित और यहां प्रस्तावित योजनाओं को लेकर किसी भी जानकारी को उनके साथ साझा किए जाने पर भी बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों से अपने संबंधित कार्यों की प्रगति पर नियमित अपडेट प्रदान करने, परियोजना के उद्देश्यों और मील के पत्थर को प्राप्त करने की दिशा में एक एकीकृत और सहयोगात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

# जीवन है अनमोल, न करें सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना : डीसी


सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत संतोषगढ़ में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत वीरवार को हिम गौरव आईटीआई संतोषगढ़ में नेहरू युवा केंद्र ऊना और क्षेत्रीय परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने की।

इस दौरान नेहरू युवा केंद्र ऊना और हिम गौरव आईटीआई के महाप्रबंधक संजय जोशी ने उपायुक्त को सम्मानित किया। जागरूकता शिविर में नुक्कड़ नाटकों के जरिए सड़क सुरक्षा नियमों की पालना के महत्व बारे में बच्चों को जागरूक किया गया। उपायुक्त ने सभी से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की अवलेहना, अत्यधिक तेज गति से वाहन चलाना और लापरवाही से आवेरटेक करना, अनेक दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। उन्होंनेक हा कि जीवन अनमोल है, इसलिए सड़क सुरक्षा नियमों की अवलेहना न करें।

शिविर में हिम गौरव आईटीआई के ट्रेनियों ने सड़क सुरक्षा नियमों पर प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर हिम गौरव आईटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर अन्नया जोशी, प्रबन्धक रणवीर सिंह, ग्रुप अनुदेशक मुकेश कुमार, अनुदेशक नवीन सहित समस्त आईटीआई स्टाफ उपस्थित रहा।

# ऊना कॉलेज में कल आयोजित होगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले में 25 जनवरी को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन जिला, उपमंडल व बूथ स्तर पर किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन राजकीय महाविद्यालय ऊना में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे, हम रहेगी, जिसका मूल उद्देश्य 18 वर्ष पूर्ण व इससे अधिक की आयु के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के साथ निर्वाचनों में सभी मतदाताओं की भागीदारी को अधिक से अधिक बढ़ावा देना है।

उन्होंने बताया कि 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में 6 स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

# सांप के काटने और हर गंभीर रोग का अब ऊना में ही होगा उपचार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अब ऊना में भी आपको सर्पदंश का उपचार मिलेगा। निजी क्षेत्र के एक अस्पताल ने यह सुविधा उपलब्ध कराई है। इसके अलावा गंभीर रोग से ग्रस्त रोगी को दूसरे बड़े शहरों का रुख नहीं करना होगा। यह सुविधा देवभूमि अद्वैता मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल ऊना में उपलब्ध होगी। इस अस्पताल में किसी भी रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों की चौबीस घंटे इमरजेंसी सेवाएं मिल सकेंगी। इसके लिए ऊना के देवभूमि अद्वैता अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट की शुरुआत हो गई है। हार्ट अटैक के साथ-साथ किडनी, पेट और सांस की समस्या के अलावा अन्य गंभीर रोगियों को इस अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

कोबरा जैसे विषैले सांप और अन्य सर्पदंश का उपचार भी ऊना के इस अस्पताल में उपलब्ध है। इसके लिए अस्पताल में अत्याधुनिक मशीनरी, वेंटीलेटर जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। अस्पताल के स्वास्थ्य निदेशक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हरजिंद्र सिंह ने बताया कि अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ताहिर सलीम बट अब तक दो सौ से अधिक लोगों की जान बचा चुके हैं। गंभीर हृदय रोगियों को भी यहां लाभ मिलेगा। इसके अलावा पेट से जुड़े रोगियों के लिए गैस्ट्रोलॉजी के विशेषज्ञ डॉक्टर तेजस्वी एम, एमडी मेडिसिन डॉ. शैलेन्द्र रावल और एनस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ सुमित दूबे अपनी सेवाएं देकर गंभीर रोगियों को राहत पहुंचा रहे हैं। अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. हरजिंदर सिंह ने बताया कि अस्पताल में विश्व स्तरीय सेवाएं मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध करा रहा है। अस्पताल की निदेशक मोनिका सिंह ने बताया कि दिल के रोग से ग्रस्त रोगियों को अत्याधुनिक तकनीक से उपचार दिया जा रहा है। अस्पताल का प्रबंधन देख रहे डीआर जरियाल ने बताया कि हिमाचल में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस सीसीयू देवभूमि अद्वैता अस्पताल में उपलब्ध है जो अपने आप में एक मिसाल बन चुका है।

# ट्यूमर का जटिल ऑपरेशन कर पशु को दिया नया जीवन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के पशु चिकित्सालय ललड़ी ने पशु चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल के डॉक्टरों की कुशल टीम ने 7 किलोग्राम के जटिल मूत्रमार्गीय ट्यूमर का सफल ऑपरेशन कर पशु को नया जीवन दिया। इस जटिल ऑपरेशन को डॉ. मनोज शर्मा और डॉ. अनूप रुथवाल की टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन विभाग, ऊना के उपनिदेशक डॉ. विनय कुमार शर्मा ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पशु चिकित्सालय ललड़ी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के लिए ऊना, कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर और पंजाब के कई हिस्सों के पशुपालकों के लिए एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। यहां विश्वस्तरीय तकनीकों और उपकरणों का उपयोग कर जटिल सर्जरी और अन्य उपचार किए जा रहे हैं।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस है अस्पताल

पशु चिकित्सालय के वेटनरी ऑफिसर डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि अस्पताल में ट्यूमर के अलावा कैंसर, बांझपन और गर्भनिरोधक जैसे ऑपरेशन फॉरेन तकनीक से किए जाते हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम में उनके साथ डॉ. अनूप रुथवाल (वेटरनरी गायनोकोलॉजिस्ट), डॉ. नेहा चौहान (वेटरनरी मेडिसिन विशेषज्ञ) और डॉ. मोनिका ठाकुर (वेटरनरी पैथोलॉजिस्ट) शामिल हैं। यहां इलास्टोग्राफी और ईको कार्डियोग्राफी की सुविधा भी है, जिससे दिल की बीमारियों का इलाज भी आधुनिक विधियों से किया जाता है। नरम ऊतक सर्जरी, आंख-कान-दांत, आर्थोपेडिक सर्जरी, वक्ष शल्य चिकित्सा और कठिन प्रसव का इलाज भी यहां किया जाता है। अस्पताल में खून की जांच, क्लिनिकल बायोकेमिस्ट्री और अन्य प्रयोगशाला परीक्षण की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

### यूरोपीय मानकों का किया जाता है पालन

डॉ. शर्मा ने बताया कि यहां ऑर्थोपेडिक सर्जरी, सॉफ्ट टिशू सर्जरी, हृदय सर्जरी, ट्यूमर सर्जरी और जन्म नियंत्रण सर्जरी जैसी जटिल प्रक्रियाएं भी सफलता से की जा रही हैं। यूरोपीय मानकों के अनुसार इनहेलेशन एनेस्थीसिया, ऐसप्टिक प्रक्रियाओं और सर्जरी के दौरान मल्टीपैरामीटर मॉनिटरिंग का उपयोग यहां की सर्जरी को सुरक्षित और प्रभावी बनाता है। इसके अलावा अस्पताल से जुड़ी मोबाइल वेटरनरी वैन के जरिए भी क्षेत्र में पशुओं की चिकित्सा सेवा प्रदान कर रही है। इसके लिए लोग टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के प्रयासों से पशु चिकित्सालय ललड़ी का निर्माण किया गया है। इसमें आधुनिक सेवाएं पशुपालकों के घर-द्वार पर उपलब्ध हो रही हैं। यह संभव हुआ है।

# महाकुंभ की विशेष रेलगाड़ी में आरक्षित डिब्बों की संख्या बढ़ाए रेलवे : कौशल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने ट्विटर के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग रखी है कि गाड़ी संख्या 04527/04528 अंब अंदौरा-फाफामऊ जंक्शन के बीच चलने वाली महाकुंभ विशेष रेलगाड़ी में यात्रियों की सुविधा हेतु 3 स्लीपर और 1 तृतीय श्रेणी वातानुकूलित का डिब्बा अधिक जोड़ा जाए क्योंकि वर्तमान समय में यात्रियों को वेटिंग टिकट मिल रही हैं, जिसकी संख्या 80 के पार हो चुकी हैं।

रेलवे डिब्बों की संख्या में बढ़ोतरी करे ताकि जिला ऊना समेत अन्य क्षेत्रों के यात्रियों को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में स्नान करने का लाभ मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि रेलवे देश के हर कोने से महाकुंभ विशेष ट्रेनों का संचालन कर रही है, जिस ही कड़ी में हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के अंतर्गत पड़ते अंब अंदौरा स्टेशन से भी यात्रियों के लिए सीधी ट्रेन चली है, जिसके जनवरी और फरवरी में कुल 6 ट्रिप तय हो चुके हैं, जिसके लिए क्षेत्र वासियों में उत्साह देखने को मिला है।

# पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

प्रदेश में तेजी से फैल रहे नशे के मकड़जाल में युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित कर नशे के सेवन से दूर करने में सांसद अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा शुरू किए गए सांसद खेल महाकुंभ एक वरदान की तरह साबित हुआ है। सांसद खेल महाकुंभ ने युवाओं को न सिर्फ खेलों की ओर प्रेरित किया है, बल्कि कई खिलाड़ियों को सांसद खेल महाकुंभ एक उचित प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने में सहायक सिद्ध हुआ है।

यह बात प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने सांसद खेल महाकुंभ के तहत मवा कहोलां गांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की बीस टीमें भाग ले रही हैं। वीरवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच ब्रह्मपुर व दियोली की टीम के बीच खेला गया, जिसमें दियोली की टीम विजेता रही।

पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र गगरेट में अधिक से अधिक खेल मैदान हों और खेल का आधारभूत ढांचा विकसित हो, इसके लिए वह अपने अगले कार्यकाल में प्रयास करेंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दौलतपुर चौक अजय ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव राजू, युवा मोर्चा अध्यक्ष एवं सांसद खेल महाकुंभ संयोजक सन्नी पटियाल, जिला सटचिव आशीष मिन्हास, कोषाध्यक्ष दीपक धीमान, आईटी संयोजक अभिनव, रोहित कौशल, सुनील शिकारा, रोहित लखनपाल, महामंत्री रमन ठाकुर, सचिन ठाकुर, भूपेंद्र डढवाल, राजीव राजू सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### पत्रकारों के उत्थान के लिए पत्रकार कल्याण बोर्ड का गठन करे सरकार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के जिला ऊना के सदस्यों ने प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कतना के नेतृत्व मे कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा विक्कू के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञापन भेजा है। इस मौके पर पंकज कतना ने बताया कि हम मांग करते है कि पत्रकार कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए, जो राज्य के पत्रकारों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए एक अहम कदम साबित हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिमला में कुछ विशिष्ट संपादकों और राज्य ब्यूरो प्रमुखों को आवासीय सुविधाएं दी गई हैं, जबकि अन्य पत्रकारों को ये सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, जिन्हें जिला स्तर पर दिया जाए।

# संत बाबा बाल ने नैतिक मूल्यों पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ क्षेत्र के होटल हवेली जोगीपंगा में स्व. रामनाथ शर्मा की पुण्य स्मृति में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कर अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। कथा में आए श्रद्धालुओं ने प्रवचनों से आत्मिक आनंद प्राप्त किया और धार्मिक आस्था से ओत-प्रोत वातावरण में भगवान की लीलाओं का रसास्वादन किया।


कुटलैहड़ में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज, विधायक विवेक व अन्य।

कथा विराम से पूर्व स्व रामनाथ शर्मा के पुत्र एवं कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, उनकी पत्नी मृदु शर्मा एवं समस्त परिवार ने पूजा-अर्चना करके संत ओर विद्वानों का आशीर्वाद लिया। वहीं, राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज का कथा में शिरकत करने पर उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और उन्हें सम्मानित भी किया। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, गीता के उपदेशों और भागवत के सात दिनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उनके प्रवचनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति और जीवन के नैतिक मूल्यों का महत्व समझाया।

बाबा बाल जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जीवन को दिशा देती है और हमें धर्म, सत्य और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

वहीं, कथा वाचक आचार्य शिव कुमार ने भी अपने अमृतमयी वचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण के हर अध्याय की महत्ता और उसमें छिपे गूढ़ संदेशों को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं, रासलीला और गीता के उपदेशों का वर्णन करते हुए बताया कि जीवन में सत्य, धर्म और प्रेम का पालन करना ही सबसे बड़ा धर्म है। कथा में आसपास के गांवों और क्षेत्रों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सात दिनों तक चली इस कथा के दौरान भक्तिमय भजनों और कीर्तन ने भी माहौल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। हर रोज प्रवचन के बाद आरती और प्रसाद वितरण हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

होटल हवेली में चल रही सप्ताह भर चली इस कथा के समापन हर रोज विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा का समापन भगवान की महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कथा समापन पर आयोजिक विधायक विवेक शर्मा एवं परिवार सदस्यों ने भावुक होकर विदाई दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु ओर गणमान्य मौजूद रहे।

# इन्नर व्हील क्लब ने जरूरतमंद व्यक्ति को दी व्हील चेयर


ऊना के निजी होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

इन्नर व्हील क्लब ऊना ने एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में संजीव कुमार निवासी चडतगढ़ को व्हील चेयर भेंट की। वहीं, क्लब सदस्यों ने संजीव कुमार को भविष्य में भी हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया।

इन्नर व्हील क्लब की अध्यक्ष रमा कंवर ने बताया कि संजीव कुमार दो वर्ष पूर्व हादसे का शिकार हो गए थे। अब वह चलने-फिरने में असमर्थ हैं, ऐसे में क्लब ने उनकी मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं। इसी के चलते आज उन्हें व्हील चेयर भेंट की गई है। भविष्य में भी संजीव कुमार को हरसंभव मदद मुहैया करवाई जाएगी।

रमा कंवर ने बताया कि इन्नर व्हील क्लब समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इससे पहले भी कई जरूरतमंद लोगों की मदद की गई है। इस मौके पर क्लब सचिव शोभा सोनी, कोषाध्यक्ष रेखा शर्मा, रजिता किसाना, प्रियंका, निरुपमा महाजन, बबली अमरजीत, सुनीता शर्मा, रंजना बख्शी, जितेंद्र कौर, तेजेंद्र, कमला कंवर, रमा कपिला, मोनिका कौशल, अनूपा ठाकुर, पूजा कपिला आदि उपस्थित थे।

**आयोजन** इस वार्षिक आयोजन की वृद्धि के लिए सभी संकल्प लेकर चलें : कुंवर जगवीर

# जोड़ मेले में बाबा हुसैनपुर वाला ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नगर परिषद संतोषगढ़ स्थित ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर में दो दिवसीय सालाना 19वें घल्लू घारा जोड़ मेला का समापन बुधवार देर रात आरती और सरबत के भले की अरदास के साथ संपन्न हुआ। वर्ष 2005 के मंदिर प्रकरण में भूमिका निभाने वाले दिवंगत रामदास भाटिया को समर्पित आयोजन में उनके परिवार सदस्यों को सम्मानित किया गया।


जोड़ मेले में अपने प्रस्तुति देते प्रसिद्ध कलाकार।

बाबा सतनाम सिंह हुसैनपुर वाले ने यहां नाम वाला अमृत पी जी संगत से समा बांधा। दूसरी और अंतिम प्रस्तुति में प्रसिद्ध गायक कांशीनाथ ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर हजारों की संख्या में मौजूद संगत को झूमने पर विवश कर दिया। जोड़ मेला कमेटी के चेयरमैन बलवंत सिंह, गुरु रविदास कमेटी संतोषगढ़ के प्रधान एडवोकेट कुलविंद्र सिंह ने मंदिर सहित यहां सुशोभित मूर्ति का स्मृति चिन्ह और सिरोपा देकर सम्मानित किया। स्थानीय किरण वाला को पीएचडी सहित दुबई में सम्मान पाने के लिए मंच पर सराहना की गई। रूप से मेला के संस्थापक क्रांतिकारी पूर्व विधायक शिंगारा राम सहूंगड़ा के बेटे कुंवर जगवीर सिंह सिद्धू व उनकी पत्नी सुमन कुमारी और बेटी परी को भी सम्मान दिया।

कुंवर जगवीर सिंह ने पिता की स्मृतियों को याद करते हुए जोड़ मेले का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में हुए मंदिर प्रकरण के बाद यहां स्थापित मंदिर का महत्व है, अन्यथा गुरु महाराज के धार्मिक आयोजन पूरे विश्व में मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस वार्षिक आयोजन की वृद्धि के लिए सभी संकल्प लेकर चलें।

जोड़ मेले के चेयरमैन बलवंत सिंह ने कहा कि जोड़ मेला का इतिहास हमारी आन-बान-शान से जुड़ा है। इसके लिए समाज का खून भी बहा है। उसी जीत का नतीजा यह घल्लू घारा दिवस और जोड़ मेला है। इसका आयोजन सभी के सहयोग से युगों-युगों तक चलेगा। इस दौरान कांशीनाथ ने अपनी प्रस्तुतियां संग उपदेश से संगत को मंत्रमुग्ध किया। अंत में तवीन पहेश ने आरती की। मंदिर कमेटी के प्रधान कुलविंदर सिंह ने मेले में सहयोग के लिए सभी का आभार किया।

इस अवसर पर गुरु रविदास धार्मिक सभा संतोषगढ़ के प्रधान कुलविंद्र बैंस, उपप्रधान बचन चंद पटेल, सचिव मनोहर लाल, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार बस्सन, सुरजीत सिंह, राजकुमार, कांग्रेस एससी सैल के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि बस्सी, नप अध्यक्ष निर्मला देवी, पूर्व पार्षद प्रेम चंद, पूर्व प्रधान मदन लाल, बलवीर सिंह बबलू, तरसेम लाल बसन, सुलिंद्र चोपड़ा, सुरिंद्र बस्सी, कश्मीरी, लाल राममूर्ति, राजकुमार, महेश सहजल, नवीन महे, बलराम आदि संगत मौजूद रही।

# अनुसूचित जाति आयोग फरवरी से करेगा जिलावार बैठकें : कुलदीप

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान ने कहा कि आयोग फरवरी से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर जिलावार बैठकें करेगा। उन्होंने यह जानकारी वीरवार को रामपुर स्थित एससी आयोग कार्यालय में आयोजित बैठक के बाद दी।

धीमान ने बताया कि इन बैठकों में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के विधायकों के साथ लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी और समाधान के लिए सरकार के समक्ष रखा जाएगा। इस कड़ी में पूर्व में कुल्लू जिले में आयोजित बैठक के सकारात्मक परिणाम रहे हैं। बैठक में अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की सुरक्षा और कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की गई। इसमें मुख्य रूप से एससी एक्ट में नए प्रावधानों की आवश्यकता और दलित वर्ग के अधिकारों की रक्षा के उपायों पर जोर दिया गया। धीमान ने बताया कि राज्य सरकार ने महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना को मंजूरी दी है। यह योजना वाल्मीकि समुदाय के उन लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिनके पास अपना घर नहीं है। हालांकि, जिनके पास जमीन नहीं है, वे इस योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इस मुद्दे को सरकार के सामने रखा जाएगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए उठाए महत्वपूर्ण कदमों के लिए प्रदेश सरकार का आभार जताया। इस अवसर पर आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा, अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा, सहायक आयुक्त और आयोग के सदस्य सचिव वरिंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पर्यटन नगरी मनाली में छह माह में तीसरा हत्याकांड

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में पिछले छह महीने में तीसरे हत्याकांड से दहशत का माहौल है। पिछले छह महीने में मनाली में तीन हत्या की घटना से कानून व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लग गए हैं।

पूर्व विधायक एवं मंत्री गोविंद ठाकुर ने भी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हत्या के बाद भी मनु रंगशाला में रंगारंग कार्यक्रम चलता रहा, जो कि शर्मनाक है। पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस कुछ भी करने को तैयार नहीं है। विंटर कार्निवाल की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में मनु रंगशाला में हजारों लोगों की उपस्थिति में 19 वर्षीय युवक की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। रात करीबन आठ बजे मनु रंगशाला में एक तरफ रंगारंग कार्यक्रम चल रहा था। वहीं, पचास मीटर दूर हत्या को अंजाम दिया गया। युवाओं में किसी बात को लेकर बहस हुई, जो खूनी वारदात बन गई। इस वारदात में मनाली के बशिष्ठ गांव के 19 वर्षीय दक्ष की टूटी हुई बोतल से हत्या कर दी गई। घायल दक्ष को पुलिस ने अस्पताल, तो पहुंचाया, मगर उसकी जान नहीं बच पाई। पुलिस ने घटना के तुरंत बाद कथित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## मृतक युवक के परिजनों ने पुलिस पर लगाए अभद्रता के आरोप

**अनंत ज्ञान, मनाली/कुल्लू**



मनाली में चल रहे विंटर कार्निवाल की तीसरी सांस्कृतिक संध्या के दौरान मनु रंगशाला के समीप एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। गत देर रात कार्निवाल की सांस्कृतिक संध्या के दौरान मनाली नगर परिषद के कार्यालय के समीप पेश आई इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी अब आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस की जानकारी के अनुसार यह हत्या का मामला मनु रंगशाला के समीप पेश आया, जहां पर हजारों की संख्या में लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठा रहे थे। मनु रंगशाला के पीछे युवक की हत्या का पता चलते ही लोगों में भगदड़ मच गई। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने युवक का शव कब्जे में ले लिया। एसपी कुल्लू डॉ. गोकुलचंद्रन ने बताया कि मनाली में चल रहे विंटर कार्निवाल की तीसरी सांस्कृतिक संध्या के दौरान मनु रंगशाला में हुए झगड़े में युवक की हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी ने कांच की टूटी बोतल से युवक के गले पर हमला किया। वीरवार को तीन चिकित्सकों की निगरानी में 19 वर्षीय मृतक दक्ष के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। मजिस्ट्रेट भी इस दौरान मौजूद रहे। साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम ने सैंपल लिए। मनाली में शव गृह के बाहर लोगों की भारी भीड़ जुटी। विधायक भुवनेश्वर गौड़, एसडीएम रमण कुमार शर्मा, डीएसपी केडी शर्मा खुद मौके पर मौजूद रहे।

एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन भी मौके पर पहुंचे, अब तक की जांच में पता चला कि मनुरंगशाला में वीआईपी दीर्घा की बाईं ओर अचानक युवाओं में झगड़ा हो गया। इस दौरान एक युवक दक्ष (19) पर टूटी बोतल से हमला किया गया। गले में लगने के कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। ड्यूटी पर तैनात जवान उसे लहूलुहान हालत में अस्पताल लेकर गए, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चंद घंटों के भीतर हमला करने के आरोपी तुषार निवासी सियाल को गिरफ्तार किया। मृतक युवक के परिजनों ने मनाली अस्पताल में पहुंचकर पुलिस अधिकारी पर भी अभद्रता का आरोप लगाया और उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी अपना रोष व्यक्त किया। मृतक युवक के चाचा श्यामलाल ने बताया कि वे जब मनाली अस्पताल पहुंचे तो उन्होंने पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग किया, लेकिन एक अधिकारी के द्वारा मौके पर पहुंचकर उनके साथ अभद्रता की गई। ऐसे में उक्त अधिकारी के साथ भी प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। श्यामलाल ने बताया कि मनाली की मनु रंगशाला में सभी व्यक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले रहे थे। तभी मनु रंगशाला के बैक स्टेज में उनके भतीजे की हत्या कर दी गई, जोकि पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।

## पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में युवक की हत्या ने खोली व्यवस्था की पोल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद की अध्यक्षता में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर जिलाधीश कुल्लू के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

इस अवसर पर बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक ने बताया कि विंटर कार्निवाल मनाली में बशिष्ठ गांव के नौजवान की प्रशासन के नाक तले नृशंस हत्या जिले में कानून व्यवस्था की पोल खोल रहा है। उन्होंने कहा कि बीते कल मनाली की मनु रंगशाला में विंटर कार्निवाल के सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान पुलिस-प्रशासन के सामने हुए हत्या मामले में पुलिस व प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी के बीच चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंगमंच के साथ एक युवक की हत्या होना पूरे क्षेत्र के लिए बेहद चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि किस प्रकार एक तरफ नौजवान की हत्या होती है। दूसरी तरफ विंटर कार्निवाल के मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहे। उन्होंने आयोजकों के इस कृत्य को असंवेदनहीन बताया। इस अवसर पर अमित सूद ने बताया कि जिला भाजपा मनाली में हुई युवक की नृशंस हत्या पर गहरा दुख प्रकट करते हैं। इस दुखद घड़ी में पूरा भाजपा परिवार शोक संपत परिवार के साथ है। उन्होंने इस हत्या में दोषियों को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार करने की मांग की, ताकि परिवार को न्याय मिले।

## न्यूज ब्रीफ

### केलांग में विधानसभा उपाध्यक्ष फहराएंगे तिरंगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में 76वां गणतंत्र दिवस



धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस मैदान में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार तिरंगा फहराएंगे व भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेगें व कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 25 जनवरी को दोपहर बाद केलांग पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए बढ़-चढ़कर भाग लें।

### समाजसेवी ने स्कूली बच्चों को बांटे ट्रैक सूट



**अनंत ज्ञान, तीर्थन।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी के पर्यटन कारोबारी एवं समाजसेवी तथा फॉरेस्ट एज कॉटज शाइरोपा के प्रबंध निदेशक अजय ने क्षेत्र में समाजसेवा का एक और उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्ष 2023 में भी आपदा प्रभावित परिवारों के लिए फ्री राशन और वस्त्र आदि वितरित किए थे। हाल ही में हुए भीषण अग्निकांड तांदी गांव के प्रभावितों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। अब इन्होंने प्राथमिक शिक्षा खंड बंजार के 17 प्राईमरी स्कूलों में करीब 600 बच्चों को मुफ्त में गर्म ट्रेक सूट वितरित किए। इनके इस नेक कार्य के लिए स्कूल प्रबंधन समितियों और अभिभावकों ने उनका आभार व्यक्त किया। समाज सेवी अजय ने बताया कि इस माह इन्होंने बंजार खंड में राजकीय प्राथमिक पाठशाला बंदल, तिंदर, गुशेनी, दोघरीरोपा, फरयाडी, सरुट, नाहीं, पेखड़ी, दारन, डिंगचा, पूजाली, होरणगाड़, धारागाड़ और झनियार आदि स्कूलों में करीब 600 बच्चों को गर्म ट्रेक सूट वितरित कर दिए हैं। इस अवसर पर खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी चंदे राम, अधीक्षक गौतम राम, प्राथमिक शिक्षक संघ बंजार के कैशियर तारा चंद, महासचिव तिलक राज ठाकुर, केंद्र मुख्य शिक्षक बालकृष्ण और बिहारी लाल परमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### डबल फोर्टीफाइड साल्ट है आयोडीन युक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कुल्लू अरविंद शर्मा ने कहा कि विभाग के ध्यान में आया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशनकार्ड धारकों को वितरित किए जा रहे डबल फोर्टीफाईड नमक की गुणवत्ता बारे उपभोक्ताओं को भ्रांतियां व शंकाएं हैं, जो कि निराधार एवं तथ्यों पर आधारित नहीं है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को शंका है कि उक्त डबल फोर्टीफाईड साल्ट में जो काले कण हैं, वे संभवतः रेतनुमा इंपयूरिटी हैं। वास्तव में ये काले कण फैरस फ्यूमरेट के हैं, जिसमे लोह तत्वों को बहुत ही सूक्ष्म रुप में मिश्रित किया गया है। इसके पीछे सरकार का मुख्य उद्देश्य, उपभोक्ताओं (विशेषकर ग्रामीण महिलाओं व बच्चों) में व्याप्त अनेमिया (रक्त में लोह तत्व/हिमोग्लोबिन की कमी) की समस्या पर अंकुश लगाना है क्योंकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन की पहुंच हर घर में है इसलिए यह नमक अनेमिया पर अंकुश लगाने में प्रभावी व कारगर होगा। इसके अतिरिक्त उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राशनकार्ड धारकों को वितरित किया जा रहा डबल फोर्टीफाईड साल्ट आयोडीन युक्त भी है क्योंकि आयोडीन उपभोक्ताओं के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है।

### डीसी ने प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), कुल्लू द्वारा सांस्कृतिक धरोहर स्थलों के लिए आपदा जोखिम प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो कि 21 से 23 जनवरी तक सेमिनार हॉल, बचत भवन, डीसी कार्यालय, जिला कुल्लू में आयोजित हुआ। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को सांस्कृतिक धरोहर स्थलों की सुरक्षा के लिए विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें आपदा जोखिम प्रबंधन, सांस्कृतिक धरोहर का मूल्यांकन, स्थानीय ज्ञान का उपयोग और जोखिम मानचित्रण तकनीक शामिल थे। प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया और अपने निष्कर्ष प्रस्तुत किए।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कारदार संघ, आपदा मित्र, गैरसरकारी संगठनों, और विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डीसी कुल्लू, तोरूल एसरवीश ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 100 छात्रों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, सैंज।** केंद्रीय विद्यालय सैंज में पराक्रम दिवस पर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिले के विभिन्न विद्यालयों से 20 विद्यार्थियों की टीम ने अपनी बुद्धिमत्ता और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय विद्यालय सैंज की प्राचार्या विनीता परशीरा द्वारा किया गया। स्कूल की प्राचार्या ने विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन और प्रतियोगिता में भाग लेने के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय सैंज की छात्रा नव्या सिंह, पीएम श्री राजकीय मॉडल एसएसएस सैंज की छात्रा दिया ठाकुर व आरके पब्लिक स्कूल सैंज के छात्र युधिष्ठर का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा, जिन्हें प्राचार्या द्वारा पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

## लाहौल-स्पीति को मिलेंगे राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवार्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार को लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की सहभागिता को बढ़ाने के लिए बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवार्ड-2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार दिल्ली में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उन्हें प्रदान किया जाएगा।

देश के 788 जिलों में से केवल 11 जिलों के डीसी को यह सम्मान मिला है। इनमें हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले व बिलासपुर को इस उपलब्धि का हिस्सा बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। डीसी राहुल कुमार ने बताया कि यह पुरस्कार चुनावी प्रक्रिया में जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उनके प्रयासों से यह सम्मान



प्राप्त हुआ है और यह लाहौल-स्पीति के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2019 में जो मत प्रतिशतता 63.02 प्रतिशत थी, वो लोकसभा निर्वाचन-2024 में बढ़कर 75.08 प्रतिशत हो गई है।

इस प्रकार से मत प्रतिशतता में कुल 12.06 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जो कि इस जिले व विभाग के लिए एक एतिहासिक उपलब्धि है। वहीं, दूसरी ओर चुनावी प्रक्रिया के दौरान रजनीश शर्मा एसडीएम केलांग एंव निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 21-लाहौल स्पीति (एसटी)-विधानसभा क्षेत्र को भी मतदाता



सूचियों के विशेष पुर्ननिरीक्षण अभियान 2025 में बेहतरीन कार्य करने के लिए वर्ष 2024-25 के लिए दिए जाने वाले राज्य स्तरीय बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश के 70 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों में से 3 निर्वाचक रजिस्ट्रकरण अधिकारियों को यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। एसडीएम रजनीश शर्मा को यह अवॉर्ड 25 जनवरी को शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में दिया जाएगा।

## 20 युवतियों ने रैंप पर बिखेरे जलवे

**अनंत ज्ञान, मनाली**





विंटर क्वीन बनने के लिए 20 युवतियों के बीच मुकाबला शुरू हो गया है। मनु रंगशाला में तीसरी सांस्कृतिक युवतियों का पहला राउंड हुआ।

विंटर क्वीन प्रतियोगिता इस उत्सव की मुख्य आकर्षण रहती है। इस बार देश भर से 20 सुंदरियां भाग लेने पहुंची हैं। बुधवार रात्री को ठंड के बीच युवतियों ने कैटवॉक किया। विंटर कार्निवाल में पहली बार रैंप पर उतरी हसीनाओं की अदा देखते ही बनी।

सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा के जोहर दिखाए। शाम नौ बजे विंटर क्वीन का राउंड शुरू होते ही मनु रंगशाला सीटियों से चहक उठी। दर्शक दीर्घा ने प्रतियोगिता में भाग लेने आई सुंदरियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। परिचय के पहले दौर में हर प्रतिभागियों ने निर्णायक मंडल व दर्शकों को अपना परिचय दिया। अपने आप को दूसरे दौर में पहुंचने के लिए प्रतिभागियों ने कदमताल कर मनु रंगशाला में बैठे दर्शकों का मन मोहा लिया। पूर्व में मिस हिमाचल रही दिव्यांगना मेहता जो इस प्रतियोगिता की फैशन कोरियोग्राफर और ग्रूमर हैं उन्होंने बताया कि विंटर क्वीन प्रतियोगिता पांच राउंड में आयोजित की जा रही है। विंटर क्वीन प्रतियोगिता रौचक दौर में पहुंच गई है।

## विंटर कार्निवाल के चौथे दिन सभी कार्यक्रम रद्द



**अनंत ज्ञान, मनाली**

विंटर कार्निवाल मनाली में वीरवार को मनु रंगशाला और माल रोड में कार्यक्रम नहीं हुए, जिस कारण सन्नाटा पसरा रहा।

मनाली की मनु रंगशाला में बुधवार रात को एक युवक की हुई हत्या होने से प्रशासन ने सुबह होने वाली महानाटी, सांस्कृतिक संध्या सहित वॉयस का कार्निवल विंटर क्वीन प्रतियोगिता को रद्द कर दिया। ऐसे में कार्निवाल देखने आए लोगों के साथ पर्यटक भी कार्यक्रम शुरू होने का इंतजार करते रहे। हालांकि सुबह के समय महानाटी नहीं होने से लोगों को उम्मीद दी थी कि दोपहर बाद मालरोड और मनु रंगशाला में रोज की तरह कार्यक्रम होंगे। पहले दोपहर दो बजे फिर शाम 4 बजे के बाद कार्यक्रमों के शुरू होने की उम्मीद थी, मगर बाद में मनाली प्रशासन ने सभी तरह के कार्यक्रमों को न करवाने का फैसला लिया। वहीं, प्रदेश व बाहरी राज्यों से आए कलाकारों को कार्यक्रमों के शुरू होने की आस थी, मगर मालरोड और मनु रंगशाला में सजे मंच पूरी तरह से बंद रहे और साउंड सिस्टम को ढक के रखा गया। कार्यक्रमों के आरंभ नहीं होने से कलाकारों व पर्यटकों में मायूसी छाई रही। एसडीएम मनाली रमन कुमार शर्मा ने कहा कि मनु रंगशाला में युवक की हुई हत्या को देखते हुए विंटर कार्निवाल के सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य गतिविधियों को बंद रखा गया है।

## सीएम साहब! लंबित वित्तीय देनदारियों के एकमुश्त भुगतान की करें घोषणा : गुलशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की है कि 25 जनवरी को बैजनाथ में होने वाले राज्य स्तरीय हिमाचल पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह में 2016 से 2022 तक सेवानिवृत्त पेंशनर्स और कर्मचारियों को जनवरी-2016 से देय संशोधित वेतनमान के बकाया एरियर के भुगतान की घोषणा की जाए।

इसके अलावा जुलाई-2021 से मंहगाई भत्ते के एरियर सहित मंहगाई भत्ते की 11 प्रतिशत तीन किस्तों के एकमुश्त भुगतान की भी घोषणा की जाए। संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, महासचिव मिलाप चंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर ठाकुर, उपाध्यक्ष (महिला विंग) लीला डोगरा, कोषाध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, महासचिव किरण चंद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड



के अध्यक्ष ओंकार शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड के महासचिव खुशाल चंद नेगी, भाग चंद ठाकुर, सैंज खंड के अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, महासचिव शेर सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेसराम, मुख्य सलाहकार अनूप मेहता सहित अन्य पेंशनर्स नेताओं ने मांग की है कि कुल्लू जिला मुख्यालय सहित सभी जिलों में पेंशनर भवन का निर्माण किया जाए। पेंशनर्स के लंबित पड़े मेडिकल बिलों के जल्द भुगतान के लिए मेडिकल रिंबर्समेंट मद के तहत समुचित धनराशि का प्रावधान किया जाए। इसके अतिरिक्त 31 दिसंबर, 2015 से पूर्व सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स की पेंशन में भी वर्तमान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुसार यथोचित वृद्धि की जाए। एलआर गुलशन ने बताया कि 3 जनवरी, 2022 को अधिसूचित संशोधित वेतनमान के एरियर का कर्मचारियों और पेंशनर्स को अब तक सिर्फ पचास हजार रुपए का ही भुगतान किया गया है, जबकि 75 वर्ष से कम आयु के पेंशनर्स को लाखों रुपए के बकाया एरियर का राज्य सरकार अभी तक भुगतान नहीं कर पाई है। जुलाई-2023 में प्रदेश में आई भीषण प्राकृतिक आपदा की विकट स्थिति से अब राज्य सरकार उभर चुकी है और अब प्रदेश सरकार की आर्थिक स्थिति भी बेहतर हो गई है। लिहाजा, प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू को 25 जनवरी को हिमाचल पूर्ण राज्यत्व दिवस के मौके पर प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनर्स की सभी लंबित वित्तीय देनदारियों के एकमुश्त भुगतान की घोषणा कर देनी चाहिए।

## अनुज शर्मा के नाम रही तीसरी सांस्कृतिक संध्या



**एम बोकटापा, मनाली।** विंटर कार्निवाल की तीसरी सांस्कृतिक संध्या अनुज शर्मा के नाम रही। उन्होंने हर किसी को नहीं मिलता प्यार जिंदगी में गाने से शुरुआत की। उन्होंने अनेक गाने गाकर दर्शकों का मन मोह लिया। उनके मंच पर आते ही मनु रंगशाला सीटियों व तालियों से गूंज उठी। उन्होंने हर किसी को नहीं मिलता यहां प्यार, ओ माही ओ माही, हवाये, तेरा जैसा यार कहां, मेरे लश्के कमर, बचना है हसीनाओं, जानू मेरी जानाकोई मिल गया, जैसे अनेक गाने गाकर दर्शकों को नचाया। इससे पहले अनिल सूर्यवंशी ने भी खूब धमाल मचाया। उन्होंने अपना बना ले पिया, खाइके पान बना रस वाला, मैं निकला गड़ी लेके, मुझसे शादी करोगी सहित कुल्लवी और लाहैली गाने गाए। राखी गौतम ने दिल दीवाना बिन सजना के माने न गाना गाकर दर्शकों को नचाया। अंकुश नेगी ने ऐसा कोई साथी हो ऐसा कोई प्रेमी हो जाना गया। राखी गौतम ने दिल दीवाना बिन सजना के माने न गाना गाकर दर्शकों को नचाया।

**आयोजन** भाजपा सैंज मंडल में संविधान गौरव अभियान पर संगोष्ठी का किया आयोजन

## भाजपा के नेताओं ने संविधान निर्माता को किया याद

**अनंत ज्ञान, सैंज**

कुल्लू जिले में पुनर्सीमांकन के बाद नए रूप में स्थापित भाजपा सैंज मंडल में वीरवार को संविधान गौरव अभियान नामक कार्यक्रम के अंतर्गत एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने मुख्य रूप से शिरकत की, जबकि भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य मुख्य वक्ता रही।

इससे पूर्व भाजपा के नेताओं ने संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। भाजपा मंडल सैंज द्वारा आयोजित संविधान गौरव अभियान में पधारी मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान के महत्व को उजागर करना और संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर का सम्मान करना है। प्रदेश भर में 11 जनवरी से संविधान गौरव अभियान लगातार



चल रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा संविधान मेरा गौरव, मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान इस भाव को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान को बनाए रखना और इसके मुख्य निर्माता बीआर अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। भाजपा कार्यकर्ता सभी मंडलों में संविधान की प्रस्तावना पढ़ेंगे, ताकि अंबेडकर जी के मूल्यों को अपने दिल के करीब रखा जाए। कार्यकर्ताओं को संविधान पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी ने आरोप लगाया कि निजी लाभ के लिए कांग्रेस पार्टी लगातार संविधान को कमजोर करने और डॉ. अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने में विफल रही है। भाजपा ने प्रजातंत्र की रक्षा करते हुए लोकतंत्र की रक्षा का काम किया है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संविधान के प्रति अटूट सम्मान दिखाने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 वर्ष देश में साम्राज्य किया, लेकिन संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर को सम्मान नहीं दिया। भाजपा ने उन्हें सम्मानपूर्वक भारत रत्न की उपाधि देकर से श्रद्धांजलि दी। भाजपा के मंडल अध्यक्ष अमर ने कहा कि संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा जनता को और करीब लाना चाहती है और कांग्रेस की पोल खोलने को बिलकुल तैयार है। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष भीमसेन शर्मा, बंजार भाजपा के पूर्व भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर, शेर सिंह नेगी, ढाले राम ठाकुर, बलदेव मंहत, युवा मोर्चा के अध्यक्ष वेदराम ठाकुर सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में कुल्लवी संस्कृति से परिचित करवाएंगे सूत्रधार संस्था के कलाकार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राजधानी दिल्ली में 26 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सभी तैयारियां अपने अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। हर वर्ष की भांति इस बार भी गणतंत्र दिवस की परेड विजय चौक से शुरू होगी और लाल किले पर समाप्त होगी।

इस परेड में हिमाचल के कुल्लू जिले की सांस्कृतिक झलक सूत्रधार कला संगम कुल्लू के कलाकारों द्वारा दिखाई जाएगी। यह 15 सदस्यीय लोकनृत्य दल लगभग एक माह से इस परेड के लिए नई दिल्ली में अभ्यास कर रहा है। सूत्रधार कला संगम कुल्लू के इस 15 सदस्यीय दल में कार्यकारिणी सदस्य एवं कलाकार सनी के नेतृत्व में कुनाल कौशल, पवन, हिमांश दत्त, रोहित ठाकुर, गौरव, रजनीश ठाकुर, भास्कर शर्मा, कृष्णा देवी, द्रौपदी ठाकुर, करिश्मा ठाकुर, रीना, तारा देवी, ट्विंकल ठाकुर तथा तान्या शर्मा अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सूत्रधार कला संगम का लोकनृत्य दल अभी हाल हीमें हुए कुल्लू दशहरा-2024 की लोकनृत्य प्रतियोगिता का विजेता दल भी रहा है। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि सूत्रधार कला संगम कुल्लू ने अपने 48 वर्षों के इतिहास में कला संस्कृति के क्षेत्र में कई बार हिमाचल, भारत वर्ष के विभिन्न प्रांतों में तथा विदेशों में अपनी प्रस्तुतियों से अनेक आयामों को स्थापित किया है। इसके साथ ही संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने अवसर प्रदान करने के लिए संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली व प्रदेश भाषा विभाग का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

## न्यूज ब्रीफ

### किसान क्रेडिट वितरण के लिए दिया बेस्ट अवॉर्ड



**अनंत ज्ञान, सोलन।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक हिमाचल प्रदेश की तरफ से शिमला में स्टेट क्रेडिट सेमिनार आयोजित किया गया। इस दौरान जोगिंद्रा सहकारी बैंक के शालाघाट बैंक ब्रांच को घर-घर किसान क्रेडिट वितरण के लिए बेस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया। प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने स्टेट क्रेडिट सेमिनार 2025-26 कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बैंक के चेयरमैन मुकेश शर्मा ने जानकारी दी कि शालाघाट ब्रांच के बैंक मैनेजर ने इस वर्ष क्रेडिट वितरण में घर-घर जाकर अधिक लोगों तक यह ऋण उपलब्ध करवाया, जिसकी नाबार्ड द्वारा प्रशंसा की गई और बेस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### आगामी कार्यक्रमों की बनाई रणनीति



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम केंद्र धुंदन के बूथ चमाकड़ी की अपातकालीन बैठक चमाकड़ी पुल में ग्राम केंद्र अध्यक्ष महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में संगठन को मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति बनाने और मिशन-2027 के लक्ष्य को प्राप्त करने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में संगठन की छवि और बूथ को मजबूत करने के लिए विशेष फैसले लिए गए। इसके अलावा बूथ कमेटी चमाकड़ी पूल ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में सम्मिलित नरेंद्र हाड़ा को बूथ से निष्काषित किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत करने और मिशन-2027 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया।

### धुंदन में मनाई सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सुदेश कुमारी ठाकुर ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नेता जी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है और उनके नारों ने लोगों में देशभक्ति की भावना को उजागर किया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने बच्चों से नेता जी के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील की और कहा कि उनके विचार और कथन आज भी भारतीय जनता के दिलों में बसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमें नेता जी के जीवन और त्याग व बलिदान से सीख लेनी चाहिए और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

# पीलिया के रोगी बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

## जनवरी महीने में अब तक अस्पताल में सामने आए पीलिया के 42 केस, पानी के सैंपल पास

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जनवरी महीने में सोलन अस्पताल में अचानक पीलिया के मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग सहित नगर निगम और जल शक्ति विभाग की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि नगर निगम सोलन और जलशक्ति विभाग की तरफ जांच के लिए पुणे भेजे सैंपल पास हुए हैं। फिर भी स्वास्थ्य विभाग पीलिया के मामलों को लेकर अलर्ट है। बता दें कि जनवरी महीने में अस्पताल में अब तक करीब 42 पीलिया के केस सामने आ चुके हैं। इसमें अधिकतर सोलन के आसपास के हैं।

अस्पताल में कथेड़, बावरा, चंबाघाट, बसाल, कोटलानाला, कलीन और आनंद विहार से पीलिया के रोगी उपचार के लिए आए। नगर निगम की तरफ से जनवरी महीने के शुरू में अश्विन और गिरि पेयजल योजना से मिल रहे पानी के सैंपल जांच को पुणे लैब भेजे थे, जो कि सही पाए गए हैं। ऐसे में प्रश्न उठता है कि शहर में पीलिया की दस्तक किस कारण से हुई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक पीलिया के मामले अलग-अलग जगहों से आ रहे हैं। इसके कारणों का पता लगाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



### नगर निगम ने जारी की एडवाइजरी

शहरवासियों से एहतियातन पानी को उबालकर या फिर फिल्टर कर पीने की अपील की है, ताकि पीलिया जैसी बीमारी पर अंकुश लगाया जा सके। निगम की ओर से इसको लेकर एडवाइजरी भी जारी की गई है। पानी को उबालकर या फिल्टर कर पीने की सलाह दी गई है, ताकि सके व अन्य किसी भी जल जनित बीमारी से बचा जा सके। हालांकि सैंपल पास होना शहरवासियों के लिए भी राहत भरी खबर है। पीलिया के मामले सामने आने के बाद निगम व विभाग की ओर से शहर में की जाने वाली पेयजल सप्लाई के सैंपल भरे गए थे और उन्हें एनआईवी लैब पुणे भिजवाया गया था। इन सैंपलों की रिपोर्ट अब निगम के पास पहुंच गई है, जिसमें भी पानी में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। यह पानी के सैंपल लैब टेस्ट में पास हो गए हैं। सैंपलों के पास होने पर जहां निगम व विभागीय अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।



**सोलन** अस्पताल में कार्यरत जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गगन दीपराज हंस ने बताया कि जनवरी में अस्पताल में रूटीन से अधिक मामले पीलिया के सामने आए हैं। ऐसे में बीमारी के बचाव के लिए लोगों को 20 मिनट तक उबले पानी का ही सेवन करने की सलाह दी है। पीलिया से बचने के लिए बाजार में खुले में रखी खाद्य वस्तुएं खाने से परहेज करें।



**सोलन** शहर में सप्लाई किए जाने वाला पानी स्वच्छ है। लैब में भेजे गए पानी के सैंपल टेस्ट में पास हो गए हैं, जिसकी रिपोर्ट मिल गई है। फिर भी ऐहतियातन लोग पानी को उबालकर या फिर फिल्टर कर ही पीएं।

**एकता काप्टा, कमिश्नर, नगर निगम सोलन।**

### हाइजीन का ख्याल रखने के निर्देश

**निगम** कमिश्नर की ओर से जारी की गाईडलाइन में शहर के लोगों से स्वच्छ पानी व हाइजीन का ख्याल रखने के निर्देश दिए गए हैं। जारी एडवाइजरी में उन्होंने स्पष्ट किया है कि सैंपल की रिपोर्ट सही आने के बावजूद भी लोग पानी को उबाल कर या फिल्टर कर पीएं, स्ट्रीट वेंडर्स व अज्ञात स्रोत से उपलब्ध पानी को न पीएं। खाना बनाने या खाने से पहले अच्छी तरह साबुन से हाथ धोएं, अपने वाटर स्टोरेज टैंक को नियमित तौर पर साफ करवाएं, घर से सही तरीके से गारबेज व पानी की निकासी करें। बिना ढका हुआ व अधपका खाना खाने से बचें, फल व सब्जियों को धोने के बाद ही इस्तेमाल करें। निगम के किसी भी एरिया में पानी के दूषित होने या लीकेज के संबंध में निगम को सूचित करें, अपने परिवार व सोसायटी में स्वच्छ जल के प्रति लोगों को जागरूक करें।

### बाजार में वाहन खड़े करने पर प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ बाजार में यातायात और दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण की समस्या को लेकर राजगढ़ प्रशासन ने सयुंक्त अभियान चलाया। एसडीएम राजगढ़ की अगुवाई में चलाए गए अभियान में पुलिस, लोक निर्माण विभाग, नगर पंचायत और रोड सेफ्टी क्लब के सदस्य शामिल रहे। एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ने बताया कि राजगढ़ बाजार में विकराल होती जा रही ट्रैफिक की समस्या के समाधान के लिए पुलिस विभाग और रोड सेफ्टी क्लब ने मुहीम आरंभ की है और इसके तहत मुख्य बाजार में स्थायी रूप से वाहन खड़े करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसे वाहन चालकों को चेतावनी दी जा रही है और कई दिनों से खड़े वाहनों पर नोटिस लगाए जा रहे हैं। उल्लंघन करने वालो पर कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों द्वारा दुकान से बाहर सड़क तक लगाए सामान से भी राहगीरों को दीक्कतें होती हैं और निरीक्षण के दौरान उन्हें अपना सामान अंदर रखने का आह्वान किया।। डीएसपी राजगढ़ वीसी नेगी ने कहा कि गाड़ियां हटाने में स्थानीय दुकानदारों ने सहयोग किया है और यह मुहीम लगातार जारी रहेगी।

### उपचाराधीन डुमेहर के व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस चौकी पीजीआई चंडीगढ़ से पुलिस थाना अर्की में सूचना दी कि एक व्यक्ति अशोक कुमार पुत्र परस राम निवासी गांव व डाकखाना डुमेहर तहसील अर्की जिला सोलन उम्र 46 वर्ष को गिरने के कारण उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ लाए थे, जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है। इस सूचना पर पुलिस थाना अर्की की पुलिस टीम पीजीआई चंडीगढ़ पहुंची, जहां पर अशोक कुमार उपरोक्त मृत हालत में पाया गया, जिसके पास उसके परिजन भी मौजूद थे। मृतक के परिजनों व अन्य लोगों के बयान लेखबद किए गए।

8 दिसंबर, 2024 को मृतक अपने घर में बने शौचालय में शौच करने के लिए गया था, जहां पर वह फर्श पर गिर गया था, जिस कारण उसके सिर पर चोट लग गई थी, उसके परिवार के सदस्य उसे उपचार के लिए पहले सीएच अर्की ले गए थे, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया था, लेकिन उसकी ज्यादा हालत खराब होने के कारण वहां से भी उसे आगामी उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया।

## दाड़लाघाट में 5 .41 ग्राम चिट्टे सहित दो आरोपी पकड़े

**अनंत ज्ञान, सोलन**



जिला पुलिस की विशेष अन्वेषण ईकाई की टीम थाना दाड़लाघाट क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि बिलासपुर की तरफ से एक गाडी भराड़ीघाट की तरफ आ रही है, जिसमें दो व्यक्ति बैठे हैं, जो हेरोइन/चिट्टा बेचने का काम करते हैं तथा इस समय इनके पास भारी मात्रा में चिट्टा/हेरोइन मौजूद है।

इस सूचना पर विशेष अन्वेषण इकाई की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी कर उपरोक्त गाड़ी को चैक किया तथा उसमें बैठे दो युवकों, जिनके नाम व पते हरीश कुमार पुत्र रती राम निवासी गांव नेरी दसेरन डाकखाना भराड़ीघाट तहसील अर्की जिला सोलन उम्र 20 वर्ष व कुलवंत सिंह पुत्र जोगिंद्र सिंह निवासी गांव दसेरनवाला डाकखाना माराड़ीघाट तहसील अर्की जिला सोलन उम्र 28 वर्ष मालूम हुए उनको 5.41 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना दाड़लाघाट में मामला दर्ज किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान वारदात में संलिप्त गाड़ी को जब्त कर पुलिस द्वारा कब्जा में लिया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जा रहा है। दोनों आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

## एनएच-707 का टिंबी से शिरी क्यारी तक किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन**

राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-707 का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

एसडीएम शिलाई की अध्यक्षता में मोर्थ एसडीओ, तहसीलदार शिलाई, विडियो शिलाई व वन विभाग की संयुक्त कमेटी ने एनएच-707 का टिंबी से शिरी क्यारी तक निरीक्षण किया, जिसमें चौड़ीकरण का कार्य कर रही कंपनी पर समाजसेवी द्वारा लगाए गए कार्य में अनिमितताओं के आरोप की जांच की गई तथा ग्रामीणों की समस्याओं सहित नुकसान का आकलन किया गया। टिंबी के समीप नेरी खड्ड में फेज थ्री का कार्य कर रही है। ईएस इंफ्रा कंपनी की सबलेट रुधनव इंफ्रा कंपनी ने लाखों मीट्रिक टन सड़क पर मलबा डाल दिया है। टीम जब समीक्षा करने पहुंची तो, शिलाई के दौरे पर पहुंचे सूबे के विधायक, प्रदेश में उद्योग मंत्री का काफिला वहां पहुंच एनजीटी टीम को देखकर हर्षवर्धन चौहान ने भी सड़क का जायजा लिया। उद्योग मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में बन रहे डबल लेन सड़क पर पूर्णतया वैज्ञानिक तरीके से काम हो रहा है। डंगे

महज कुछ ही हफ्तों में गिर रहे हैं, मलबे की सही ढंग से डंपिंग न करने से क्षेत्र की जनता को भारी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है, इस विषय पर दिल्ली जाकर चर्चा की जाएगी। केंद्र की सरकार के कार्य में प्रदेश सरकार का कोई कंट्रोल नहीं होता, इसलिए कंपनियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकती, जबकि पूर्व में रही भाजपा सरकार को हर्षवर्धन चौहान एनएच-707 के हर मोड पर कार्य में हो रही बेतरतीबी के लिए कोसते नजर आए। उन्होंने कहा कि एनएच की घटिया कार्यप्रणाली के विषय पर दिल्ली जाकर नितिन गडकरी से चर्चा की जाएगी। एसडीएम की अध्यक्षता में संयुक्त कमेटी ने पैकेज तीन पर जगह-जगह बनाए गए अवैध डंपिंग प्वॉइंट, पहाड़ों की अवैज्ञानिक कटिंग से लाखों बीघा भूमि व रिहायशी घरों को बना खतरा, नालों में फैंके गए सड़क के मलबे से क्षतिग्रस्त सहित बरसात के दौरान खेत-खलियान को हुए भारी नुकसान के लिए एसडीएम शिलाई ने कंपनी को फटकार लगाते हुए एक माह के अंदर सभी कार्य को ठीक करने के आदेश जारी किए।

### पूर्ण करने के लिए कंपनी को दिया गया समय

**एसडीएम** शिलाई ने कहा कि पूरे पैकेज में हुए नुकसान को दर्ज कर लिया गया है, जिसको पूर्ण करने के लिए कंपनी को समय दिया गया है, कार्य की समीक्षा को लेकर फिर से पत्रकारों की उपस्थिति में फोलोअप मीटिंग रखी जाएगी, यदि कंपनी नुकसान की जल्द भरपाई नहीं करती है, तो मामले में एफआईआर दी जाएगी।

### एसोसिएशन का रक्तदान शिविर आज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ऑल केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के 50 वर्ष पूरे होने और एआईओसीडी के अध्यक्ष जेएस शिंदे के 75वें जन्मदिन के अवसर पर सोलन में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जो पूरे भारत में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में लगभग 12,50,000 केमिस्ट सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से भाग लेंगे। यह आयोजन 788 जिलों और 28 राज्यों में आयोजित होग। जिला दवाई विक्रेता संघ सोलन के अध्यक्ष वीरेंद्र सूद और महासचिव विपुल शर्मा ने बताया कि यह आयोजन ब्लड बैंक जोनल हॉस्पिटल सोलन में किया जाएगा। भारत के केमिस्ट देश में अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं और समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करते रहेंगे।

## सोलन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद के चाहवान कार्यक्रमों के बहाने कर रहे शक्ति प्रदर्शन

**प्रेम कश्यप, कंडाघाट**

ब्लॉक कांग्रेस सोलन के अध्यक्ष पद के चयन की प्रक्रिया प्रगति पर है। इसके चलते पिछले दो-तीन महीनों से इस पद के चाहवान सरकार, मंत्रियों पार्टी ओवजर्वर और नेताओं के कार्यक्रमों में अपने समर्थक कार्यकर्ताओं और लोगों की भीड़ दिखाकर शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। हिमाचल में कांग्रेस संगठन की तमाम इकाईयां फिलहाल बर्खास्त हैं।

नई कार्यकारिणी का गठन जारी है। पार्टी के अंदर के सूत्रों की माने, तो इस प्रक्रिया में प्रमुख पदों, जिसमें जिला और ब्लॉक कार्यकारणीयों के अध्यक्ष प्रमुखता से शामिल हैं उनकी घोषणा कभी भी हो सकती है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के साथ जिला और ब्लॉक के अध्यक्ष पद की सीट हॉट मानी जाती है। इसके चलते प्रदेश भर में पार्टी पदों के चाहवान अपनी गोटियां फिट करने में लगे हैं। सोलन ब्लॉक पार्टी अध्यक्ष पद के लिए पार्टी के नेताओं में रस्साकशी चल रही है। विगत दिनों बिलासपुर में आयोजित प्रदेश सरकार के दो साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सोलन से पार्टी के नेताओं और धड़ों ने अलग-अलग ग्रुपों में लोगों को ले जाकर शक्ति प्रदर्शन किया। प्रदेश सचिवालय में लोगों की मांगों को लेकर नेताओं के साथ जा रहे डेप्युटेशन, मंत्रियों और पार्टी नेताओं के क्षेत्र में हो रहे कार्यक्रमों में भीड़ जुटाने के लिए लगे अध्यक्ष पद के चाहवान अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहे है। बहराल सोलन में पार्टी अध्यक्ष पद के लिए आठ से दस नेता कतार में हैं। (अनंत ज्ञान)

## छात्राओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण




**अनंत ज्ञान, नाहन**

बाल विकास परियोजना अधिकारी नाहन ईशाक मोहम्मद ने बताया कि महिला बाल विकास हिप्र के अंतर्गत बाल विकास परियोजना नाहन द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत पुलिस विभाग की सहायता से वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कौलांवाला तथा उच्च कन्या पाठशाला ददाहू में 22 से 24 जनवरी तक किशोरियों के लिए आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में स्कूल की दसवीं से बारहवीं कक्षा की छात्राएं आत्मरक्षा संबंधी तकनीकियों की जानकारी प्राप्त कर आत्मरक्षा के लिए आत्मनिर्भर होने के लिए अग्रसर हैं।

उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय शिविर में प्रतिभागी लड़कियां आत्मरक्षा के लिए विभिन्न तकनीकियों को उत्सुकतापूर्वक सीख रही हैं और उसका अभ्यास कर रही हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में सहायक उपपुलिस अधीक्षक करनेल सिंह, आरक्षी राहुल राणा व संजीव द्वारा प्रतिभागियों को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा विभिन्न प्रकार की तकनीक की जानकारी भी दी जा रही है।

इससे पूर्व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत किशोरियों के लिए तीन दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कालाअंब में किया गया, जिसके माध्यम से 48 बालिकाओं को प्रशिक्षित किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर दिखेगी सिंहटू नृत्य की झलक

**अनंत ज्ञान, नाहन**



गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर सांस्कृतिक परेड में पहली बार हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र की हाटी जनजाति का सिंहटू नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं लोक कलाकार डॉ. जोगेंद्र हाब्बी ने बताया कि 76वें राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में आसरा संस्था पझौता, सिरमौर के कलाकारों की ओर से जिला सिरमौर के हाटी जनजातीय क्षेत्र के सिंहटू नृत्य की झलक प्रस्तुत की जाएगी। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूरे भारत के लगभग सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के पांच हजार से अधिक कलाकार एक ताल स्वर में विभिन्न प्रकार के लोक एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति देंगे। इस प्रदर्शन को संस्कृति मंत्रालय की ओर से 24 जनवरी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज करवाया जाएगा। कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस पर अन्य नृत्यों के साथ सिंहटू के मुख्य आकर्षण शेर को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा रीछ, राल, वनमानुष, पंछी आदि के मुखौटों को अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

## 31 विद्यार्थी राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रतियोगिता में लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में किया विद्यार्थियों को चयनित**

जिला सोलन के 31 विद्यार्थी राज्य स्तरीय बाल विज्ञान मेले में भाग लेंगे। इन विद्यार्थियों का चयन सोलन में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ है, जिसमें खंड स्तर से चयनित हुए 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। हालांकि अभी तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तिथि और जगह निर्धारित नहीं की गई है।

जल्द ही इसे तय किया जाएगा। वहीं, चयनित विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग की ओर से उपमंडल स्तर पर बाल विज्ञान कांग्रेस-2024 का आयोजन किया गया था। इस दौरान सोलन, कसौली, अर्की, कंडाघाट, बद्दी और नालागढ़ में 18 और 19 अक्तूबर को प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामरोड़, जबली, कंडाघाट मानपुरा शिवालिक साइंस खारूणी और बीएल सेंट्रल कुनिहार स्कूल को उमंडलस्तर पर प्रतियोगिता केंद्र बनाया गया था। इस प्रतियोगिता में 2000 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कर भाग लिया था, जिसमें से 250 विद्यार्थियों का चयन जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था।

वहीं, जिलास्तर के बाद अब 31 विद्यार्थियों का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक अमरीष शर्मा ने बताया कि उपमंडल और जिलास्तर पर आयोजित प्रतियोगिता का समापन हो गया है। इस दौरान तीन प्रतियोगिताओं के विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिसमें क्विज, मैथ्स ओलंपियाड और मॉडल शामिल रहा। जिला विज्ञान कांग्रेस जिला स्तर पर क्विज, ओलंपियाड और मॉडल के अतिरिक्त साइंस स्किट प्रतियोगिता में भी स्कूल के बच्चों ने भाग लिया।

**स्वीकृति** प्रदेश की 15 सड़कों को नाबार्ड से करोड़ों की मिली सौगात, शहीद के नाम की लगेगी पट्टिका

## शहीद सुदेश कुमार मार्ग को 3.70 करोड़ की मंजूरी

**अनंत ज्ञान, सोलन/सुबाथू**

प्रदेश की 15 सड़कों को नाबार्ड से करोड़ों की सौगात मिली है। ग्रामीण सड़क परियोजना के तहत सुबाथू के साथ लगती पंचायत शड़ियाना के शहीद सुदेश कुमार मार्ग के लिए 3.70 करोड़ की स्वीकृति मिली है।

नायक सुदेश कुमार वर्ष 2003 में शहीद हुए थे। इसके बाद से मार्ग को पक्का करने के लिए स्थानीय ग्रामीण व शहीद के परिजन लगातार संघर्ष करते रहे। अब 22 वर्षों के बाद इस मार्ग के लिए 3.70 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। पुष्टि करते हुए सुबाथू के एसडीओ साहिल कुमार ने बताया कि शहीद सुदेश कुमार मार्ग के लिए नाबार्ड से 3.70 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने बताया कि इस राशि से शहीद मार्ग पर करीब पांच किलोमीटर तक स्टोन वॉल, पुलिया व मैटलिंग का कार्य सहित शहीद के नाम की पट्टिका लगेगी। इसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू



की जा रही है। पंचायत प्रधान सपना ठाकुर ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सपना पूरा होने की खुशी है। उन्होंने कहा कि प्रधान पद की शपथ लेने के दौरान शहीद मार्ग का कार्य शुरू करवाने का प्रण लिया था, जो अब पूरा होता नजर आ रहा है। शहीद की धर्मपत्नी मंजू बाला को इसकी सूचना मिली, तो उनकी आंखें भर आई। उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज पति की शहादत का पूरा सम्मान मिला है, जब पति शहीद हुए थे, तो बेटी छह माह की थी। अब वह बड़ी हो गई है और हमेशा पिता के नाम से शहीद मार्ग के पक्का होने का इंतजार करते हुए कहती थी कि क्या उनके पिता की कुर्बानी इतनी सस्ती है। आज बेटी को इसकी सूचना मिली तो पूरे परिवार की आंखें नम हो गई। शहीद की माता जमुना देवी ने भी सरकार के इस फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज उनके बेटे को जो सम्मान मिला है, उससे सिर एक बार फिर गर्व से ऊंचा हो गया है।

### छह किलोमीटर का मार्ग होगा पक्का

**ग्राम** पंचायत देवती के तहत शरद से मत्थान सड़क के लिए भी नाबार्ड से करोड़ों की सौगात मिली है। कसौली पंचायतीराज अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने बताया कि इससे पहले तीन गांव के ग्रामीणों को बड़ी मशक्कत से घरेलू सामान घर तक पहुंचाना पड़ता था। नाबार्ड से ग्रामीण मार्ग की स्वीकृति मिलने के बाद अब करीब छह किलोमीटर का मार्ग पक्का होगा। इससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी। स्थानीय ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है।

## राजेश धर्माणी करेंगे जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्रदेश के नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा एवं व्यवसायिक तथा औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में



आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथि होंगे। यह जानकारी डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने दी।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह ठोडो मैदान में आयोजित किया जाएगा। डीसी ने कहा कि मुख्यातिथि सर्वप्रथम प्रातः 10.40 बजे कारगिल शहीद स्मारक पर कृतज्ञ प्रदेश वासियों एवं जिला वासियों की ओर से शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। राजेश धर्माणी तदोपरांत प्रातः 11 बजे ठोडो मैदान में ध्वज फहराएंगे। मुख्यातिथि उसके उपरांत पुलिस तथा गृह रक्षा एवं एनसीसी सहित अन्य टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं अन्य को सम्मानित किया जाएगा। मनमोहन शर्मा ने सोलन निवासियों से आग्रह किया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर बड़ी संख्या में ठोडो मैदान पहुंचे और कार्यक्रम का आनंद उठाएं।

### नाहन में उद्योग मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** 26 जनवरी को नाहन के चौगान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा ध्वजारोहण करने के उपरांत मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी।

## न्यूज ब्रीफ

### 'एक्सिस निफ्टी 500 मोमेंटम 50 इंडेक्स फंड' लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउस में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक्सिस निफ्टी 500 मोमेंटम 50 इंडेक्स फंड पेश किया है, जो निफ्टी 500 मोमेंटम 50 टीआरआई को ट्रैक करने वाला एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है। न्यू फंड ऑफर अवधि 24 जनवरी से 7 फरवरी तक खुली रहेगी और फंड को निफ्टी 500 मोमेंटम 50 टीआरआई के मुकाबले बेंचमार्क किया गया है। लॉन्च के बारे में एक्सिस म्यूचुअल फंड के एमडी और सीईओ, बी गोपकुमार ने कहा कि हम निवेशकों को अभिनव निवेश समाधान प्रदान करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में एक्सिस निफ्टी 500 मोमेंटम 50 इंडेक्स फंड लॉन्च करके उत्साहित हैं।

### केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया नया प्लान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत के अग्रणी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में से एक केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने आधुनिक हेल्थ इंश्योरेंस 'अल्टीमेट केयर' के लॉन्च की घोषणा की है,। केयर इंश्योरेंस की ओर से पेश किया गया यह प्रोडक्ट हेल्थ कवरेज में नए बेंचमार्क स्थापित करेगा। अल्टीमेट केयर ढेरों फायदों के साथ अचानक आने वाली मेडिकल एमरजेंसी को कवर करता है और आपको स्वस्थ्य बने रहने के लिए रिवॉर्ड भी देता है। अल्टीमेट केयर मनीबैक फीचर सहित व्यापक हेल्थ कवरेज के साथ आता है, जहां पॉलिसीहोल्डर को स्वस्थ बने रहने के लिए रिवार्ड दिए जाएंगे।

### अनाज मंडी, दुकानों की नीलामी के लिए बनाई समिति

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अनाज, फल और सब्जी मंडी को सेक्टर 26 से हटाकर सेक्टर 39 में नई जगह पर शिफ्ट करने का काम आखिरकार शुरू हो गया है। पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने नई मंडी में 46 दुकानों की नीलामी को मंजूरी दे दी है। प्रशासक से मंजूरी मिलने के बाद राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने पहले चरण में दुकानों की नीलामी के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति में चंडीगढ़ मार्केट कमेटी के प्रशासक, राज्य



कृषि विपणन बोर्ड के संयुक्त सचिव, सहायक संपदा अधिकारी-1 राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), चंडीगढ़ के तकनीकी निदेशक, शहरी नियोजन विभाग के सहायक नगर नियोजक, राज्य कृषि विपणन बोर्ड के उप-मंडल अभियंता (एसडीई), संपदा कार्यालय (नीलामी शाखा) के अनुभाग अधिकारी और राज्य कृषि विपणन बोर्ड के विधि अधिकारी शामिल हैं। समिति जनता के लिए खुली नीलामी आयोजित करेगी और दुकानों को फ्रीहोल्ड के बजाय 99 साल के लिए लीजहोल्ड के आधार पर आवंटित किया जाएगा। प्रत्येक 120 वर्ग गज की इकाई के लिए आरक्षित मूल्य 3.35 करोड़ रुपए तय किया गया है। कुल 92 दुकानों में से, शेष इकाइयों को चंडीगढ़ एस्टेट नियम, 2007 की शर्तों के अनुसार दूसरे चरण में नीलामी के लिए रखा जाएगा।

### नकली शराब फैक्टरी का किया भंडाफोड़

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** दिल्ली विधानसभा चुनाव माहौल में पानीपत से शराब नकली शराब की तस्करी की जा रही थी। एक सप्ताह में नकली शराब से भरा एक कैंटर खपा दिया जाता था। डेढ़ माह से समालखा में नकली शराब बनाने का यह धंधा चल रहा था। बुधवार रात को सीआईए टू ने इस पूरे धंधे का भंडाफोड़ दिया। एक फैक्टरी में दबिश देकर एक युवक को गिरफ्तार किया गया। इस फैक्टरी से भारी मात्रा में केमिकल, शराब की भरी व खाली बोतलें बरामद की गई। इस पूरे धंधे के मास्टर माइंड अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। सीआईए टू ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है।

### भारत में अब 99.1 करोड़ मतदाता, डाटा जारी




**नई दिल्ली।** भारत में मतदाताओं की संख्या अब 99.1 करोड़ हो गई है, जबकि पिछले साल लोकसभा चुनाव के समय यह संख्या 96.88 करोड़ थी। चुनाव आयोग (ईसी) ने आंकड़ा जारी किया है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पहले जारी एक बयान में, चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची में 18-29 आयु वर्ग के 21.7 करोड़ मतदाता हैं और मतदाता लिंग अनुपात में छह अंकों की वृद्धि हुई है, जो 2024 में 948 से बढ़कर 2025 में 954 हो गया है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को चुनाव आयोग के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसकी स्थापना 1950 में इसी दिन हुई थी।

### दिल्ली, कोलकाता में कोहरे से कई फ्लाइट्स लेट



**नई दिल्ली।** दिल्ली में घने कोहरे की वजह से कई फ्लाइट्स लेट हो गईं। दिल्ली में बुधवार रात को हल्की बारिश हुई, इसी के बाद एक बार फिर ठंड बढ़ गई है। इंदरा गांधी एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली कई फ्लाइट्स को रद्द कर दिया है। वहीं, कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डा पर उड़ान संचालन बाधित रहा, जिसकी वजह से कम से कम 72 उड़ानों की आवाजाही प्रभावित हुई। कोलकाता हवाई अड्डे के निदेशक प्रवत रंजन बेउरिया ने कहा कि कोहरे के कारण 39 उड़ानों के प्रस्थान और 21 के आगमन में देरी हुई, जबकि 12 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया।

### अमेरिका के स्कूल में गोलीबारी, दो की मौत



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य टेनेसी के नैशविले में एक स्कूल में गोलीबारी हुई है। फायरिंग में हमलावर छात्र समेत 2 की मौत हो गई। शूटर ने एक छात्र की हत्या करने के बाद खुद को भी गोली से उड़ा लिया। इस हादसे में एक अन्य छात्र को हल्की चोट आई है। पुलिस ने मृतक की पहचान 16 वर्षीय जोसेलिन कोरिया एस्केलेंटे और शूटर की पहचान 17 वर्षीय सोलोमन हेंडरसन के रूप में की है।

# हरियाणा भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन हुए पूरे

## सीएम नायब सैनी को कम समय में अपनी कुशल कार्यशैली की बदौलत मिली लोकप्रियता

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा की भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के वीरवार को 100 दिन पूरे हुए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 12 मार्च 2024 को विधानसभा में पहली बार बहुमत सिद्ध करने के बाद अपनी हंसमुख और मृदुभाषी शैली के चलते जन-जन में लोकप्रिय हुए हैं। उनका व्यक्तित्व सैलीब्रिटी से भी अधिक प्रदेश के लोगों के दिलों में रचा-बसा है।



हरियाणा गठन के बाद नायब सिंह सैनी प्रदेश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्हें इतने कम समय में अपनी कुशल कार्यशैली की बदौलत लोकप्रियता मिली है, जिसके चलते जनता-जनार्दन ने हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का जनादेश दिया है। 100 दिन के दूसरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री लोगों के दिलों में गहरे तक अमिट छाप छोड़ने में कामयाब हुए हैं।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल भी अपनी मिलनसार प्रवृत्ति के कारण ऐसे ही लोकप्रिय नेता थे। इसी वजह से उन्हें ताऊ की उपाधि से नवाजा गया था। सैनी की हर व्यक्ति से आसानी से मिलने की नायाब कार्यशैली ने उनको राजनीति में अलग मुकाम दिलाया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी मुख्यमंत्री ट्रेंड करते रहते हैं। इसी वजह से उनके फॉलोअर्स भी बढ़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी भी मुख्यमंत्री के सरल व्यक्तित्व के कायल हैं। पीएम मोदी जब भी हरियाणा में किसी बड़े राजनीतिक मंच या अन्य समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होते हैं तो वे अपने संबोधन में अक्सर सीएम सैनी को तीन 'वी' की उपाधि से नवाजते हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि नायब सिंह सैनी विनम्र, विवकेशील व विद्वान व्यक्तित्व के धनी हैं, जिन्होंने इतने कम समय में मुख्यमंत्री के रूप में राजनीतिक लोकप्रियता हासिल की है। (अनंत ज्ञान)

### बिना खर्ची-पर्ची मिल रही नौकरियां हजार

**नायब** सरकार के बारे में अब प्रदेश के लोग कहते हैं कि कथनी-करनी एकै सार, जुल्म रहैया न भ्रष्टाचार, बिना खर्ची-पर्ची मिल रही नौकरियां हजार। विधानसभा चुनाव के दौरान जब हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप-सी के 25 हजार से अधिक अभ्यार्थियों का परिणाम घोषित किया गया तो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वादा किया था कि वे मुख्यमंत्री पद की शपथ बाद में लेंगे पहले युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। 17 अक्तूबर, 2024 को नायब सैनी ने पंचकूला में शपथ लेने से पहले 25 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए, उसके बाद मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

### विपक्ष की प्रवृति को बदलने में सफल रहे सीएम

**यही** नहीं प्रदेश के विपक्ष के कई नेता भी मुख्यमंत्री की कार्यशैली के कायल हैं। आम तौर पर हरियाणा की राजनीति में विपक्ष की परंपरा रही है कि जब भी सत्ताधारी पार्टी के मुख्यमंत्री उनके विधानसभा क्षेत्र में कोई बड़ी रैली में शामिल होने के लिए आते हैं तो वे उसे विफल करने की जुगत में लग जाते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विपक्ष की इस प्रवृत्ति को बदलने में सफल रहे हैं।

### विधायक को अपनी गाड़ी में साथ लाए थे सीएम

**बीते** दिनों सिरसा में मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने शिरकत की थी और इसी कार्यक्रम में प्रोटोकोल के हिसाब से स्थानीय विधायक गोकुल सेतिया को आमंत्रित किया जाना था, लेकिन जब विधायक को जानकारी मिली कि उनका नाम मुख्यमंत्री का स्वागत करने वालों की सूची में नहीं है तो वह वायु सेना हवाई अड्डे से चले गए। इसके बाद मुख्यमंत्री अपनी गाड़ी में सेतिया को बैठाकर समारोह स्थल पर ले गए।

# चंडीगढ़ में पहली बार होगी नवकार मंत्र की गूंज



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) 25 जनवरी को टेगौर थियेटर में ट्राईसिटी के जैन समाज के लिए एक बड़े और पहले कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। इस कार्यक्रम में 'जैन नवकार मंत्र' की गूंज सुनाई देगी।

कार्यक्रम में इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर डॉक्टर अमरेश मेहता अपने स्पीच से लोगों को प्रेरित करेंगे और 'जैन नवकार मंत्र' की पावर से अवगत कराएंगे। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। जीतो, चंडीगढ़ चैप्टर के चेयरमैन लोकेश जैन ने बताया कि जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन, संपूर्ण जैन समाज की एक विश्वस्तरीय संस्था है। यह संस्था जैन समुदाय के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है। जीतो भारत में अपने विशाल 74 चैप्टर्स के नेटवर्क एवं विश्व के अन्य 33 देशों में 50 हजार से भी ज्यादा सदस्यों के सहयोग से कार्यरत है। संस्था अपने विभिन्न प्रोजेक्ट्स के जरिये समाज के हर व्यक्ति तक लाभ पहुंचा रही है। जीतो में जैन समुदाय का कोई विशेष वर्ग न होकर तमाम जैन समुदाय सम्मिलित है जो कि जैन समुदाय के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है।

चंडीगढ़ चैप्टर के वाइस चेयरमैन धर्म बहादुर जैन ने बताया कि इसी दिशा में चंडीगढ़ चैप्टर द्वारा सेक्टर 18 स्थित टैगोर थिएटर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ट्राईसिटी से 1000 से अधिक जैन समुदाय के लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

# सीबीआई ने अपने डीएसपी को उनकी अपनी आवाज का नमूना उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने डीएसपी बलबीर सिंह को उनकी आवाज का नमूना उपलब्ध कराने के निर्देश जारी करने के लिए एक अदालत में आवेदन दायर किया है।

सीबीआई ने हिमाचल प्रदेश में कथित छात्रवृत्ति घोटाले में बलबीर को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने दावा किया कि आरोपी ने 14 दिसंबर को होटल ललित में एक बैठक की मध्यस्थता की थी और 55 लाख रुपए की रिश्वत के लिए बातचीत की थी। उसने मामले में अन्य आरोपियों को एरोसिटी रोड, जीरकपुर के पास यह रकम पहुंचाने में भी मदद की थी। रिश्वत देने से ठीक पहले शिकायतकर्ता के साथ उसकी टेलीफोन पर हुई बातचीत की दो रिकॉर्डिंग मौजूद हैं।

सीबीआई ने कहा कि ट्रैप कार्यवाही के दौरान आरोपी व्यक्तियों की आवाजें रिकॉर्ड की गई थीं। इन रिकॉर्डिंग में मौजूद आवाजों की पहचान स्थापित करने के लिए नमूना आवाज रिकॉर्डिंग की जरूरत थी।

सीबीआई ने कहा कि निष्पक्ष जांच के लिए आरोपियों को जरूरी जानकारी दी गई थी, लेकिन आरोपियों ने जानबूझकर नमूना देने से इनकार कर दिया। हालांकि, आरोपियों के वकील पीके डोगरा और विनोद शर्मा ने आरोपों से इनकार किया। उन्होंने कहा कि डीएसपी ने छात्रवृत्ति घोटाले की जांच में शिकायतकर्ता के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था और उसे मामले में झूठा फंसाया गया था। बलबीर और विशाल दीप को बुधवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 3 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# भारतीय डॉक्टर सीमित संसाधनों में भी दुनिया को दे सकते हैं नई दिशा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नाक के रास्ते विशाल ट्यूमर हटाने का करिश्मा पहला मामला एक एक्रोमेगली से पीड़ित मरीज का था, जिसके नाक में विशाल पिट्यूटरी ट्यूमर था, जिसे हटाना अत्यंत चुनौतीपूर्ण था। प्रोफेसर धंडापानी, डॉ. सुशांत साहू और ईएनटी विशेषज्ञ प्रो. रिजुनीता की टीम ने एंडोस्कोपी और नेविगेशन तकनीक का उपयोग करते हुए मरीज की नाक में हड्डी के अंदर एक सुरंग बनाई और ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटा दिया।



वहीं, दूसरा मामला एक 16 महीने के बच्चे का था, जिसका सिर में बड़ा क्रैनियोफैरिंजिओमा ट्यूमर था। इस स्थिति में ऑपरेशन करना अत्यंत जोखिमपूर्ण था, लेकिन पीजीआईएमईआर की टीम ने माइक्रो इंस्ट्रूमेंट्स और छोटे एंडोस्कोप का इस्तेमाल करके इस असंभव कार्य को सफलता पूर्वक अंजाम दिया।

तीसरे मामले में एक मरीज की रीढ़ की हड्डी में गंभीर डिसलोकेशन था, जिससे लकवे का खतरा था। परंपरागत सर्जरी में बड़े चीरे और लंबी रिकवरी की आवश्यकता थी, लेकिन प्रोफेसर धंडापानी और उनकी टीम ने ओ-आर्म तकनीक और पर्कुटेनियस स्क्रू का उपयोग करके बिना बड़े चीरे के रीढ़ की हड्डी को स्थिर कर दिया।

इन तीनों मामलों ने यह साबित कर दिया कि भारतीय डॉक्टर सीमित संसाधनों में भी दुनिया को नई दिशा दे सकते हैं। प्रोफेसर धंडापानी ने कहा कि यह सफलता टीमवर्क और नवीन तकनीकों के प्रति हमारे विश्वास का नतीजा है।

## देश-विदेश

# भारत, अमेरिका और पश्चिम एशिया जोड़ेंगे 100 गीगावॉट सौर क्षमता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत, अमेरिका और पश्चिम एशिया मिलकर 2025 में 100 गीगावॉट सौर क्षमता जोड़ सकते हैं। वुड मैकेंजी की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर दो साल तक सौर पैनल के अधिक संख्या में उपलब्ध होने से इसकी कीमतें कम रहने के बाद इस वर्ष मॉड्यूल की कीमतों में भी वृद्धि होगी।



इससे विनिर्माताओं के मुनाफे में होने वाली भारी हानि की भरपाई हो सकेगी। अनुसंधान एवं परामर्श कंपनी वुड मैकेंजी ने कहा कि भारत, अमेरिका और पश्चिम एशिया पूर्व के उभरते केंद्रों से वैश्विक सौर विनिर्माण क्षमता में कम से कम 100 गीगावाट की वृद्धि के आसार हैं। रिपोर्ट में कहा कि चीन प्रमुख विनिर्माण केंद्र बना रहेगा। चीन प्रमुख मॉड्यूल घटकों के लिए वैश्विक परिचालन क्षमता के 75 प्रतिशत (1.2 टेरावाट) के साथ विश्व का सौर विनिर्माण केंद्र बना रहेगा। भारत में डेवलपर और विनिर्माता घरेलू मॉड्यूल और 'अपस्ट्रीम' घटकों की उच्च लागत से जूझ रहे हैं और नीतियां परियोजना की समयसीमा तथा आर्थिक व्यवहार्यता को प्रभावित करती हैं, जिससे 2024 में देखी जाने वाली वृद्धि में बाधा आने का अनुमान है।

### सूडान में हिंसा: सोशल मीडिया पर लगाया प्रतिबंध

**जूबा।** सूडान में दक्षिण सूडानी नागरिकों के खिलाफ जारी हिंसा से संबंधित वीडियो सामग्री के प्रसार पर चिंताओं का हवाला देते हुए दक्षिण सूडान के अधिकारियों ने दूरसंचार विभाग को 30 दिन के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाने का आदेश दिया। राष्ट्रीय संचार प्राधिकरण (एनसीए) की ओर से दूरसंचार कंपनियों को दिए गए निर्देश के अनुसार अस्थायी प्रतिबंध वीरवार आधी रात से लागू हो जाएगा। इसे 90 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है। निर्देश में इस बात पर जोर दिया गया है कि जनता की सुरक्षा के लिए यह कदम आवश्यक है। एनसीए ने कहा कि स्थिति नियंत्रित होते ही प्रतिबंध हटाया जा सकता है।

# पांच साल में दिल्ली से बेरोजगारी दूर करने पर होगा काम: केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए दो सप्ताह से भी कम समय शेष है और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अगले पांच साल के भीतर राष्ट्रीय राजधानी में बेरोजगारी को खत्म करने का संकल्प जताया।



केजरीवाल ने वीडियो संदेश में रोजगार पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता हमारे युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना होगी। हमारी टीम बेरोजगारी के मुद्दे को हल करने के लिए एक विस्तृत योजना का मसौदा तैयार कर रही है। केजरीवाल ने दावा किया कि पंजाब में 'आप' सरकार ने दो साल से भी कम समय में 48,000 सरकारी नौकरियां प्रदान कीं और युवाओं के लिए तीन लाख से अधिक निजी क्षेत्र की नौकरियों की सुविधा प्रदान की। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि रोजगार कैसे पैदा किया जाता है और हमारे इरादे नेक हैं। लोगों के समर्थन से हम अगले पांच साल में दिल्ली से बेरोजगारी खत्म कर देंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान पांच फरवरी को होना है और नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे। 'आप' दिल्ली में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश में है, लेकिन उसे भारतीय जनता पार्टी से कड़ी टक्कर मिल रही है।

# दिल्ली 'झूठे प्रचार का मॉडल' नहीं, जनता मांग रही शीला दीक्षित का 'विकास मॉडल': राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 'आप' के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और दावा किया कि अब राष्ट्रीय राजधानी की जनता इन दोनों नेताओं का 'झूठे प्रचार का मॉडल' नहीं, बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का 'विकास मॉडल' मांग रही है।

उन्होंने अपने व्हाट्सऐप चैनल पर दिल्ली से जुड़े कुछ मुद्दों का उल्लेख करते हुए एक पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि खराब निर्माण कार्य, गंदगी, महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार, दिल्ली की सच्चाई जनता के सामने है। दिल्ली अब मोदी और केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल नहीं, शीला दीक्षित का वही सच्चा विकास मॉडल मांग रही है। कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए एक 'थीम सांग' जारी किया।

# भारत वैध दस्तावेज के बिना रह रहे भारतीयों की वैध वापसी के लिए हमेशा तैयार: जयशंकर

**एजेंसी, वाशिंगटन**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत वैध दस्तावेज के बिना रह रहे भारतीयों की वैध वापसी के लिए हमेशा से तैयार रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अब भी अमेरिका से उन लोगों के सत्यापन की प्रक्रिया में है, जिन्हें भारत भेजा जा सकता है और ऐसे व्यक्तियों की संख्या अभी निर्धारित नहीं की जा सकती है। जयशंकर ने भारतीय पत्रकारों के समूह से कहा कि एक सरकार के रूप में हम स्पष्ट रूप से (लोगों की) वैध आवाजाही के बड़े समर्थक हैं, क्योंकि हम वैश्विक कार्यबल में विश्वास करते हैं। हम चाहते हैं कि भारतीय प्रतिभा और भारतीय कौशल को वैश्विक स्तर पर अधिकतम अवसर मिले। साथ ही, हम अवैध आवाजाही और अवैध प्रवास का भी दृढ़ता से विरोध करते हैं। जब कुछ अवैध होता है, तो कई अन्य अवैध गतिविधियां भी उसके साथ जुड़ जाती हैं, जो ठीक नहीं है।

### धोखाधड़ी मामले में पूर्व विधायक सुभाष गिरफ्तार

**हरदोई (उप्र)।** हरदोई पुलिस ने उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल की बहन और एक अन्य व्यक्ति से धोखाधड़ी के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक सुभाष पासी को गिरफ्तार किया है। हरदोई देहात कोतवाली पुलिस ने पासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, हरदोई के रेलवेगंज के निवासी प्रकाश चंद्र गुप्ता ने 10 अक्तूबर 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी। गुप्ता ने आरोप लगाया कि मूल रूप से गाजीपुर के निवासी और मुंबई के जुहू चर्च इलाके में रहने वाले सुभाष पासी ने एक परिचित अक्षय अग्रवाल के जरिए उनसे संपर्क किया। गुप्ता ने कहा कि पासी ने अपनी पत्नी रीना के साथ मिलकर मुंबई के आरामनगर में एक फ्लैट 2.5 करोड़ रुपए में बेचने की पेशकश की।

# पहली फरवरी से महंगी हो जाएंगी मारुति सुजुकी की गाड़ियां

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**ऑटोमोबाइल** कंपनी मारुति सुजुकी 1 फरवरी से अपने अलग-अलग मॉडल की कीमतों में 32,500 रुपए तक बढ़ाने जा रही है। कंपनी ने वीरवार को बताया कि इस कदम से कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी के असर को कुछ हद तक कम कम करने में मदद मिलेगी।



मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और परिचालन व्यय के कारण कंपनी 1 फरवरी, 2025 से कार की कीमतें बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि कंपनी लागत को अनुकूल बनाने और ग्राहकों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, फिर भी हम बढ़े हुए खर्चों का कुछ हिस्सा बाजार पर डालने के लिए मजबूर हैं। इस फैसलों से मारुति सुजुकी की कॉम्पैक्ट कार सेलेरियो का एक्स-शोरूम प्राइस 32,500 रुपए तक बढ़ जाएगा, जबकि प्रीमियम मॉडल इनविक्टो की कीमत में 30,000 रुपये तक बढ़ जाएगी। कंपनी का सबसे लोकप्रिय मॉडल वैगन-आर का प्राइस 15,000 रुपए, जबकि स्विफ्ट की कीमत 5,000 रुपए तक बढ़ जाएगी।

### ईडी की प. बंगाल में कई जगहों पर छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वीरवार को पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर छापेमारी और तलाशी शुरू की। ईडी की टीम ने ज्यादातर कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में छापेमारी की। छापेमारी राज्य से संचालित एक कॉल सेंटर-सह-क्रिप्टो करंसी रैकेट के संबंध में की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में ईडी अधिकारियों की विभिन्न टीमें कोलकाता और उसके आसपास के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चला रही हैं। सूत्रों के अनुसार, यह विशेष रैकेट फर्जी कॉल सेंटरों के माध्यम से सॉफ्टवेयर से संबंधित सेवाएं देने के बहाने विदेशों में रहने वाले लोगों को धोखा देने और उसके बाद क्रिप्टो करंसी के रूप में एकत्र की गई राशि को विदेश में भेजने में शामिल था।

# सेंसेक्स 115 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी तेजी

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में वीरवार को बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स 115 अंक की तेजी के साथ 76,520 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 50 अंक की बढ़त रही। यह 23,205 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली। आईटी और ऑटो शेयर्स में बढ़त रही। वहीं एफएमसीजी और बैंकिंग शेयर्स में गिरावट देखने को मिली।




स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेम का शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर 33.3 फीसदी प्रीमियम के साथ 120 रुपए पर लिस्ट हुआ। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.79 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 0.51 फीसदी की तेजी रही। कोरिया के कोस्पी में 1.24 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। एनएसई के डाटा के अनुसार विदेशी निवेशकों ने 4,026 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 3,640 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। अमेरिका का डाओ जोंस 0.30 फीसदी की तेजी के साथ 44,156 पर बंद हुआ। डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड का आईपीओ का दूसरा दिन है। निवेशक इस इश्यू में 24 जनवरी तक बोली लगा सकेंगे। 29 जनवरी को कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 220.50 करोड़ जुटाना चाहती है। इसमें 75 लाख नए शेयर जारी किए हैं।

### भारतीय कंपनियों ने 2024 में किया 32 लाख करोड़ का निवेश

**मुंबई।** भारतीय कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से दिसंबर की अवधि में 32 लाख करोड़ रुपए के निवेश का ऐलान किया है। यह पिछले साल के समान अवधि के आंकड़े 23 लाख करोड़ रुपए से 39 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा कि मार्च 2024 तक 13.63 लाख करोड़ रुपए का वर्क-इन-प्रोग्रेस है, जो दिखाता है कि आने वाले वर्षों में तेज विकास देखने को मिलेगा। वित्त वर्ष 23 में सरकारी निवेश जीडीपी के 4.1 प्रतिशत पर पहुंच गया था, जो कि वित्त वर्ष 12 के बाद सबसे अधिक है। वहीं, निजी सेक्टर का निवेश जीडीपी का 11.9 प्रतिशत रहा और यह वित्त वर्ष 16 के बाद सबसे अधिक है। इस साल फरवरी के अंत में आने वाले वित्त वर्ष 24 के प्राथमिक डाटा में निजी सेक्टर का निवेश की जीडीपी का 12.5 प्रतिशत हो सकता है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### वरुण पिछली कुछ सीरीज में हमारे लिए रहे हैं 'गेम-चेंजर': अभिषेक

**एजेंसी, कोलकाता।** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने भारत की इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के शुरुआती मैच में सात विकेट



की जीत में अहम भूमिका निभाई, लेकिन उन्होंने इस जोरदार जीत के लिए स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को अधिक श्रेय दिया और कहा कि वापसी करने के बाद वह टीम के लिए 'गेम-चेंजर' (मैच का पासा पलटने वाला) रहे हैं। पावरप्ले के बाद इंग्लैंड लगभग नौ रन प्रति ओवर की दर से रन बना रहा था,, लेकिन आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले चक्रवर्ती ने एक ओवर में मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने हैरी ब्रुक और लियाम लिविंगस्टोन को तीन गेंदों के अंदर आउट करके मैच को भारत की पकड़ में ला दिया।

### एमसीए ने बनाया क्रिकेट गेंद से सबसे बड़ा वाक्य लिखने का 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने वीरवार को वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद गेंदों का इस्तेमाल करके क्रिकेट बॉल से सबसे बड़ा वाक्य बनाने का 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड हासिल किया। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, ''हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद क्रिकेट गेंदों का उपयोग करके क्रिकेट बॉल से सबसे बड़ा वाक्य 'फिफ्टी इयर्स ऑफ वानखेड़े स्टेडियम' बनाकर 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड हासिल किया है।''

### इरफान पठान ने शमी की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी में देरी को सही ठहराया

**एजेंसी, कोलकाता।** पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि भारतीय टीम के 'थिंक टैंक' ने लंबे समय तक चोट के कारण बाहर



रहने के बाद मोहम्मद शमी की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी में देरी करके यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उन्हें मैदान में नहीं उतारकर सही फैसला किया। भारतीय टीम के साथ अभ्यास सत्र और बंगाल की तरफ से घरेलू क्रिकेट में अपनी फिटनेस साबित करने के बावजूद शमी को बुधवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 मैच के लिए भारत की अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया था। इरफान ने कहा कि शमी अपने शरीर का ईमानदारी से आकलन करने के लिए काफी अनुभवी हैं। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा,'' जब आप बेहद अनुभवी हो और भारत के चोटी के 10 गेंदबाजों में शामिल हो तो आप अपने शरीर की सीमाओं को अच्छी तरह से समझते हैं।'' इरफान ने कहा, ''शमी ने हमेशा अपनी स्थिति के बारे में टीम प्रबंधन को पूरी ईमानदारी से अवगत कराया तथा यह फैसला आपसी सहमति से लिया गया।

### चार्ली डीन की खूबसूरत अदा

**इंग्लैंड।** चार्ली डीन इंग्लैंड की क्रिकेटर हैं जो वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय टीम के लिए सभी प्रारूप में खेलती हैं। एक ऑलराउंडर, यह दाएं हाथ की बल्लेबाज और ऑफ ब्रेक गेंदबाज हैं। यह बहुत ही कुशल क्षेत्ररक्षण के लिए भी जानी जाती है।



# रणजी ट्रॉफी में भी फ्लॉप टीम इंडिया के धुरंधर बल्लेबाज

## रोहित शर्मा, ऋषभ पंत, जायसवाल और गिल सस्ते में हुए आउट



**एजेंसी, मुंबई**

रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और शुभमन गिल जैसे स्टार भारतीय खिलाड़ियों की रणजी ट्रॉफी में वापसी निराशाजनक रही और वे वीरवार को अपनी-अपनी टीमों से खेलते हुए सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौटे। ऑस्ट्रेलिया में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित अगले महीने शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपने नाम पर कुछ रन लिखवाना चाहते थे, लेकिन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुंबई की पहली पारी में ऐसा नहीं हो पाया। रोहित केवल तीन रन बनाकर आउट हो गए।

**रोहित शर्मा के फेल होने पर भड़के फैंस**

रोहित ने तेज गेंदबाज उमर नजीर मीर की गेंद को पुल करने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर मिड ऑफ पर खड़े जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा के सुरक्षित हाथों में चली गई। भारतीय टीम में उनके साथी सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल भी केवल चार रन बना पाए। जायसवाल को जम्मू कश्मीर के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने पगबाधा आउट किया। उमर ने मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे (12) को भी पवेलियन भेजा। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल किए गए श्रेयस अय्यर भी केवल 11 रन बना पाए। उन्होंने तेज गेंदबाज युद्धवीर सिंह की गेंद पर मिड ऑन पर कैच थमाया। लंबे समय बाद दिल्ली की तरफ से रणजी ट्रॉफी में खेल रहे पंत राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ 10 गेंद पर केवल एक रन बना पाए। उन्हें बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने आउट किया। भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी सौराष्ट्र की तरफ से खेल रहे हैं।

बेंगलुरु में पंजाब और कर्नाटक के बीच खेले जा रहे मैच में गिल केवल चार रन बना पाए। उन्होंने पंजाब की पारी के चौथे ओवर में अभिलाष शेट्टी की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दिया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद फिट होने की स्थिति में सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है। इसके बाद ही इन खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी टीमों के लिए खुद को उपलब्ध रखा।

### महाराष्ट्र के अंकित बावने पर एक मैच का निलंबन

**एजेंसी, पुणे।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने महाराष्ट्र के बल्लेबाज अंकित बावने पर पिछले साल रणजी ट्रॉफी मैच में मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ असहमति जताने पर एक मैच का निलंबन लगाया जिसके कारण वह बड़ौदा के खिलाफ नासिक में चल रहे मैच में नहीं खेल पाए। बीसीसीआई ने महाराष्ट्र की टीम को नासिक के गोल्फ क्लब मैदान में इस फैसले की सूचना दी जहां वह ग्रुप-ए का रणजी मैच खेल रही है। यह घटना पिछले साल नवंबर में एमसीए मैदान पर हुई थी जहां अमित शुक्ला की गेंद पर सेना के शुभम रोहिल्ला द्वारा स्लिप में कैच लिए जाने के बाद बावने मैदान पर अपनी क्रीज पर डटे रहे थे। डीआरएस की अनुपलब्धता के कारण फैसले को चुनौती नहीं दिए जाने के कारण बावने ने करीब 15 मिनट तक मैदान छोड़ने से इनकार कर दिया। मैच रेफरी अमित शर्मा और महाराष्ट्र के कोच सुलक्षण कुलकर्णी के हस्तक्षेप के बाद मैच फिर से शुरू हुआ। एमसीए ने वीरवार को एक विज्ञप्ति में कहा, ''महाराष्ट्र क्रिकेट संघ आधिकारिक तौर पर सूचित करना चाहता है कि हमारे रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी अंकित बावने पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा एक मैच का प्रतिबंध लगा है और वह इसकी सजा भुगत रहे हैं। '' विज्ञप्ति में कहा गया, '' इससे अंकित बावने बड़ौदा के खिलाफ चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच में चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

**अंडर-19 महिला विश्व कप**

## भारत ने श्रीलंका को हराकर सुपर सिक्स में की जगह पक्की



**एजेंसी, कुआलालंपुर**

सलामी बल्लेबाज जी तृषा की 49 रन की पारी और तेज गेंदबाजों की नई गेंद से शानदार गेंदबाजी से भारत ने वीरवार को यहां श्रीलंका पर 60 रन की एकतरफा जीत के साथ ग्रुप-ए में शीर्ष पर रहते हुए आईसीसी अंडर-19 टी-20 महिला विश्व कप के सुपर सिक्स में प्रवेश किया।

बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में त्रिशा ने 44 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया, जिससे भारत को नौ विकेट पर 118 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मिथिला विनोद (10 गेंद में 16 रन) और वीजे जोशीथा (नौ गेंद में 14 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाए। इसके बाद तेज गेंदबाज जोशीथा (17 रन पर दो विकेट) और शबनम शकील (नौ रन पर दो विकेट) ने शुरुआती चार ओवर में दो-दो विकेट झटक कर श्रीलंका का स्कोर चार विकेट पर नौ रन कर दिया। अगले ओवर में कप्तान मनुडी नानायककारा के रन आउट होने से उसकी 12 रन तक आधी टीम पवेलियन पहुंच गयी।श्रीलंका की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 58 रन ही बना सकी। भारत ने ग्रुप चरण के अपने अभियान को तीन मैचों में तीन जीत के साथ खत्म किया।

श्रीलंका के लिए रश्मिका सेवांडी (12 गेंद में 15 रन) ही दोहरे अंक में रन बना सकी। वह अच्छी लय में दिख रही थी, लेकिन जरूरी रन रेट को कम करने के लिए पारुणिका सिसोदिया (सात रन पर दो विकेट) की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में मिथिला विनोद को कैच देकर आउट हो गई। आयुषी शुक्ला (13 रन पर एक विकेट) और मलेशिया के खिलाफ पांच रन पर पांच विकेट लेने वाली वैष्णवी शर्मा (चार ओवर में तीन रन पर एक विकेट) ने भी श्रीलंका के बल्लेबाजों को रन बनाने का मौका नहीं दिया।

### माइकल क्लार्क ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल

**एजेंसी, मेलबर्न।** विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क



ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले 64वें खिलाड़ी बन गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वीरवार को इसकी घोषणा की, जबकि बुधवार को इससे संबंधित समारोह सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित किया गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक्स पर लिखा, ''ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क को बधाई।''

## भारत में **स्पिन खेलना** बड़ी चुनौती : बटलर

**एजेंसी, कोलकाता**

इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने यहां पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के खिलाफ सात विकेट से मिली करारी हार के बाद कहा कि भारतीय परिस्थितियों में स्पिनरों को खेलना चुनौती बनी रहेगी और उनके बल्लेबाजों को पांच मैचों की सीरीज में वापसी करने के लिए इससे निपटने का तरीका ढूंढना होगा।



इंग्लैंड की टीम बुधवार को यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई की स्पिन तिकड़ी के सामने 132 रन आउट हो गई। भारत ने केवल 12.5 ओवर में लक्ष्य हासिल करके सीरीज में शुरुआती बढ़त बनाई। बटलर ने कहा, ''हम उस तरह का खेल नहीं खेल पाए जैसा कि खेलना चाहते थे।'' उन्होंने कहा,''हमारे कुछ बल्लेबाज पहली बार उनके कुछ गेंदबाजों का सामना कर रहे थे। उनके प्रदर्शन पर गौर करना अच्छा होगा। हर कोई अच्छा खेलना चाहता है और उन पर दबाव बनाना चाहता है। हम बड़ा स्कोर बनाना चाहते हैं जिसका हम बचाव कर सकें।''

इंग्लैंड के कप्तान ने स्वीकार किया कि स्पिन भारत में लगातार चुनौती बनी रहेगी और उन्होंने अपनी टीम से इससे निपटने के लिए व्यक्तिगत रणनीति तैयार करने का अनुरोध किया। बटलर ने कहा, ''हमारे पास वास्तव में अच्छे खिलाड़ी हैं और हम जानते हैं कि भारत के खिलाफ उन्हें स्पिन का काफी सामना करना पड़ेगा। हमारा मानना है कि हमें प्रत्येक मैच में कम से कम तीन स्पिनर का सामना करना पड़ेगा। हमें उन पर दबाव बनाने के लिए अपनी व्यक्तिगत रणनीति के साथ खेलना होगा।'' हार के बावजूद बटलर ने कहा कि इंग्लैंड क्रिकेट के अपने आक्रामक ब्रांड से नहीं हटेगा जो 2015 से उनकी पहचान रही है।

## मैनचेस्टर सिटी चैंपियंस लीग से बाहर होने के कगार पर, रियाल मैड्रिड जीता

**एजेंसी, लंदन**



मैनचेस्टर सिटी पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) से मिली करारी हार के बाद चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच गया लेकिन रियाल मैड्रिड पर साल्जबर्ग को हराने के बाद अब ऐसा कोई खतरा नहीं है। पीएसजी ने पेरिस में खेले गए मैच में मैनचेस्टर सिटी को 4-2 से पराजित किया। इस जीत के बावजूद पीएसजी पर बाहर होने का खतरा बना हुआ है।

इस टूर्नामेंट में 36 टीम भाग ले रही हैं जिनमें से 24 टीम ही अगले दौर में प्रवेश करेंगी। मैनचेस्टर सिटी अभी 25वें जबकि पीएसजी 22वें स्थान पर है। मैनचेस्टर सिटी को नॉकआउट प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अपने अगले मैच में क्लब ब्रुग को हर हाल में हराना होगा। पीएसजी को भी अगले दौर के मैच में 24वें स्थान पर काबिज स्टटगार्ट पर जीत हासिल करने की जरूरत पड़ेगी। इस बीच पिछले सत्र में रिकॉर्ड 15वां यूरोपीय खिताब जीतने वाले रियाल मैड्रिड ने नॉकआउट चरण में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। बुधवार को खेले गए मैच से पहले रियाल मैड्रिड 22वें स्थान पर था लेकिन साल्जबर्ग को 5-1 से हराकर वह 16वें स्थान पर पहुंच गया। आर्सेनल और इंटर मिलन अपने-अपने मैच जीतकर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। लिवरपूल और बार्सिलोना पहले दो स्थान पर काबिज हैं। आर्सेनल ने डिनामो जाग्रेब को 3-0 से और इंटर ने स्पार्टा प्राग को 1-0 हराया। इससे दोनों के 16 अंक हो गए, जो नौवें स्थान पर मौजूद एस्टन विला से तीन अंक आगे है।

## लक्ष्य सेन इंडोनेशिया मास्टर्स से बाहर

**एजेंसी, जकार्ता**



भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन का अंतरराष्ट्रीय सर्किट में संघर्ष जारी है और वह बृहस्पतिवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापान के केंटा निशिमोटो से हारकर बाहर हो गए। भारत के 10वीं रैंकिंग के खिलाड़ी लक्ष्य को निशिमोटो से 16-21 21-12 21-23 से पराजय मिली।

इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को भी दूसरे दौर में हार का मुंह देखना पड़ा। इस भारतीय जोड़ी को बढ़त बनाने के बावजूद मलेशिया के पांग रोन हू और सु यिन चेंग की जोड़ी से 21-18 15-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सेन ने मैच में खराब शुरुआत की और पहला गेम गंवा बैठे। उन्होंने दूसरा गेम जीत कर अच्छी वापसी की लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

## गुकेश बने भारत के नंबर वन शतरंज खिलाड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपने नाम पर नित नई उपलब्धियां दर्ज करने का क्रम जारी रखा है और वह वीरवार को फिडे (विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था) की नवीनतम रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचकर अर्जुन एरिगैसी की जगह भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन गए।

**विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे**



इस 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने नीदरलैंड के विज्क आन जी में चल रहे टाटा स्टील टूर्नामेंट में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। टूर्नामेंट में यह उनकी दूसरी जीत थी। हाल में भारत के सर्वोच्च खेल पुरस्कार ध्यान चंद खेल रत्न को प्राप्त करने वाले गुकेश के अब 2784 रेटिंग अंक हो गए हैं, जबकि पिछले कुछ समय से भारत के नंबर एक खिलाड़ी रहे एरिगैसी 2779.5 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन 2832.5 अंकों के साथ निर्विवाद रूप से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं।

### विश्व चैंपियन गुकेश ने टाटा शतरंज में कीमर को हराया

**नीदरलैंड।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपनी समझ बूझ और तकनीकी खेल का शानदार नमूना पेश करते हुए टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर अपने अंकों की संख्या 3.5 अंक तक पहुंचा दी। इस प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत से यह भारतीय खिलाड़ी लाइव रेटिंग में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गया। उन्होंने हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पीछे छोड़ा, जिन्होंने लियोन ल्यूक मेंडोंका के साथ ड्रॉ खेला था। टूर्नामेंट में अभी आठ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है। गुकेश दो जीत और तीन ड्रॉ के साथ हमवतन आर प्रज्ञाननंदा और उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से पीछे संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।

